लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -178, पृष्ठ 16+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 18 फरवरी 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 26.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 44 सूर्यास्त 18 : 02



घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश......15

# गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- चयन समिति ने किया 58वें पुरस्कार की घोषणा



रामभद्राचार्य



गुलजार

प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 : कल 14 हजार परियोजनाएं उतरेंगी जमीन पर

## 34 लाख रोजगार की नींव होगी पक्की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## 10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे दुनियाभर के तीन हजार प्रतिभागी



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

- प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे जाने-माने उद्योगपति, 500 कंपनियां, बरेली से 99 निवेशक

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ देश-दुनिया के दिग्गज निवेशकों, नामी-गिरामी हस्तियों का स्वागत करने को पलक-पांवड़े बिछा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशी-विदेशी आगंतुकों की मेहमाननवाजी का एक और भव्य उदाहरण इतिहास में दर्ज होने को है। 19-21 फरवरी के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) के विविध आयोजन होने हैं। इसमें दुनिया भर के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे। अकेले बरेली से 99 निवेशकों को न्योता दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगुवाई में तमाम वीआईपी यहां मौजूद होंगे। इनमें जाने-माने उद्योगपति, देशी-विदेशी 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक भागीदार ही नहीं राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल रहेंगे। इस आयोजन से 34 लाख रोजगार के अवसरों के लिए नींव मजबूत की जाएगी। साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इनमें अयोध्या समेत पूर्वांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड की तमाम परियोजनाएं होंगी। दरअसल, पिछले साल 10 से 12 फरवरी के बीच यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इसके मात्र एक साल के अंदर राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है।

### मुख्यमंत्री योगी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जीबीसी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिर गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों के बाबत जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य विशिष्ट मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण भी किया।

### उप्र. इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक दिखेगी

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आयोजन में प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उप्र. की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक देख सकेंगे। भविष्य में फिल्ममेकर्स को एक ही छत के नीचे फिल्म निर्माण का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है। यहां एकसाथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। पहली झलक में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को प्रदर्शित किया जाएगा।

# पुलिस भर्ती में 25 जिलों से सेंधमारी 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

## गुरुवार से शनिवार तक कार्रवाई में मुखबिर और बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट से मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### 10 लाख रुपये में लिया परीक्षा पास कराने का ठेका, बरेली से चार गिरफ्तार

10 लाख रुपये में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को एसटीएफ ने बरेली के भमोरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगरा में पुलिस ने पहली पाली की परीक्षा के बाद 11 सॉल्वर पकड़े। इनमें दो पुलिसकर्मी हैं। इनकी बायोमेट्रिक मैच नहीं हुई। हाथरस में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस भर्ती के 46 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के 36 प्रवेश पत्र बरामद किए गए।

- एसटीएफ और जिला पुलिस की कार्रवाई में डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद

**अमृत विचार :** प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा, पुलिस भर्ती को बेदाग संपन्न कराने में एसटीएफ और पुलिस महकमा कई दिनों से सक्रिय है। वहीं दूसरी ओर सॉल्वर गैंग और फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने वाले जालसाज भी अपने स्तर से सेंधमारी में लगे हैं। शह-मात के इस खेल में फिलहाल एसटीएफ और जिला पुलिस कामयाब हैं।

शनिवार और रविवार को होने वाली सीधी भर्ती की इस परीक्षा में 15 से 17 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे तक 24 जिलों में कुल 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार किए गए हैं। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद होने की खबर है। पहले दिन डीजीपी प्रशांत कुमार ने खुद लखनऊ में इंतजाम का जायजा लिया।

एसटीएफ और जिला पुलिस की तीन दिन की इस कार्रवाई में एक तरफ जहां मुखबिरों ने मदद की, वहीं दूसरी ओर शनिवार को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के दौरान फेस रिकग्निशन और बायोमैट्रिक फ्रिंगर प्रिंट ने सॉल्वरों को बेनकाब किया। गोरखपुर में प्रथम पाली की परीक्षा में इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स बख्शीपुर केंद्र पर दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे अंजनी कुमार को पकड़ा गया। नेवादा बिहार का रहने वाला यह सॉल्वर रेलवे में स्टेशन मास्टर है। वह चिलुआताल निवासी दुर्गेश यादव की जगह पर परीक्षा दे रहा था।

प्रयागराज के झूंसी क्षेत्र में शनिवार को सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ पकड़े गए, जबकि एसटीएफ ने पेपर लीक करने में कैंट से छह को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के पास से ब्लूटूथ डिवाइस के साथ सिमकार्ड रीडर भी मिला। कौशांबी जिले में तीन पकड़े गए हैं। उनके पास से नौ लाख रुपये, लैपटाप, आईकार्ड और फर्जी प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। कानपुर में एसटीएफ और कल्याणपुर पुलिस ने पेपर लीक करने व वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर को बैठाने वाले गिरोह के चार लोगों को अजय अतिरेक कटियार, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार कटियार और नीरज कुमार को पकड़ा। लखनऊ के इंदिरानगर से कुलदीप वर्मा को धरा गया है। सिद्धार्थनगर से भी 9 सॉल्वर पकड़े गए हैं। इसमें ज्यादातर बिहार के रहने वाले हैं।

इसी तरह नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशन कॉलेज परीक्षा केंद्र में शनिवार सुबह प्रथम पाली में परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया सॉल्वर अभिनव उर्फ आलोक को पकड़ा गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह शिवाला कलां क्षेत्र के रहने वाले आशीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था। गाजियाबाद में परीक्षा में ब्लूटूथ का प्रयोग कर नकल कराने वाले गिरोह के चार लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

# गंगा बैराज मार्ग पर हुआ हादसा ▶ स्टंट कर रहे कार सवार नाबालिग ने दवा कारोबारी को कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- नाबालिग व उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा
- दवा कारोबारी साइकिल से जा रहे थे बिठूर स्थित साईं मंदिर

**अमृत विचार :** नवाबगंज थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बिठूर मार्ग पर दोस्त के साथ स्टंट कर रहे नाबालिग कार सवार ने साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू कार गंगा बैराज मार्ग के किनारे बनी दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे नाबालिग और उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क के पीछे गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले निकेश तलाटी (63) का बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि निकेश रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे दो दोस्तों अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज मार्ग होते हुए बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार स्टंट करते हुए चली आ रही थी। अचानक अनियंत्रित हुई कार दवा कारोबारी को रौंदते हुए दीवार से जाकर टकरा गई। कारोबारी गंभीर रूप से लहूलुहान होकर अचेत हो गए। कारोबारी के पीछे साइकिलिंग करते आ दोस्त रवि शास्त्री ने उधर से गुजर रहे एक कार सवार को रुकवाया और कारोबारी को सर्वोदय नगर के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि कार चला रहे इफ्तिखाराबाद अनवरगंज निवासी नाबालिग 11वीं के छात्र और हाईस्कूल पास सूटरगंज, ग्वालटोली निवासी उसके दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# 'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन



**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन मीडिया में आई खबरों के अनुसार पैर में फ्रैक्चर के बाद उत्पन्न चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि सुहानी को सात फरवरी को एम्स में भर्ती कराया गया और 16 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। फरीदाबाद में जन्मी सुहानी, 2016 में एक पहलवान के जीवन पर बनी फिल्म 'दंगल' का प्रमुख चेहरा थीं जो अपनी दोनों बेटियों को कुश्ती में दक्ष बनाता है।

# इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी।

इनसेट-3डीएस मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है।

**न्यूमेरिक्स**

- **19 मिनट** की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा
- **27.5 घंटे** की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण
- **51.7 मी.** लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन



# किसान बोले एमएसपी पर अध्यादेश लाए सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध



पटियाला जिले की शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई पंधेर ने कहा कि जहां तक तौर तरीकों की बात है तो कोई भी अध्यादेश छह माह तक वैध होता है।



बेजार बाजार


अतिक्रमण से संकरी हो गई जनरलगंज बाजार की सड़क। अमृत विचार


फुटपाथ पर अतिक्रमण और सड़क पर पार्किंग से लगता जाम। अमृत विचार

# सौ साल पुरानी जनरलगंज बाजार अतिक्रमण से बेजार

## 1923 में हुआ बाजार का गठन, उत्तर पूर्वी क्षेत्र की सबसे बड़ी कपड़ा बाजार, गोरखपुर, प्रयागराज, बुंदेलखंड जाता है यहां से कपड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वर्ष 1923 में करीब 100 दुकानों के साथ स्थापित हुई जनरलगंज कपड़ा कमेटी में आज करीब तीन हजार दुकानें है, जिनमें रोज 10 करोड़ रुपये का व्यापार होता है। लेकिन इस मशहूर बाजार में दूर दराज के जिलों से आने वाले लोगों को अतिक्रमण व पार्किंग के अभाव में घंटाघर व फूलबाग में गाड़ियां खड़ी करके आना पड़ता है। नौघड़ा बाजार में 10 फिट चौड़ी गलियां अतिक्रमण के कारण संकरी होकर मात्र तीन फिट की बची हैं।


सड़क पर ही चार पहिया वाहन खड़ा करते हैं इलाके के लोग। अमृत विचार

शादी समारोह के लिए कपड़ों की खरीदारी करने के लिए शहरवासियों के मन में सबसे पहला ख्याल जनरलगंज बाजार का आता है। जनरलगंज बाजार साड़ियों, लहंगे, शेरवानी व सूट समेत सभी प्रकार के कपड़ों का सबसे पुराना बाजार होने के साथ प्रदेश का प्रतिष्ठित बाजार है। बादशाहीनाका से शुरू होने वाले बाजार में नौघड़ा, काहूकोठी, रामगंज गलियों में है। रोज करीब पांच हजार ग्राहक बाजार में आते हैं। सहालग व त्योहारों में ग्राहक और बढ़ जाते हैं। जनरलगंज बाजार में गोरखपुर, प्रयागराज, बुंदेलखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तक के व्यापारी कपड़ों की खरीदारी करने आते हैं। रोजाना करोड़ों का व्यापार करने वाली इस बाजार को अतिक्रमण व पार्किंग का दंश खाए जा रहा है। पार्किंग की व्यवस्था न होने से लोग आधी सड़क तक गाड़ियां खड़ी कर चले जाते है, जिससे बाजार में जाम की समस्या बनी रहती है। गलियों में बसे बाजार में दुकानों के बाहर सड़क तक दुकानदार फुटपाथ पर कब्जा किए हुए हैं। जाम के कारण दूसरे जनपदों से आने वाले व्यापारियों ने बाजार में आना काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे व्यापार आधा हो चुका है।

- नौघड़ा, जनरलगंज, काहूकोठी में तीन हजार से अधिक दुकानें

**10** फीट चौड़े रास्ते अब सिर्फ तीन फीट ही बचे

### बादशाहीनाका चौराहा बंद होने से व्यापार प्रभावित

बादशाहीनाका चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने चौराहे को कंक्रीट बैरियर लगाकर बंद कर दिया है, लेकिन समस्या से निजात नहीं मिली। जनरलगंज जाने वाले ग्राहक व व्यापारियों का माल कुली बाजर कट से घूम कर जाते हैं। जिससे कुलीबाजार कट पर भी भीषण जाम लगने लगा है। व्यापारियों के मुताबिक चौराहे से हटिया, मनीराम बगिया, खिलौना बाजार समेंत अन्य बाजारों में माल आसानी से पहुंच जाता था, लेकिन चौराहा बंद होने के बाद लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। व्यपारियों ने बताया कि चौराहा बंद होने से ग्राहकों को काफी लंबा घूम कर आना पड़ता है, जिससे ग्राहक कतराते है। उल्टी दिशा से बाजार की ओर आने वाले ग्राहकों का पुलिस चालान करती है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने चौराहा खोलने का मुद्दा उठाया, जिस पर कुछ दिन के लिए तो कट खोला गया, लेकिन फिर बंद कर दिया गया।

### ............. क्या बोले व्यापारी .............


बाजार में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिस कारण आधी सड़क तक गाड़ियां सड़कों पर खड़ी रहती है। लोडर व ई-रिक्शा बाजार में आने से लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। फुटपाथ पूरी तरह से गायब हो चुके हैं। कई बार अभियान चला, लेकिन समस्या जस की तस बनी है।

**–राजीव प्रकाश अग्रवाल उर्फ टोनी**


बाजार में जर्जर तारों का जाल फैला है। दुकानों पर ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। अक्सर ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट होता रहता है, जिससे बाजार में आगजनी का खतरा मंडराता रहता है। केस्को अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। अतिक्रमण के कारण बाजार में सफाई भी नहीं हो पाती।

**–हर्षित जायसवाल**


बाजार में तीन हजार से अधिक कारोबारी हैं। रोजाना करोड़ो रुपये का कारोबार होता है, लेकिन व्यापारियों की मूलभूत समस्याओं का ध्यान नहीं दिया जाता। बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है, जिस कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। प्रशासन को बाजार के आसपास मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए।

**–दीपक कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधान सचिव, कपड़ा कमेटी**


सबसे बड़ी समस्या बादशाहीनाका चौराहा है, जिसे ट्रैफिक पुलिस ने बेरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया है। चौराहा बंद होने से जाम में निजात मिलना तो दूर, व्यापारियों ने बाजार में आना बंद कर दिया है। चौराहा बंद होने से ग्राहक घूम कर बाजार आने में कतराते है। उल्टी लेन से बाजार में आने से पुलिसकर्मी चालन कर देते हैं।

**–अमित गुप्ता, अध्यक्ष, कपड़ा कमेटी**

### आवारा जानवरों का आतंक

व्यापारियों ने बताया कि बाजार में आवारा जानवरों का भी आंतक है। मवेशी व कुत्ते आए दिन लोगों को शिकार बनाते है। रात में बादशाहीनाका रोड पर मवेशी कब्जा कर लेते है। कई बार रात के अंधेर में वाहन सवार उनकी चपेट में आकर चुटहिल होते है। कई बार मवेशी ग्राहकों को भी अपना शिकार बना चुके है। नगर निगम अफसरों से शिकायत की गई, लेकिन निष्कर्ष कुछ भी नहीं निकला।

बादशाहीनाका चौराहे व कुली बाजार कट का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान समस्याओं से अवगत होकर व्यापारियों से भी बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। चौराहे से बेरीकेडिंग हटाने के लिए ट्रायल किया जाएगा। जाम न लगने पर व्यवस्था सुचारु की जाएगी।

**–सृष्टि सिंह, एसीपी, ट्रैफिक**

# फरार गैंगस्टर के दो साथी हत्थे चढ़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा पुलिस ने देर रात दामोदर नगर से आरोपियों को दबोचा
- आरोपियों के ऊपर घोषित था 25-25 हजार का इनाम

**अमृत विचार।** बर्रा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे गैंगस्टर अजय ठाकुर के दो साथियों के पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों समेत उनकी पैरवी के लिए कथित भाजपा नेता गजेंद्र सिंह राजावत की गिरफ्तारी के लिए भी दबिश दे रही है।

बर्रा के जरौली में बीती 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर ने अपने गुर्गें शिवांश ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, शिवम सोनकर, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा ने मारपीट व पथराव किया था। जिसमें चार लोग घायल हुए थे और एक दर्जन से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हुए थे। पुलिस ने आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर पर 50 हजार रुपये और उसके गुर्गों पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जिसके बाद आरोपियों की पैरवी के लिए कथित भाजपा नेता हनुमंत विहार दीनदयालपुरम निवासी गजेंद्र सिंह राजावत ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के पीआरओ और डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार को फोन कर अभद्रता करते हुए धमकाया था। जिसका आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। आडियो वायरल होने ने के बाद पुलिस कमिश्नर ने अजय ठाकुर पर एक लाख का इनाम किया था। साथ ही पैरवी करने वाले कथित भाजपा नेता गजेंद्र सिंह राजावत पर भी मुकदमा दर्ज किया था। बर्रा पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी शिवांश ठाकुर उर्फ अंश सिसोदिया और शिवम सोनकर उर्फ टोबा शिकारी को शनिवार रात को दामोदर नगर से गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि शिवांश ठाकुर पर हत्या के प्रयास, मारपीट व लूट समेत अन्य धाराओं में आठ मुकदमें है। जबकि शिवम सोनकर मारपीट, हत्या के प्रयास, लूट समेत तीन मुकदमें दर्ज है। हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर समेत अन्य आरोपियों व आलाधिकारियों को धमकाने वाले आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## वायरल वीडियो में दो पर रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक बैंक मैनेजर की पत्नी को लेकर दो महिलाओं ने अभद्र टिप्पणी करते हुए वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित महिला ने कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। कल्याणपुर में रहने वाली एक दंपति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सीटीएस में रहने वाली महिला दो महिलाओं ने एक वीडियो बनाया है जिसमें वह दोनों पीड़ित महिला के चरित्र को लेकर अपशब्द कह रही है। वीडियो में महिला पर सेक्स वर्कर होने जैसे कई आरोप लगाये हैं। अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया गया। उक्त वीडियों के वायरल होने के बाद पीड़िता ने कल्याणपुर थाने में तहरीर दी।


मर्चेंट चैंबर ऑफ यूपी में कार्यशाला में भाग लेते संगठनों के प्रतिनिधि। अमृत विचार


परामर्शदाता अमृता स्वरूप। अमृत विचार

# संस्थानों में यौन उत्पीड़न रोकथाम पर कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मर्चेंट चेंबर ऑफ यूपी और फिक्की की ओर से कार्यक्रम

**अमृत विचार।** मर्चेंट चैंबर ऑफ यूपी और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के संयुक्त तत्वावधान में संस्थानों में यौन उत्पीड़न की रोकथाम प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हेरेसमेंट के नियमों पर शनिवार को कार्यशाला हुई। विशेषज्ञ परामर्शदाता अमृता स्वरूप ने पीओएसएच कानून के दावपेंच व जटिलताओं के साथ यौन उत्पीड़न के खतरों पर प्रकाश डालते हुए व्यावहारिक समाधान भी बताया।

कहा गया कि पीओएसएच लागू होने की व्यावहारिकता संपूर्ण भारत पर लागू है। 10 या उससे अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाली प्रत्येक कंपनी, कार्यस्थल, प्रतिष्ठान पर ये लागू है। चाहे संस्था का आकार कुछ भी हो और वहां महिला कर्मचारी हों या नहीं। सुरक्षित वातावरण के बीच गरिमापूर्ण कार्यस्थल बनाएं। पीओएसएच के तहत सरकारी संगठन, गैर सरकारी संगठनों, निजी अस्पताल, निगम, कंपनियों, घर, फार्म, शैक्षणिक संस्थान, खेल सुविधाएं, अस्पताल, सेवा प्रदाताओं, समितियां आदि सभी आते हैं। डराना, धमकाना, अपमानजनक व्यवहार से किसी महिला के स्वास्थ्य, सुरक्षा पर असर पड़ता है। जिसे ध्यान में रखा जाना चाहिए। कार्यशाला में मुख्य रूप से मानसी लोहिया, प्रिया रहेजा, स्नेहा गुप्ता, आकांक्षा श्रीवास्तव, चैंबर के सचिव महेंद्र नाथ मोदी मौजूद रहे।



गोष्ठी में अपने विचार रखतीं मंच की संयोजक नीलम चतुर्वेदी। अमृत विचार

# महिला मंच ने मांगा सभी क्षेत्रों में 50 फीसद आरक्षण

विशेष संवाददाता, कानपुर

- जन घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने के लिए गोष्ठी

**अमृत विचार।** महिला मंच ने राजनीतिक दलों को सौंपने के लिए जन घोषणा पत्र लोकसभा चुनाव 2024 का मसौदा तैयार किया। इसमें महिला आरक्षण 33 फीसदी के बजाय 50 फीसदी करने की सिफारिश की गइ है। हालांकि महिला मंच की तरफ से 13 सूत्री मांग पत्र बनाया गया पर वक्ताओं ने इसमें संशोधन के भी प्रस्ताव दिए।

जन घोषणा पत्र में विकसित भारत के लिए शिक्षा, स्वास्थ, पर्यावरण, जाति, धर्म, लिंग भेदभाव रहित मानसिकता का वातावरण, महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से निजात पाने के तरीके, खुशहाल किसान मजदूर पर विशेष जोर दिया गया है। शनिवार को मर्चेंट चैंबर हाल में आयोजित गोष्ठी में महिला मंच की संयोजक नीलम चतुर्वेदी ने कहा कि सुझावों के बाद जन घोषणा पत्र को अंतिम रूप दिया जाएगा और 20 फरवरी को दिल्ली में दलों को सौंपा जाएगा। इसे राजनीतिक पार्टियों को सौंपा जाने वाला जनता का मांग पत्र बताया गया। उन्होंने बताया कि खेती-बारी का लगभग 70 फीसदी काम करने वाली महिलाओं की पहचान महिला किसान के रूप में की जाए और उन्हें वाजिब सुविधाएं प्रदान की जाएं।

नीलम चतुर्वेदी ने कहा कि सभी स्तर पर 50 फीसदी आरक्षण दिया जाए। कानूनों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। भूमि और वन अधिकार, बाल अधिकार, दलित, आदिवासी और मुसलमानों के अधिकारों पर विशेष चर्चा की गयी। गोष्ठी की अध्यक्षता डा.आशा त्रिपाठी ने की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अतहर नईम, आलोक मिश्रा, देव कबीर, उषाजी, नीलम रोमिला सिंह ने विचार व्यक्त किए।

## जरौली में बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर जेवर और नकदी की पार

**कानपुर।** जरौली फेस वन में चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बना कर लाखों का माल पार कर दिया। परिवार शादी समारोह में शामिल होने कौशांबी गया था। परिजनों ने मुख्य द्वार का ताला टूटा देख कर मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

बर्रा थानाक्षेत्र के ठाकुर चौराहा निवासी जगदीश कुमार गुप्ता ने बताया कि बीती 12 फरवरी को वह परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए कौशांबी के अझुवा गए थे। 15 फरवरी को वापस लौटे तो देखा मुख्य द्वार का ताला टूटा पड़ा था। कमरे में पहुंचने पर अलमारी का लॉक टूटा हुआ था, जिसमें रखी 35 हजार की नकदी व दो जोड़ी अंगूठी, झुमकी, मंगलसूत्र समेत अन्य जेवरात चोरों ने पार कर दिए थे। जगदीश ने जानकारी डॉयल 112 पर दी। बर्रा इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

चिकित्सकों ने उठाई आवाज

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में आईएपी की मेडिकोलीगल कार्यशाला, डॉक्टरों पर उपभोक्ता फोरम के अलावा दर्ज हो रहे क्रिमिनल मुकदमे

# प्रारंभिक जांच के बाद ही डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज करे पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चिकित्सा व्यवसाय में कानूनी अड़चनें, डॉक्टरों और अस्पतालों पर मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं। डॉक्टरों पर उपभोक्ता फोरम के अलावा क्रिमिनल मुकदमें दर्ज हो रहे हैं, जिससे चिकित्सा जगत आहत है। इलाज के दौरान मृत्यु होने पर गैर-इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज करने की जगह लापरवाही से मृत्यु की धारा में ही मुकदमा दर्ज हो। यह बात आईएपी मेडिकोलीगल चैप्टर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जेके गुप्ता ने कही।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्राचार्य डॉ. संजय काला व अन्य चिकित्सक।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एलटी-1 में शनिवार को मेडिकोलीगल कार्यशाला हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जेके गुप्ता ने बताया कि इलाज के दौरान मरीज की स्थिति बिगड़ने या मृत्यु होने पर डॉक्टरों पर क्रिमिनल केस दर्ज होने और गिरफ्तारी रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जैकब मैथ्यूज बनाम पंजाब राज्य, मार्टिन डिसूजा बनाम मो. अशफाक, लतिका कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य, कुसुम शर्मा बनाम बत्रा हॉस्पिटल के केस में स्पष्ट गाइडलाइन जारी की हैं, जिसमें कहा गया है कि केवल घोर चिकित्सकीय लापरवाही के मामलों में ही डॉक्टरों पर क्रिमिनल मुकदमा दर्ज हो। क्रिमिनल चिकित्सकीय लापरवाही के मुकदमें पुलिस प्रारंभिक जांच के बाद ही दर्ज करे, लापरवाह के मामलों में सीएमओ द्वारा बोर्ड की जांच अनिवार्य हो व दोषी पाए जाने पर ही डॉक्टर पर क्रिमिनल का मुकदमा चले। डॉक्टरों की अनावश्यक गिरफ्तारी न हो।इलाज के दौरान मृत्यु होने पर गैर-इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज करने की जगह लापरवाही से मृत्यु की धारा में ही मुकदमा दर्ज हो। सुप्रीम कोर्ट ने मार्टिन डिसूजा केस में डॉक्टरों की अनावश्यक गिरफ्तारी पर पुलिस के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की भी चेतावनी जारी की है। वहीं, भारतीय संविधान के आर्टिकल 141और 143 के अनुपालन में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सभी निचली अदालतों, सभी विभागों और पुलिस पर बाध्यकारी होता है। यहां मेडिकल कॉलेज प्राचार्य प्रो.संजय काला, उप प्राचार्य प्रो. रिचागिरी, प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.यशवंत राव, डॉ.एसके बर्मन, डॉ.सीमा द्विवेदी आदि रहीं।

### नहीं दर्ज होता मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट का मुकदमा

अटल बिहारी वाजपेई इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल साइंस के डायरेक्टर डॉ. शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि देश के लगभग सभी प्रदेशों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है, जिसमें क्लीनिक व अस्पताल आदि में हिंसा पर तीन साल की कैद और 50 हजार जुर्माने का प्रावधान है। इसके बाद भी पुलिस क्लीनिक और अस्पतालों में तोड़फोड़ पर मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट में मुकदमा दर्ज नहीं करती है। केरल हाईकोर्ट ने डॉक्टरों और अस्पतालों पर हिंसा रोकने के लिए डीजीपी पर जवाबदेही तय की थी। इसकी रोकथाम के लिए सरकार और पुलिस प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए और डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही उनके साथ हिंसा की स्थिति में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के अंतर्गत अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवा कर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करना चाहिए।

**कानपुर नगर निगम**

**निविदा सूचना**

निविदा संख्या–2137/अधि0अभि0/प्रो0/2023–24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2022–23 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2022–23 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:–

1. ई–निविदा पद्धति (टी–2) से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :– 02 दिनांक 27.02.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओ के कार्य का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की वेबसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियंता
नगर निगम कानपुर

नगर आयुक्त
नगर निगम कानपुर

**आज का मौसम**
तेज धूप के बीच हवा बहेगी, बादल भी आ सकते हैं।

26.6⁰ अधिकतम तापमान | 08.4⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 43 | सूर्यास्त 06 : 03

**शहर में आज**

- **समारोह :** 181 कन्याओं का विवाह समारोह सीएसए ग्राउंड में सुबह 10 बजे।
- **बैठक :** लोकसभा चुनाव के संबंध में सपा कार्यालय में पदाधिकारियों के बीच बैठक दोपहर तीन बजे।
- **बैठक :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में कांग्रेस मुख्यालय में बैठक दोपहर 1 :30 बजे।
- **लंगर :** साहिबजादा बाबा अजीत सिंह के जन्मदिवस पर कौशलपुरी ड्रीम वीजन होम्स में शाम छह बजे।
- **पदयात्रा :** कानपुर समग्र विकास मंच की ओर से शहर के विकास को लेकर तिलक नगर से पदयात्रा शाम पांच बजे।

**एक नजर**

### 19 से बारिश के आसार

**कानपुर।** मौसम विभाग की ओर से 19 से दोबारा मौसम बदलने की चेतावनी दी गई है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि नए पश्चिमी विक्षेप के आने से 19 से 21 के बीच बारिश होने की संभावना है। यह बारिश मध्यम व तेज हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 21 के बाद मौसम दोबारा सामान्य होगा। सुबह शाम हल्की धुंध व ठंड रहेगी, जबकि दोपतर को तेज धूप खिलेगी। इस बीच मध्यम से तेज हवाएं चलने की भी आशंका मौसम वैज्ञानिक ने जताई है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने का प्रयास

कानपुर। यूपी पुलिस में सिपाही के पदों के लिए पहले दिन शनिवार को आयोजित हुई परीक्षा में सेंधमारी का जमकर प्रयास हुआ। परीक्षा की शुचिता और पवित्रता बनाए रखने के लिए आला अधिकारियों के साथ पुलिस, खुफिया और एसटीएफ ने साझा अभियान चलाया। कानपुर में पहले दिन पेपर लीक कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी करने और सॉल्वर बनकर परीक्षा देने आए गैंग के सदस्यों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। परीक्षा कड़े पहले में हुई। परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को कड़ी तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया।


ट्रेन में चढ़ने के लिए हुई जमकर धक्का-मुक्की। अमृत विचार

## पेपर लीक कराने में दो ठग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पेपर लीक कराने और साल्व कराने के नाम पर परीक्षार्थियों से की ठगी
- एसटीएफ ने दोनों आरोपियों से बरामद किए 42 प्रवेश पत्र तीसरे युवक की तलाश

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में आरक्षी पद परीक्षा का पेपर लीक कराने और साल्वर के माध्यम से पास कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से धोखाधड़ी कर रुपये ऐंठने वाले दो आरोपियों को कानपुर एसटीएफ ने योगेंद्र विहार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 42 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बरामद किए। हनुमंत विहार पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की।

प्रदेश में शनिवार व रविवार को पुलिस विभाग की आरक्षी पद की परीक्षा आयोजित की गई है। शुक्रवार को एसटीएफ की कानपुर यूनिट को सूचना मिली कि हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के योगेंद्र विहार में कुछ युवक सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करवाने और साल्वर के माध्यम से परीक्षा पास करवाने को लेकर अभ्यर्थियों से मोटी रकम


नितिन तोमर।


सार्थक यादव।

वसूल कर रहे हैं। इस पर देर रात एसटीएफ के सब इंस्पेक्टर राहुल परमार, सिपाही अशोक राजपूत, अरविंद सिंह, सत्यम यादव के साथ गल्ला मंडी पहुंचे। एसटीफ टीम ने योगेंद्र विहार में कुशवाहा टेंट हाउस के पास दो संदिग्ध लोगों को पकड़ा। तलाशी में आरोपियों के पास 42 प्रवेश पत्र और दो मोबाइल बरामद हुए। आरोपियों ने अपने नाम नितिन सिंह तोमर निवासी योगेंद्र विहार खाड़ेपुर, सार्थक सिंह यादव निवासी जूही कलां बताए। आरोपी नितिन गाड़ी चलाने का काम करता है। इससे पहले उसने एम्बुलेंस चालक 102 और 108 में भी अभ्यार्थियों से धोखाधड़ी की थी। इस दौरान उसकी मुलाकात एंबुलेंस चालक हंसराज से हुई, जिसने पुलिस विभाग की आरक्षी परीक्षा के दौरान पेपर लीक कराने और साल्वर के माध्यम से पास करने की बात बोली थी। इसके बाद उन लोगों ने कोचिंग के माडल पेपर व पुराने पेपरों को मिलाकर फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यार्थियों से रुपये ठगने की योजना बनाई। यह लोग अभ्यर्थियों से कुछ रुपये एडवांस ले चुके थे। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि एसटीएफ सब इंस्पेक्टर राहुल परमार की तहरीर पर आरोपी नितिन सिंह, सार्थक सिंह यादव और हंसराज के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। नितिन व सार्थक के फरार साथी की तलाश की जा रही है।

### गुजैनी में दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा था सॉल्वर

**कानपुर।** गुजैनी के पीवीएन पब्लिक इंटर कालेज बर्रा दो में कक्ष परीक्षक ने एक सॉल्वर को पकड़ा। आरोपी दूसरे छात्र की जगह परीक्षा दे रहा था। पुलिस ने बताया कि पुलिस आरक्षी परीक्षा के दौरान पहली पाली में कालेज के कक्ष संख्या एक में कक्ष परीक्षक अजितेश सिंह व अंजना तिवारी ने अभ्यार्थी दीपक कुमार निवासी पैतवास कला थाना चरखी दादरी जिला चरखी दादरी हरियाणा की जगह दूसरा युवक परीक्षा दे रहा था। पुलिस के पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम मोनू निवासी पैतावस कला चरखी दादरी हरियाणा बताया।

### 25,142 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

शनिवार को पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा में पहली पाली में सम्मलित छात्रों की संख्या 56,016 में से 43,874 छात्र उपस्थित रहे और दूसरी शिफ्ट में सम्मलित छात्रों की संख्या 56,016 में 43,016 छात्र उपस्थित रहे। इस दौरान पेपर लीक करने व वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर को बैठाकर परीक्षा दिलवाने वाले कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## दबोचे गए पांच सॉल्वर गैंग सदस्य व मुन्ना भाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस के साथ प्रवेशपत्र, बैंकों की चेकें और शैक्षिक दस्तावेज बरामद

**अमृत विचार।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के पहले दिन शनिवार को एसटीएफ और कल्याणपुर की संयुक्त टीम ने साल्वर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पेपर लीक करने व वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने आए थे। चारों के पास से टीम ने इलेक्ट्रनिक्स डिवाइस, एडमिट कार्ड और अन्य चीजें बरामद की हैं। अब पुलिस दूसरे दिन की परीक्षा को लेकर और अलर्ट हो गई है।

लखनऊ एसटीएफ निरीक्षक दिलीप कुमार तिवारी और कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों सॉल्वर शिवराजपुर के नेवादा सुजान निवासी अजय अतिरेक कटियार व भैसऊ निवासी अनिल कुमार कटियार उर्फ रामजी, कानपुर देहात के सलेमपुर देवीपुर निवासी वीरपाल सिंह उर्फ सीन्टू व थाना डेरापुर के चौकी बिहार निवासी नीरज कुमार हैं। उन्होंने बताया कि सॉल्वर गैंग द्वारा पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों को परीक्षा का पेपर लीक कराने और परीक्षा पास कराने का लालच देकर धन उगाही


कल्याणपुर थाने में मौजूद सॉल्वर गैंग के सदस्य। अमृत विचार

की जाती है। पूर्व में भी यह लोग जेल जा चुके हैं। इनके पास एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, दो कूटरचित मोहरें, चार पुलिस भर्ती परीक्षा एडमिट कार्ड, छह विभिन्न बैंकों की चेक, 14 शैक्षिक प्रमाण पत्र, पांच मोबाइल फोन, चार आधार कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, दो वोटर कार्ड, चार पैन कार्ड, दो एटीएम कार्ड, 24,190 नकद रुपये, एक इंक स्टांप, दो कारें बरामद हुई हैं। इस संबंध में डीसीपी सेंट्रल रामसेवक गौतम ने बताया कि सॉल्वर गैंग के चारों सदस्यों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### ट्रेनों में खिड़कियों से घुसे अभ्यर्थी

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सेंट्रल रेलवे स्टेशन शुक्रवार रात से ही खचाखच भर गया था। स्टेशन के प्लेटफार्म पर पैर धरने तक की जगह नहीं थी। भारी भीड़ से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सेंट्रल पर सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों की सहूलियत के लिए प्रयागराज से 28 दरोगा व 100 सिपाही जिम्मेदारी के लिए लगाए गए थे। लेकिन भीड़ के आगे उनकी एक न चली। सवा दो लाख अभ्यर्थी ट्रेन और बस की मदद से शहर पहुंचे। ट्रेनों के स्लीपर व आरक्षित कोचों में अभ्यर्थी खिड़कियों से ही जगह पाने के लिए घुस गए। कई बार यात्रियों और परीक्षार्थियों में मुहांचाही भी हुई।


परीक्षा देने के बाद प्रश्न पत्र पर चर्चा करतीं अभ्यर्थी। अमृत विचार

### खाना-पानी लेकर आए परिजन

डीजी और डीएवी कॉलेज से परीक्षा छूटने के बाद बाहर निकलीं महिला अभ्यर्थियों के चेहरे पर मुस्कान रही। दूर दराज से आए उनके परिजन अपने साथ खाना पानी साथ लेकर आए थे। कोई पेड़ के नीचे आराम कर रहा था तो कोई अपने वाहन में तो कोई कपड़ा बिछाकर जमीन में सोता नजर आया।

## केंद्रों पर खुफिया का डेरा, बाहर लगा मेला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परीक्षा के पहले दिन हर सेंटर की कंट्रोल रूम से की गई निगरानी
- पुलिस ने तलाशी लेकर अंदर दिया प्रवेश, रात में ही सेंटर पहुंच गए थे अभ्यर्थी

**अमृत विचार।** पुलिस आरक्षी भर्ती में पहले दिन की परीक्षा की दोनों पालियों में आलाधिकारियों ने केंद्रों का लगातार जायजा लिया। एसटीएफ और क्राइम ब्रांच के साथ खुफिया अलर्ट मोड पर रही।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि मुख्य चौराहों पर पुलिस कर्मियों ने परीक्षार्थियों को केंद्रों तक पहुंचने में मदद की। शनिवार को पहले दिन की परीक्षा में 56,016 अभ्यथियों ने परीक्षा दी। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 और शाम 3 से 5 बजे शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दो दिन में कुल 2,24,064 परीक्षा देंगे। 1000 से ज्यादा क्षमता वाले परीक्षा केंद्रों पर एसीपी तैनात रहे। 501 से 1000 तक क्षमता के केंद्रों पर इंस्पेक्टर और 500 तक की क्षमता वाले सेंटरों पर सब इंस्पेक्टर तैनात रहे। सुबह से ही सेंटर के मेन गेट पर मुख्य आरक्षी, दो पुरुष और एक महिला पुलिस कर्मी ने मूल पहचान पत्र देखकर प्रवेश दिया। अभ्यर्थी अपने साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस लेकर आए थे। परीक्षा केंद्र को सीसीटीवी से लैस किया गया था जिसकी मानीटरिंग कंट्रोल रूम से की गई। परीक्षा केंद्र के गेट से पहले पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैलकुलेटर, वॉलेट, चश्मा, टोपी, ज्वैलरी, मोबाइल, पेन ड्राइव, कैमरा पर रोक रही।


अभ्यर्थियों को समझाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार


सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ा अभ्यर्थियों का सैलाब, संभालने में जीआरपी और आरपीएफ को छूटा पसीना। अमृत विचार

### प्लेटफार्म पर पैर रखने की जगह नहीं, ट्रेनों में चढ़ने को मारामारी

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर पहले परीक्षार्थियों के आने फिर शनिवार शाम से घर लौटने को लेकर मारामारी के हालात रहे। इस कारण ट्रेनों के आने पर धक्कामुक्की के हालात रहे। शनिवार को परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों के कारण स्टेशन से हर ट्रेन खचाखच भरकर निकली। पहले दिन की परीक्षा देने के बाद शनिवार को परीक्षार्थियों के वापस जाने का सिलसिला शुरू हुआ तो दूसरे दिन की परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी सेंट्रल पहुंचे। इस कारण जीआरपी और आरपीएफ को भाग-भागकर व्यवस्था व यात्रियों की सुरक्षा की निगरानी करनी पड़ी। शनिवार शाम के समय सेंट्रल पहुंची दिल्ली, झांसी, प्रयागराज, गोरखपुर, इलाहाबाद की ट्रेनें खचाखचा भरकर रवाना हुई। हावड़ा-बीकानेर, महानंदा, 5483, 15484, इलाहाबाद-दिल्ली, 12487 व 12488, 11080 गोरखपुर-झांसी, 12398 महाबोधी आदि समेत दर्जनों ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं रही।

### टीटीआई ने की मारपीट, किया ट्वीट

कानपुर। 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से पुलिस भर्ती की परीक्षा देने आए परीक्षार्थी से मारपीट के मामले में उसके भाई ने पीएम, सीएम समेत रेलवे व पुलिस अधिकारियों को ट्वीट किया है। बिहार के जयनगर निवासी रवि कुमार ने पोस्ट किया है कि उनका भाई पुलिस भर्ती परीक्षा देने कानपुर गया था। उसे टीटीआई केसी नायर ने थप्पड़ मारा। विरोध पर टीटीआई ने गालीगजौज की है। किसी तरह लोगों ने शांत कराया।

### वीआईपी ट्रेनों से परीक्षार्थियों को दूर रखा

कानपुर। कई प्रदेशों से परीक्षा देने आए परीक्षार्थी शनिवार को ट्रेनों के स्लीपर, एसी कोच जहां जगह मिली सवार हो गए। रेलवे प्रशासन ने इस बात पर सख्ती रखी कि परीक्षार्थियों को वीआईपी ट्रेनों में सवार नहीं होने दिया। शनिवार दोपहर वंदे भारत के सेंट्रल पहुंचने पर जीआरपी और आरपीएफ के जवान खड़े हो गए और किसी परीक्षार्थी को ट्रेन पर सवार नहीं होने दिया।

### गोविंदपुर से रवाना हुए परीक्षार्थी

कानपुर। गोविंदपुरी स्टेशन पर प्रभारी निरीक्षक जीएमसी सुरुचि शर्मा के निर्देशन में शनिवार को आरपीएफ व जीआरपी जवानों की मौजूदगी में ट्रेन नंबर 04144, 04103, 11110, 04191 व परीक्षा स्पेशल ट्रेन-एक से वाया टूंडला, इटावा और परीक्षा स्पेशल-ट्रेन दो से वाया झांसी परीक्षार्थियों को रवाना किया गया।

### सेंट्रल पर भिड़े परीक्षार्थी

**कानपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के बीच रात में लेटने को लेकर सेंट्रल पर विवाद हो गया। मारपीट के बाद लोगों ने बीचबचाव किया। फुट ओवरब्रिज समेत पूरे सटेशन परिसर में शुक्रवार रात परीक्षार्थी रुके थे। वहां लेटने को लेकर कई परीक्षार्थी भिड़ गए।

### यातायात अराजकता से चौतरफा लगा जाम

**कानपुर।** शनिवार को परीक्षार्थी जैसे ही पुलिस भर्ती परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर आए शहर की सड़कें जाम हो गईं। सेंट्रल स्टेशन और बस अड्डे की तरफ जाने वाले रास्तों पर घंटों जाम लगा रहा। इससे ऑफिस से छूटे लोग फंस गए। सेंट्रल स्टेशन और झकरकटी बस अड्डे की तरफ जाने वाले मार्ग मुसीबत का सबब बने रहे।

## आउटर से लेकर प्लेटफार्म तक पुलिस का कड़ा पहरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीआईजी जीआरपी ने सेंट्रल स्टेशन का किया निरीक्षण
- परीक्षार्थियों का हालचाल पूछा आस्था ट्रेनों को लेकर दिए निर्देश

**अमृत विचार।** डीआईजी जीआरपी राकेश पुष्कर ने शनिवार को सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण किया। सेंट्रल से गुजरने वाली आस्था ट्रेनों व पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते उन्होंने जीआरपी व रेलवे अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। डीआईजी ने परीक्षार्थियों का हालचाल भी पूछा।

डीआईजी जीआरपी राकेश पुष्कर शनिवार सेंट्रल पहुंची। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए दो शिफ्ट में चार टीमों को लगाया गया है। जो 12-12 घंटे आउटर से लेकर प्लेटफार्म तक मुस्तैद रहेंगे। व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए आस्था ट्रेनों को अलग रखा जाएगा, जिससे परीक्षार्थियों की ट्रेनों में कोई बाधा न आने पाए। परीक्षार्थियों को लेकर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूरी तरह से दुरुस्त हैं। लाउंज को पूरी तरह कंट्रोल रखा जा रहा है, जिससे भगदड़ ऐसी स्थिति न पैदा हो। प्लेटफार्म पर भी सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी है। डीआईजी ने प्लेटफार्मों का भी निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों से कहा किसी प्रकार की दिक्कत होने पर जीआरपी से मदद ले सकते हैं।


परीक्षा केंद्र पर ली जा रही तलाशी। अमृत विचार

**मुसीबत** दो साल से फसलों को कर रही बेकार, किसान परेशान, वैज्ञानिक हैरान

## आलू का स्वाद बिगाड़ रही 'स्केब' बीमारी

**एक्सक्लूसिव**

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- सीएसए विवि में चल रहा दवा खोजने पर शोध, प्राकृतिक उपाय असरदार

**अमृत विचार।** आलू के स्वाद को एक अजीब बीमारी खराब कर रही है। दो साल पहले अस्तित्व में आई इस बीमारी से किसान परेशान हैं तो वैज्ञानिक हैरान। इसकी वजह इस बीमारी का इतिहास हिमाचल प्रदेश के इलाकों में पाया जाना है। बीमारी का हल खोजने में सीएसए के सब्जी विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक जुटे हुए हैं। फिलहाल आलू की फसल बचाने के लिए किसानों को प्राकृतिक उपाय सुझाया जा रहा है।

हर घर में आमतौर पर सब्जी में इस्तेमाल होने वाला आलू इस समय स्वाद बिगाड़ने वाली बीमारी



से संघर्ष कर रहा है। इस बीमारी से खासतौर पर आलू बेल्ट मानी जाने वाले बिल्हौर, कन्नौज और फर्रुखाबाद के किसान परेशान हैं। वैज्ञानिकों ने इस बीमारी को 'स्केब' नाम दिया है। कृषि वैज्ञानिकों की माने तो यह बीमारी आमतौर पर हिमाचल प्रदेश की आलू की खेती में पाई जाती है। वहां की जलवायु में इसे आम समझा जाता है। अब वैज्ञानिक यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वहां के लक्षण यहां आलू की फसल में किस तरह पाए जा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक इसे माटी की उर्वरक शक्ति की कमी का असर बता रहे हैं। आलू को इससे बचाने के लिए वैज्ञानिक जुटे हुए हैं। इसके साथ ही छह से सात दवाइयों को बनाकर उसे टेस्टिंग के लिए सेंट्रल पोटेटो रिसर्च इंस्टीट्यूट भी भेजा गया है। वहां की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पूरे मामले पर कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. आरके पाल ने बताया कि हाल ही में सामने आई इस समस्या से किसान परेशान हैं।

### 40 फीसदी तक फसल हो रही खराब

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि फसल पर इस बीमारी के असर से 40 फीसदी तक खेती खराब होती है। खेत में यह दो तरह से वार करती है। पहले तरह में यह आलू को ऊपर से खुदरा व चकत्तेदार बना देती है। इससे बाजार में आलू के पर्याप्त दाम नहीं मिलते हैं। गुणवत्ता खराब हो जाती है।

### फिलहाल बचाव का यह है उपाय

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि फिलहाल यह देखा गया है कि इस बीमारी से ग्रसित खेत में यदि सरसों बोया जाए तो काफी हद तक लाभ मिलता है। यदि किसान खेत में सरसों बोकर उसे छह से सात इंच तक बढ़ने के बाद खेत में दबा देता है तो इस बीमारी के असर से 20 फीसदी तक बचा जा सकता है।

## केस्को से 1.48 करोड़ की ठगी के आरोपी को जमानत नहीं

**कानपुर।** केस्को के 1.48 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले के आरोपी योगेंद्र की जमानत याचिका एडीजे 20 की कोर्ट ने खारिज कर दी। जमानत प्रार्थना पत्र आरोपी के रिश्तेदार की ओर से प्रस्तुत किया गया था।

आईसीआईसीआई बैंक की मॉल रोड शाखा में केस्को का खाता है। वर्ष 2023 में उपभोक्ताओं ने 1.48 करोड़ का बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान किया था। केस्को ने बैंक को पत्र के माध्यम से जानकारी दी थी कि उनके खाते 1.48 करोड़ रुपये जमा नहीं किया गया। बैंक ने जानकारी की तो पता चला कि पैसा सुमन नाम की महिला के खाते में गया है, जो निकाल लिए गए है। पूछताछ में सुमन ने बताया कि उनके पति योगेंद्र का इलेक्ट्रानिक का बिजनेस है।

## मेट्रो कार्य में रोड़ा बने एक दर्जन मकान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल से नयागंज रूट पर बन रही मेट्रो की टनल निर्माण में मकानों को खाली कराने में मेट्रा अधिकारियों को दिक्कतें आ रही हैं। विभाग लगातार नोटिसें भेज रहा है, लेकिन यहां रहने वाले कुछ लोग मकान खाली करने को तैयार नहीं हैं। इसको लेकर मेट्रो ने एक बार फिर से 12 मकानों को खाली करने का नोटिस दिया है। इस बार अधिकतर मथुरी मोहाल में जर्जर घरों को खाली करने को कहा गया है। अधिकारियों ने कहा है कि अगर सुरंग निर्माण में हादसा हुआ या जान-माल का खतरा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी नहीं होगी।

कानपुर सेंट्रल से नयागंज के बीच यूपीएमआरसी भूमिगत टनल (सुरंग) बनाने का काम कर रही है। टनल निर्माण के दौरान मेट्रो ने यहां के जर्जर भवनों को खाली करने का नोटिस थमाया है। इसमें कई होटल भी शामिल हैं। परियोजना प्रबंधक-1ए आशुतोष मिश्रा ने मकानों को खाली करने के लिये संबंधितों को नोटिस भेजने के साथ ही नगर निगम को भी सूचना दी है। तीन बार मेट्रो रूट पर जर्जर एक दर्जन मकानों को खाली करने का नोटिस दिया था।


सेंट्रल से नयागंज रूट पर मेट्रो का कार्य जारी है। अमृत विचार

### नयागंज में पहले भी खाली कराई बिल्डिंग

नयागंज में भूमिगत टनल निर्माण के दौरान कुल तीन इमारतें ऐसी थीं जिन्हें बीसीएस के दौरान 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' के लिए चिह्नित किया गया था। इन इमारतों में से कुरसवां स्थित एक इमारत की स्थिति बहुत ही जर्जर थी। इसे खाली कराया गया था और वहां के निवासियों को होटल में ठहराया गया था। सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करते हुए इमारत के निवासियों को वापस उनके आवास शिफ्ट कर दिया गया था।

# टीबी का बैक्टीरिया खोजकर सही इलाज बताएगी डीएसटी लैब

एक्सक्लूसिव

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में ही अब टीबी रोग का एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट होगा। इसके सैंपल अन्य संस्थानों में भेजने की जरूरत नहीं होगी और न ही रिपोर्ट के लिए मरीजों को तीन माह का लंबा इंतजार करना पड़ेगा। सैंपल परीक्षण की स्पष्ट रिपोर्ट 35 से 40 दिन में मरीज को मिल जाएगी। इससे मरीज का इलाज जल्द शुरू हो सकेगा। इसके लिए 64 लाख रुपये से एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट के लिए लैब स्थापित की गई है।

प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। टीबी मरीजों का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर जानकारी जुटा रही हैं। इसके साथ ही अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों के भर्ती मरीजों का भी टीबी से संबंधित डाटा लिया जा रहा है, ताकि टीबी रोगियों का पता चलने पर उनका इलाज शुरू किया जा सके। क्योंकि टीबी का एक मरीज अपने आसपास के करीब एक दर्जन लोगों को टीबी की बीमारी दे सकता है। अभी तक प्रदेश में सॉलिड कल्चर के जरिए टीबी के सैंपलों का परीक्षण किया जाता है। लेकिन अब जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज समेत प्रदेश के वाराणसी, आगरा, इटावा, लखनऊ व प्रयागराज मेडिकल कॉलेजों में भी एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट के लिए लैब स्थापित की गई हैं। कॉलेजों में लैब निर्माण कार्य अंतिम रूप ले चुका है। टेक्नीशियनों के प्रशिक्षण के बाद इन लैबों का संचालन जल्द शुरू हो सकता है।


जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में स्थापित टीबी की कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब।

- जीएसवीएम कॉलेज में स्थापित की गई 64 लाख से कल्चर ड्रग सेंसटिव लैब
- मरीजों को तीन माह तक नहीं करना होगा इंतजार, 40 दिन में मिलेगी रिपोर्ट

"टीबी की कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब में टीबी के एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट होंगे। लैब का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लैब के संचालन के लिए सीएमओ कार्यालय से चार लैब टेक्नीशियन मिले हैं, जिनको आगरा में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद टेक्नीशियनों से लैब में काम लिया जाएगा।

-प्रो .संजय काला, प्राचार्य, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज।

### कौन सी दवाएं दी जाएं, टेस्ट से तय होगा

टीबी संक्रमित गंभीर मरीज, जिन पर टीबी के इलाज से जुड़ी अधिकतर दवाइयां बेअसर साबित होती हैं। उन मरीजों को एक्सडीआर यानी एक्सट्रा ड्रग रेजिस्टेंस टीबी कहा जाता है। लैब में मरीजों के टेस्ट से यह पता लग जाएगा कि कौन सी दवाएं टीबी मरीज के सही होंगी। इसके लिए मरीजों के बलगम से जीवित बैक्टीरिया निकालकर उन्हें लैब में 42 दिन तक बढ़ाया जाता है। इसके बाद उन बैक्टीरिया पर दवाइयों की सेंसटिविटी देखी जाती है। जिस दवा से बैक्टीरिया मर जाता है, उस दवाई को मरीज के लिए कारगर माना जाता है। अभी तक लक्षण और एक्सरे देखकर डॉक्टर दवाएं देते हैं लेकिन लैब में मरीज का कल्चर एंड ड्रग सेंसिटिवी टेस्ट होने के बाद दवाएं दी जाएंगी।

### कई बार सैंपल की नहीं होगी जरूरत

टीबी के एडवांस स्टेज के लिए भेजे गए सैंपल कई बार परीक्षण में अनिर्णायक निकलते थे। ऐसे में विभाग को दोबारा सैंपल लेने पड़ते थे। इसमें काफी समय बर्बाद होता था। लेकिन बीएसएल-3 लैब में ऐसा नहीं होगा।

### इस तरह बीमारी का पता लगता

माइक्रोबायोलॉजी विभाग में टीबी सीडीएसटी व एलपीए लैब की नोडल ऑफिसर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधु यादव ने बताया कि कई बार टीबी की बीमारी का पता नहीं लग पाता है। लिक्विड कल्चर जांच में बीमारी का पता लगाने के लिए बलगम के सैंपल में बैक्टीरिया को छोड़ा जाता है। इसमें टीबी के छोटे से छोटे बैक्टीरिया अगर बलगम में पाए जाते हैं तो उनका आसानी से पता चल जाता है।

# नेपाल के 500 युवा करेंगे सीएसजेएमयू में पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नेपाल में उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में दिखाया रुझान

**अमृत विचार।** नेपाल में हुए उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में शनिवार को 500 से अधिक युवाओं ने सीएसजेएमयू में प्रवेश को लेकर रुचि दिखाई। इसके लिए उन्होंने यहां से गए प्रतिनिधि मंडल से तमाम जानकारियां हासिल कीं। दोनो देशों के बीच शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन भविष्य की शिक्षा प्रणाली पर रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल के डॉ प्रभात कुमार द्विवेदी व डॉ राजीव मिश्रा की ओर से उच्च शिक्षा में सीएसजेएमयू कानपुर तथा नेपाल के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ किस प्रकार से अन्तर्राष्ट्रीयकरण में सहयोग किया जाए इस पर चर्चा हुई। सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने नेपाल के काठमांडू विश्वविद्यालय व अन्य अनेक विश्वविद्यालयों के साथ उच्च शिक्षा के गुणवत्ता व आधुनिक शिक्षा में सहयोग पर बल दिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, डाटा साइंस के माध्यम से इक्कीसवीं सदी के लिए युवाओं को तैयार करने पर बल दिया। सम्मेलन में नेपाल के सुदूर इलाकों से आए युवाओं को कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव ने सीएसजेएमयू में आकर प्रवेश लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्हें उच्च शिक्षा पूरी करने के लिये सभी प्रकार का सहयोग तथा स्कालरशिप प्रदान किए जाने का भरोसा दिलाया।

# युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए नवाचार संस्कृति से जोड़ा जाएगा

## विकसित भारत के लिए सीएसजेएमयू के छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए जल्द ही नई सुविधा मिलेगी। युवाओं को एक ही क्लिक में उद्योग लगाए जाने से संबंधित सभी जानकारियां मिलेंगी। इससे युवाओं को इधर-उधर दौड़भाग नहीं करनी पड़ेगी। यह सुविधा विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 'स्टूडेंट इनोवेशन काउंसिल' के जरिए 15 दिन में उपलब्ध करा दी जाएगी।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय में शनिवार को आयोजित हुए उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने खासी रुचि दिखाई। उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, लखनऊ 'यूपीरेरा' के अध्यक्ष संजय आर. भूसरेड्डी ने युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि वे विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध करेंगे कि जल्द ही पोर्टल पर सुविधा की शुरुआत की जाए ताकि युवाओं को उद्यम लगाने में आसानी हो सके। पोर्टल पर शुरू होने वाली नई विंडो में सरकार की ओर से शुरू की गईं उद्यमिता व स्टार्टअप की सभी योजनाएं युवाओं को एक ही जगह पर दिखेंगी। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, विशेष सचिव, हथकरधा एवं वस्त्रोद्योग विभाग शेष मणि पाण्डेय ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, डीन, एडमिनिस्ट्रेशन प्रो सुधांशु पाण्डिया व निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद के प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी की मौजूदगी में युवाओं को एक्सप्रेस वे, पर्यटन, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत जमीन पर उतरने वाली योजनाएं, फ्रेड कॉरिडोर और हवाई कनेक्टिविटी के बढ़ने से उपजने वाली औद्योगिक संभावनाओं के बारे में भी समझाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की डीन इनोवेशन डॉ शिल्पा देशपांडे कायस्थ ने इनोवेशन एवं उद्यम संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी।


कार्यक्रम को संबोधित करते यूपी रेरा के अध्यक्ष। अमृत विचार

- स्टूडेंट इनोवेशन काउंसिल के तहत उद्यमिता व स्टार्टअप की योजनाएं पोर्टल पर होंगी

कार्यक्रम में प्रदेश में हुए विकास व उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किये गये कार्यों को एक फिल्म के माध्यम से समझाया गया। इस दौरान तीन ऐसे लोगों के उदाहरण भी दिए गए जो अपने नवीन विचारों से आज उद्योग में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान विशेषज्ञों से युवाओं ने प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में कुलानुशासक डॉ. प्रवीन कटियार, प्रो संदीप कुमार सिंह. डॉ प्रवीन भाई पटेल, डॉ विशाल शर्मा, डॉ संदेश गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कानपुर की अर्चना देवी बनी शीर्ष गेंदबाज

**कानपुर।** बीसीसीआई की अंडर-23 महिला वनडे ट्राफी में चेन्नई में शनिवार को खिताबी मुकाबले में यूपी को हरियाणा से 62 रनों से शिकस्त मिली। यूपी टीम भले ही खिताब से चूक गई हो, लेकिन कानपुर की अर्चना देवी ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते शीर्ष गेंदबाज का कीर्तिमान अपने नाम किया है। अंडर-19 विश्व कप विजेता, स्पिनर गेंदबाज अर्चना ने इस टूर्नामेंट में आठ मैचों में 26 विकेट हासिल कर पहला स्थान पाया है।

फाइनल में भी अर्चना ने दस ओवर में 29 रन देकर दो विकेट झटके। इस मैच में हरियाणा की टीम ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में नौ विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में यूपी टीम 43.4 ओवर में 110 रनों पर ही आउट हो गई। इस टूर्नामेंट में अर्चना के साथ शहर की एकता सिंह और बबिता यादव भी शामिल थीं।

# पुलिस को सीपीआर ट्रेनिंग देगा आईएमए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा के पदाधिकारियों ने शनिवार को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मुलाकात की। उन्होंने आईएमए के साथ मिलकर पुलिसकर्मियों और ट्रैफिक पुलिस को सीपीआर प्रशिक्षण देने के लिए 52 थानों में कार्यशालाएं करने की प्रतिबद्धता जताई, क्योंकि किसी भी दुर्घटना या आघात स्थल पर पुलिस कर्मी सबसे पहले पहुंचते हैं। ऐसे में सीपीआर की मदद से वह हादसे में घायल लोगों की जान बचा सकते हैं।

आईएमए की जिलाध्यक्ष डॉ.नंदनी रस्तोगी, चेयरपर्सन डॉ. देवेंद्र लालचंदानी व सचिव डॉ. कुणाल सहाय ने पुलिस आयुक्त अखिल कुमार को ज्ञापन देकर कहा कि आईएमए की मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारित मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए और नगर के चिकित्सकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर कठोर कार्रवाई की जाए। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट सभी थानों में भेजकर प्रमुखता से इसे लागू करने की व्यवस्था की जाए। ताकि चिकित्सकीय प्रतिष्ठानों पर होने वाली तोड़फोड़ से बचा जा सके। इसपर पुलिस आयुक्त ने अश्वासन दिया कि वह पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर मेडिकल सुरक्षा अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे। वहीं, उन्होंने डाक्टर के किसी भी दुर्घटना की स्थिति में मदद के लिए विशेष रूप से जोनल (थानावार) समन्वय के लिए समर्थन दिखाया और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद की पेशकश की। कहा कि कानपुर स्मार्ट सिटी और त्रिनेत्र परियोजना के तहत अपने परिसर के बाहर सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर शहर को सुरक्षित बनाने में डॉक्टरों से भी भागीदारी व समर्थन का अनुरोध किया। पुलिस कमिश्नर ने डॉक्टरों और प्रशासन के बीच एक क्रिकेट मैच की भी पेशकश की। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डॉ. बृजेन्द्र शुक्ला, पूर्व सचिव डॉ.अमित सिंह गौड़, डॉ.देबराय मौजूद रहे।


पुलिस आयुक्त के साथ आईएमए अध्यक्ष, चेयरपर्सन, सचिव, पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सचिव समेत अन्य। अमृत विचार

- मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, चिकित्सकों से दुर्व्यवहार पर कठोर कार्रवाई की मांग

## जाम से कराह उठा शहर...


शहर में जाम की समस्या नासूर बनती जा रही है। इसके समाधान के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किया जा रहा है। घंटाघर से परेड के रास्ते स्टॉक एक्सचेंज तक, मूलगंज से बड़ा चौराहा होते हुए चेतना चौराहा तक एलिवेटेड रोड बनाने की योजना भी परवान नहीं चढ़ी। परिणाम स्वरूप घंटाघर से परेड तक हर दिन जाम लग रहा है। शनिवार को तो जाम की समस्या बड़ी गंभीर हो गई। घंटों लोग यहां जाम में जूझते रहे। पुलिसकर्मियों ने भी जाम खुलवाने में कोई रुचि नहीं दिखाई। अमृत विचार

## सैलून में काम से मना करने पर युवक को पीटा

**कानपुर।** सैलून में काम करने से मना करने पर कारीगर को जरौली पानी की टंकी के पास युवकों ने डंडों, बेल्टों से बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया। आरोपी युवक को अधमरा कर छोड़ कर फरार हो गए। पीड़ित ने तीन आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज कराया।

बर्रा विश्व बैंक बी ब्लॉक निवासी रोहित कुमार सविता ने बताया कि वह जेके मंदिर स्थित एक सैलून में काम करता था। विकास ने देहरादूर में सैलून खोला था। रोहित ने बताया कि सैलून को स्थापित कराने की बात कह कर विकास उसे अपने साथ ले गया था। करीब एक महिना रोहित ने उसके सैलून में काम किया, इसके बाद वापस शहर आ गया था।

# लोक नृत्य और नाटकों में दिखाई संस्कृतिक झांकी


सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं। अमृत विचार


बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर को राम मंदिर का मॉडल देते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराष्ट्र मंडल के शताब्दी वर्ष पर नाट्य मंचन ने छोड़ी राष्ट्रीयता की छाप

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र मंडल के शताब्दी वर्ष पर शनिवार को भारतीय संस्कृति दर्शन, नाट्य मंचन, राजस्थानी नृत्य ने सभी को उत्साहित किया। कलाकारों ने लोकनृत्य से सभी का मनमोहा। स्कूली बच्चों की प्रस्तुति पर जमकर तालियां बजीं।

खलासी लाइन स्थित महाराष्ट्र भवन में तीन दिवसीय शताब्दी वर्ष पर पहले दिन बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने समारोह का शुभारंभ किया। कहा कि महाराष्ट्र के लोग शहर में रहकर यहां के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। ये बहुत ही अच्छी बात है मैं यहां दोबारा फिर आना चाहूंगा। आप लोग जरूर बुलाएं। इस मौके पर कार्यक्रमों के तहत बाल मंदिर महाराष्ट्र मंडल बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र/छात्राओं ने भारतीय संस्कृति दर्शन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वागत व अंबे कृपा नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

शिवाजी नाटक का मंचन और राजस्थानी नृत्य पर दर्शक झूम उठे। इसके बाद राम आएंगे नृत्य पर सभागार में मौजूद लोग भावविभोर हो गए। इसी क्रम में महाराष्ट्र मंडल के स्थानीय कलाकारों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

संचालन प्रतिभा फालके, श्रद्धा बाजपेई ने किया। महाराष्ट्र मंडल के महामंत्री संजय फडके ने राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर का स्वागत किया। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत डबली मौजूद रहे।

बढ़ते मामले चिंताजनक | सीएसए विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला

# जागरुकता से रुकेगी बौद्धिक संपदा की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बौद्धिक संपदा चोरी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। इससे बचाव के लिए जागरुकता सबसे बड़ा हथियार है। इसलिए बौद्धिक संपदा की चोरी और हनन को रोकने के लिए विशेष तौर पर जागरुकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है।

यह बात शनिवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर हुई कार्यशाला में कही गई। डीन फैकल्टी सभागार में हुई कार्यशाला में विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ. पीके सिंह ने कहा कि बौद्धिक संपदा के अधिकारों की जानकारी हर व्यक्ति को होनी चाहिए। इससे इसके बढ़ते दुरुपयोग को रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बौद्धिक संपदा की चोरी और हनन के मामले काफी देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में लोगों को बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति जागरूक करके व इस दिशा में कड़े नियम लागू करके बौद्धिक संपदा का सरंक्षण किया जा सकता है। मुख्य वक्ता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि भवन नई दिल्ली की प्रधान वैज्ञानिक डॉ रेनू ने कहा कि दुनिया के अधिकांश देश सदियों से अनेक प्रकार के कानून बनाकर बौद्धिक संपदा के अधिकार का संरक्षण करने का प्रयास करते रहे हैं। बौद्धिक संपदा की चोरी के अनेक उपाय भी लोगों ने विकसित किए हैं। तकनीकी का भी गलत प्रयोग इस दिशा में चिंतनीय है। उन्होंने देश में लागू अनेक प्रकार के बौद्धिक संपदा अधिकार अधिनियम की भी चर्चा की। इस संबंध में ट्रेडमार्क, पेटेंट, फार्मर्स राइट, कॉपीराइट्स सहित अन्य ट्रेड सीक्रेट संपदा कानून के विविध पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में आईसीएआर नई दिल्ली के डॉ यूके दुबे, आईआईटी कानपुर के रवि पांडे, सीएसजेएमयू से डॉ दिव्यांशु शुक्ला, एचबीटीयू के डॉ बृजेश सिंह ने भी विचार रखे। संचालन डॉ कौशल कुमार ने किया।


स्मृति चिन्ह प्रदान करते प्रोफेसर। अमृत विचार

- पेटेंट, कॉपीराइट्स, ट्रेड सीक्रेट सहित संपदा कानूनों की दी जानकारी

# विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 65 हजार, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रायपुरवा थानाक्षेत्र में हुई घटना, पुलिस कर रही मामले की गहन जांच

**अमृत विचार।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर एक दंपति ने युवक से 65 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की तो आरोपी दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

रायपुरवा बारामासी कालोनी निवासिनी रुकसाना ने बेटे को विदेश भेजने के नाम पर रुपये ऐंठने व मांगने पर गाली-गलौज कर धमकाया। उन्होंने बताया कि बेटे शरीफ बाबू को सऊदी अरब भेजने के लिए उन्होंने परिचित लाडो के माध्यम से रेलबाजार सुजातगंज निवासिनी सबा से संपर्क किया था। सबा के पति पहले से ही सऊदी अरब में है। आरोप है कि बेटे को विदेश भेजने के नाम पर सबा ने उनसे 65 हजार रुपये लिए थे। दो बार बेटे को टिकट दिया गया लेकिन फ्लाइट से कुछ देर पहले फोन पर बताया गया कि टिकट कैंसिल हो गया है। काफी समय तक बेटा विदेश नहीं जा पाया तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। जिस पर छोटे भाई मुन्ना को रुपये मांगने भेजा। आरोप है कि सबा और उसके पति ने भाई केक साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने रायपुरवा थाने में सबा और उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना में 92 सौ आवेदन

**कानपुर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त करने के लिए चल रही पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण किये जा रहे हैं। इसको लेकर प्रशासनिक जिले की स्क्रीनिंग कमेटी की समीक्षा बैठक हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बजाज के नेतृत्व में भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई बैठक में बताया गया कि जिले की 10 विधानसभा में अभी तक लगभग 9200 आवेदकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। बैठक में सदस्यों ने बताया कि जिले 10 हजार से अधिक आवेदकों के पूर्ण होने के पश्चात स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा सभी आवेदनों से उचित पात्रों का चयन कर उन्हे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाया जायेगा। इस योजना के जरिए कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार लिंक प्रदान करके उनको आत्मनिर्भर बनाना चाहती है।

**सार्वजनिक सूचना**

आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0 स्थित ब्रान्च ऑफिस जरौली कानपुर नगर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राम बिहारी जो कि एक किता प्लाट स्थित जुज भाग आराजी नम्बर 478 ग्राम घाटमपुर शहरी क्षेत्र मोहल्ला जवाहर नगर वेस्ट कस्बा तहसील घाटमपुर कानपुर नगर रकबा 540 वर्गफिट को मो0 सफी से आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड से ऋण लेकर क्रय कर रहे है तथा उक्त आराजी के अन्य सह स्वामियो को उपरोक्त प्लाट के विक्रय से कोई आपत्ति नहीं है, तथा उक्त सम्पत्ति की चतुर्दिक सीमाये निम्नवत है:- **पूरब: शेष भाग आराजी, पश्चिम : शेष भाग आराजी, उत्तर: मोहन कुशवाहा का मकान, दक्षिण: 15 फिट रोड,** यदि उक्त सम्पत्ति के बन्धक रखे जाने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो नीचे लिखे पते पर सूचना प्रकाशन से 07 दिनो के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करे। उपरोक्त समयावधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नही होगा।

भारत भटनागर – एडवोकेट
कार्यालय- कमरा नम्बर 14 द्वितीयतल
मुदगल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड
कानपुर नगर, मो0नं0: 9839034426

# कार के नीचे फंसे दवा कारोबारी घिसटते चले गए

**बैराज पर मौत का खेल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगाबैराज समेत आसपास के संपर्क मार्गों पर रोज खुलेआम स्टंट का खतरनाक खेल खेला जाता है। युवा जोखिम उठाकर रील्स बनाते हैं। कार और बाइक के स्टंट में अब तक कई लोगों की जान जा चुकी हैं। थाना पुलिस को इसकी जानकारी है। लेकिन इसके बावजूद सख्ती नहीं हो पा रही है। शनिवार सुबह गंगाबैराज से बिठूर जाने वाले मार्ग पर स्टंट के ऐसे ही एक और हादसे में शहर के बड़े दवा कारोबारी निकेश तलाटी की जान चली गई। कार चला रहा नाबालिग छात्र साथ बैठे दोस्त के साथ 90 किमी प्रतिघंटे के रफ्तार से लहराते हुए कार भगा रहा था। कार बेकाबू हो गई और निकेश तलाटी को रौंद दिया। हादसे में निकेश कार के नीचे फंस गए और दूर तक घिसटते चले गए। कार सड़क किनारे बनी दीवार में टकरा गई, वर्ना गहरी खंती में गिरने से नाबालिगों की भी जान चली जाती।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### पत्नी बदहवास, बच्चे विदेश से हुए रवाना

दवा कारोबारी निकेश तलाटी के मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी मीना तलाटी बदहवास हो गईं। पति का शव घर पहुंचा तो वह गश खाकर गिर पड़ीं। हादसे में पिता के मौत की खबर मिलते ही पुणे और न्यूजीलैंड से बेटे भी शहर के लिए रवाना हो गए हैं। कारोबारी के दो पुत्रों में गौरांक पुणे में इंजीनियर है, जबकि श्रेय न्यूजीलैंड में आईटी इंजीनियर है।

### दवा व्यापार मंडल में वरिष्ठ पदाधिकारी थे निकेश

दवा कारोबारी निकेश तलाटी कानपुर दवा व्यापार मंडल में कई वर्षों से कोषाध्यक्ष थे। दवा कारोबारियों में उनका बड़ा नाम था। वह मूलरूप से गुजरात के रहने वाले थे, लेकिन कई वर्ष पहले कानपुर आने के बाद यहीं पर बस गए थे। एक बेटा न्यूजीलैंड में परिवार के साथ बस गया है। दूसरा पुणे में पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। कुछ लोगों ने बताया कि वह कंपनी मामलों के मंत्री भी थे। गुजराती समाज को भी कानपुर में पहचान दिलाई। वह गुजराती समाज नामक संस्था में सक्रिय पदाधिकारी थे।

### कार को दो पहियों पर दौड़ा रहे थे

जानकारी के मुताबिक कार सवार नाबालिग स्टंट करने के दौरान कार को तेज रफ्तार में एक तरफ झुका कर दो पहियों पर दौड़ा रहे थे। इसी में कार बेकाबू हो गई और साइकिल सवार निकेत तलाटी को कुचल दिया। पोस्टमार्टम हाउस में एकत्र दवा कारोबारियों ने बैराज पर होने वाली स्टंटबाजी में सख्त कार्रवाई की मांग की।

### 40 किमी तक करते थे साइकिलिंग

मृतक दवा कारोबारी निकेश तलाटी के ग्रुप में 40 लोग हैं। वह काफी समय से अपने दोस्तों के साथ स्पोर्टस साइकिल से हेलमेट लगाकर साइकिलिंग करते थे। दोस्तों ने बताया कि वह स्वास्थ्य को लेकर संजीदा रहते थे। इसके चलते 40 किमी तक रनिया और गंगाबैराज तक साइकिल से चले जाते थे।

### पांचवी बार बिकी थी कार

हादसा करने वाली कार के आगे के शीशे में अधिवक्ता लिखा है। नवाबगंज पुलिस ने बताया कि कार 15 दिन पहले नाबालिग के दोस्त के भाई ने खरीदी थी। यह कार पांचवी बार बिकी है। परेड स्थित एक कार खरीदने बेचने वाले से यह कार खरीदी गई थी।



घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार



घटना से पहले ली गई सेल्फी दवा कारोबारी तीसरे नंबर पर। अमृत विचार

### बाइक और कार से रोज यहां किए जाते करतब

कार और बाइक से स्टंट गंगा बैराज मार्ग पर रोज होता है। यहां पर सीसीटीवी लगे हैं। एक थाना और दो चौकियां लगती हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद ही पुलिस हरकत में आती है और कार्रवाई शुरू होती है।

### गंगा बैराज मार्ग पर अब डराने लगे हादसे

- 12 फरवरी 2021 : बाइक सवार स्टंटबाजों की चपेट में आए नानी और नाती, दोनों की मौत।
- 28 नवंबर 2021 : तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत।
- 31 जुलाई 2022 : तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत।
- 4 दिसंबर 2022 : कार का एयरबैग खुलने से टला हादसा, तेज गति से टकराई कार।
- 14 सितंबर 2022 : कार और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, कार सवार तीन लोगों की मौत।
- 21 अक्टूबर 2023 : स्पोर्ट्स बाइक की स्टंटबाजी में बुजुर्ग रामराती की मौत।
- 27 अक्टूबर 2023 : बैराज मार्ग पर मैगी प्वाइंट में घुसी तेज रफ्तार कार, दो नाबालिगों की मौत।
- अटल घाट पर 120 की रफ्तार से दौड़ रही रेंज रोवर कार पलटी, एयरबैग खुलने से बाल-बाल बचे सवार।
- तेज रफ्तार ऑडी कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलटी, कार सवार हुए घायल।

### 7.05 बजे सेल्फी और 7.10 पर मौत

रोज की तरह साइकिलिंग में निकेश का साथ देने वाले अमरदीप और रवि शास्त्री हादसे से स्तब्ध हैं। तीनों दोस्तों ने गंगाबैराज चौराहे पर सुबह 7 .05 बजे सेल्फी ली थी, इसके ठीक पांच मिनट बाद बिठूर मार्ग पर हादसा हो गया। दोस्तों ने बताया कि निकेश इतनी तेज साइकिलिंग करते थे, कि वह लोग उनकी बराबरी नहीं कर पाते थे।

## बादशाह गैंग सरगना का कार से लटककर स्टंट करते वीडियो वायरल

**कानपुर।** बादशाह गैंग के सरगना फुरकान लेडी का चलती कार की खिड़की से लटक कर स्टंटबाजी करते हुए वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ। इसमें उसके साथ पांच गाड़ियां चलती दिख रही हैं। वीडियो में टैग लाइन लिखी है कि जीवन में सबसे बड़ी खुशी उस काम को करने में है.. जिसे लोग कहें कि तुम नहीं कर सकते। बाबूपुरवा निवासी फुरकान सिद्दीकी उर्फ फुरकान लेडी कुख्यात बादशाह गैंग का सरगना है। बीते दिनों हनुमंत विहार व नौबस्ता निवासी छात्रों की पिटाई कर वीडियो बनाकर रंगदारी मांगने में उसे जेल भेजा गया था। हाल में वह जमानत पर छूटा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सरगना व उसके साथी कार की खिड़कियों पर बैठकर स्टंटबाजी कर रहे हैं। बैकग्राउंड में गाना बज रहा है कि हम पागल नहीं हैं भइया.. हमारा दिमाग खराब है। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि वाहन नियम उल्लंघन में कार्रवाई हो रही है।

# टेंडर से पहले 122 करोड़ के विकास कार्यों के एस्टीमेट की होगी पड़ताल

## अनियमितता को रोकने के लिए एचबीटीयू को दिए गए जांच करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम ने शहर में 122 करोड़ रुपये से विकास कार्य करने का खाका खींचा है। 15वें वित्त, अवस्थापना और नगर निगम निधि से यह कार्य होने हैं। कार्यों में अनियमितता को रोकने के लिए अब टेंडर से पहले ही स्वीकृत एस्टीमेट की जांच होगी। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने इसके लिये हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) से तत्काल जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

शहर में 15वें वित्त से सड़कें, इंटरलॉकिंग, ग्रीन बेल्ट आदि का निर्माण होना है तो वहीं, अवस्थापना के बजट से सिद्धनाथ, जागेश्वर मंदिर के कायाकल्प के साथ ही गरीबों के लिए बारातशाला व खेलकूद को बढ़ाया देने को सर्वोदय नगर स्थित नगर निगम स्कूल को विकसित किया जायेगा। इसी तरह नगर निगम निधि से अलग पार्षद कोटे के काम होने हैं। इससे एयर पॉल्यूशन कंट्रोल, सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया जाएगा। नगर निगम 10 करोड़ रुपये से औद्योगिक क्षेत्रों में भी विकास करने जा रहा है । जिसमें सड़क, नाली समेत अन्य विकास कार्य शामिल हैं। यहां विकास कार्यों की वजह से व्यापारियों और उद्यमियों को राहत होगी।



जाजमऊ में क्षतिग्रस्त सड़क से निकलते वाहन। अमृत विचार

### 390 कार्यों के लिये टेंडर नोटिस जारी

नगर निगम ने एफएफसी, नगर निगम व अन्य के तहत 390 विकास कार्यों को कराने के लिये टेंडर नोटिस जारी कर दी है। 21 फरवरी से 6 मार्च तक यह टेंडर मांगे गये हैं। लेकिन, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने साफ कहा है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही स्वीकृत एस्टीमेट की जांच एचबीटीयू से कराई जाए, उन्होंने इस कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी भी जाहिर की है, और समय रहते जांच कराने के निर्देश दिये हैं।

- 15वें वित्त, अवस्थापना और नगर निगम निधि से शहर में कराए जाने हैं विकास कार्य

### कब टेंडर किए आमंत्रित

- 01 कार्य का टेंडर 21.02.2024 को होगा
- 29 कार्यों का नगर निगम निधि का टेंडर 22 .02 .2024 को होगा
- 174 कार्य एफएफसी के टेंडर 23 .02 .2024 को होगा
- 138 कार्य नगर निगम निधि के 28 .02 .2024 को टेंडर होंगे
- 05 कार्य एमएफएफसी के 29 .02 .2024 को टेंडर होंगे
- 24 कार्य नगर निगम निधि के 1.03 .2024 को टेंडर होंगे
- 07 कार्य एफएफसी के टेंडर 2 .03 .2024 को होगा
- 12 कार्य एफएफसी और नगर निगम के टेंडर 6 .03 .2024 को होगा

> 15वें वित्त आयोग, अवस्थापना निधि से स्वीकृत आगणन की जांच निविदा प्राप्ति के पूर्व तत्काल कराने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिये गये हैं। कार्यों में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
>
> – शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त, कानपुर

## आईआईटी क्रासिंग पर ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में आईआईटी क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से 34 वर्षीय सिक्रांत शुक्ला की मौत हो गई। वह छिबरामऊ थाना सौरिख के रहने वाले हैं। उनके परिजनों ने बताया कि नौ जनवरी को वह अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए निकले थे। बताया कि उनके साथ चार अन्य लोग गए थे। वह लोग अपने-अपने साधन से लौट आए थे। बताया कि वह वापस आ रहे थे, तभी चपेट में आ गए।

# हाईवे के अवैध कट ने ली युवक की जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में सचेंडी हाईवे में डिवाइडर तोड़कर बनाए गए अवैध कट ने युवक की जान ले ली। बाइक सवार अपने दो रिश्तेदारों को लेकर जा रहे थे, तभी कट से बाइक मोड़ते समय उसने दोनों को उतारकर रोड पार करने के लिए कहा। युवक अभी बाइक मोड़ ही रहा था कि तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे कुचल दिया। हादसे में दोनों रिश्तेदारों के सामने युवक की जान चली गई। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटना बताते प्रकाश और सुशील।

थाना गजनेर के सीधामऊ माती के रहने वाले 40 वर्षीय संतोष कुमार अपने भतीजे सुशील और चचेरे भाई प्रकाश के साथ जा रहे थे। मृतक के बेटे अंशु ने बताया कि हाईवे पर सचेंडी थाने से कुछ दूरी पर स्थित डिवाइडर पर बनाए गए अवैध कट से वह दोनों को उतारकर सड़क पार करने लगे। इसी दौरान भौंती की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे कुचल दिया। हादसे में युवक की संतोष की मौत के बाद कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि पत्नी रीना की एक वर्ष पहले मौत हो चुकी है। वहीं बच्चे अमित, राजू, दीपक का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के ग्रामीणों का कहना था कि पेट्रोल पंप और होटल वाले हाईवे के डिवाइडरों में अवैध कट बना देते हैं। घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि शार्टकट के चक्कर में लोग कट से निकलते हैं तभी हादसा हो जाता है।

# बेकाबू कार ने मारी टक्कर, एक भाई की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यशोदा नगर हाईवे पर हादसा
- लोडर का पंचर हुआ टायर खोल रहे थे दोनों भाई

**अमृत विचार।** यशोदा नगर हाईवे पर शनिवार तड़के लोडर का पहिया बदल रहे दो भाइयों को तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में लोडर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक फरार हो गया। पुलिस ने घायल को कांशीराम अस्पताल भिजवा कर परिजनों को घटना की जानकारी दी।

उन्नाव जिले के चौरा गांव निवासी जगतपाल पत्नी मालती, बेटे विकास व आकाश है। एक बेटी अंजिल की शादी हो चुकी है। बताया कि बेटा विकास (19) लोडर चालक था। शुक्रवार को विकास अपने भाई आकाश के साथ लोडर लेकर नौबस्ता आया था, जहां से वह भाई के साथ माल लेकर प्रतापगढ़ जा रहा था।



अस्पताल में भर्ती घायल आकाश।



मृतक विकास।

रविवार सुबह करीब पांच बजे वह यशोदा नगर हाईवे पर पहुंचा ही था, तभी लोडर का टायर पंचर हो गया। इसके बाद दोनों भाई टायर बदलने लगे। तभी वहां से गुजरी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार दोनों भाइयों को टक्कर मारती हुई रामादेवी की ओर निकल गई। राहगीरों ने हादसे की जानकारी नौबस्ता पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जगदीश पांडे ने बताया कि हाईवे पर लोडर का टायर बदलने के दौरान कार सवार की टक्कर से हादसा हुआ है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### साई चयन में शामिल शहर के सुशांत गुप्ता



**कानपुर।** साई ताइक्वांडो के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 19 से 21 फरवरी 2024 तक लखनऊ परिसर में होगा। इस चयन समिति में कानपुर के राष्ट्रीय रेफरी सुशांत गुप्ता को शामिल किया गया है। सुशांत के चयन पर कानपुर एसोसिएशन के पाधिकारियों दीपक चौरसिया, दिनेश दीक्षित, प्रदीप सिंह चौहान, प्रयाग सिंह ने हर्ष जताया।

# आरटीई के 11 हज़ार आवेदन आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 19 से प्रक्रिया शुरू, 26 को निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए होगी लॉटरी

**अमृत विचार।** आरटीई के तहत बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से तैयारियां तेज हो गई हैं। 19 से शुरू होने वाले सत्यापन कार्य के लिए 11 हजार से अधिक आवेदन अब तक विभाग पहुंचे हैं। इनमें लगभग 6 हजार आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन कार्य के लिए विभाग में टीमें बन गईं हैं। इनमें खंड शिक्षा अधिकारियों को शामिल किया गया है।

अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत पहले चरण में लगभग चार हजार सीटों के लिए आवेदनों को परख जाएगा। इसके लिए 26 को लॉटरी निकाली जाएगी। इससे पहले 19 से 25 तक सत्यापन कार्य चलेगी। निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश 6 मार्च से होंगे। उधर याजना के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए इस बार प्रशासन ने भी सक्ती दिखाई है। प्रशासन की ओर से प्रवेश के दौरान स्कूलों की मनमानी की शिकायतों पर एक कमेटी का गठन कर दिया गया है। आरटीई पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस बार प्रवेश के पहले दिन से ही सभी स्कूलों पर नजर रखी जाएगी।

### 7700 सीटों पर लिए जाएंगे प्रवेश

जिले में इस बार 77 सौ निजी स्कूलों पर लाभार्थियों का प्रवेश कराया जाएगा। पिछले शैक्षणिक सत्र में 1250 प्रवेश छात्रों के कम हुए थे। लक्ष्य न पूरा कर पाने की वजह बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अभिभावकों की ओर से मनपसंद स्कूलों में प्रवेश न मिलना बताया गया। शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक लाभार्थियों को प्रवेश दिलाया जाएगा।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में खुर्द निवासी 42 वर्षीय जयकुमार यादव ने शुक्रवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पत्नी रीता व बच्चों ने शव फंदे पर लटकता देखकर शोर मचाया। मकान मालिक रामसेवक ने बताया कि जय कुमार मूलरूप से नैनी प्रयागराज के रहने वाले हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें




**खुशखबरी** रोगियों को नहीं खाना पड़ेगा स्टेरॉयड, साइड इफेक्ट से भी बचेंगे

# ओजोन थेरेपी से गठिया में मिलती राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गठिया के दर्द से परेशान रोगियों के लिए यह काफी राहत भरी खबर है। क्योंकि जीएसवीएसएस पीजीआई में वायरल संक्रमण से होने वाली रिएक्टिव आर्थराइटिस (गठिया) का दर्द ओजोन थेरेपी की मदद से दूर किया जाएगा। इंजेक्शन की जरिये ओजोन गैस दर्द वाले अंग में डालकर उनको थेरेपी दी जाएगी।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन कई मरीज गठिया की शिकायत लेकर पहुंचते हैं। कई बार लोग गठिया से परेशान होकर ऑपरेशन कराने को खुद से बोल देते हैं। अब जीएसवीएसएस पीजीआई में ओजोन थेरेपी से घुटनों में होने वाले दर्द से आराम मिल सकता है। पीजीआई के पेन मेडिसिन विभाग में ओजोन थेरेपी से गठिया व घुटने में दर्द का इलाज शुरू किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। पेन मेडिसिन विभाग के प्रभारी सीनियर एनेस्थेटिस्ट डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि इंजेक्शन के जरिये ओजोन गैस दर्द वाले अंग में डाली जाती है, जो दर्द में काफी कारगर है। वायरल गठिया के अलावा स्लिप डिस्क, स्पाइनल कॉर्ड के दर्द आदि में भी यह थेरेपी राहत देने का काम करेगी। थेरेपी के जरिये अंदरूनी सूजन ठीक हो जाती है। इसके अलावा इस थेरेपी से रोग प्रभावित अंग से निकलने वाले फ्री रेडिकल्स प्रभावी नहीं हो पाते। न ही फ्री रेडिकल्स अंग को खराब करते हैं। बताया कि ओजोन माहौल के ऑक्सीजन या सिलिंडर वाली लिक्विड ऑक्सीजन से बना ली जाती है। लिक्विड ऑक्सीजन की क्वालिटी अच्छी होती है। ओजोन को इंजेक्शन के जरिये रोग प्रभावित अंग में डाला जाता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संचारी रोग प्रभारी डॉ. बीपी प्रियदर्शी के मुताबिक चिकुनगुनिया और हाई ग्रेड फीवर के बाद वायरल गठिया के रोगियों की संख्या बढ़ी है। इस वजह से वायरल गठिया से पीड़ित कुछ रोगी अभी तक फॉलोअप में आ रहे हैं।




**कार्यालय ग्राम पंचायत मनगांव विकास खण्ड सैफई -इटावा**

पत्रांक: मेमो / ग्राम पंचायत– मनगॉव /निविदा प्रकाशन /2023–24/ दिनांक 17.02.2024.

**नोटिस/विज्ञप्ति**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत मनगांव सैफई– इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा / 15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु ग्राम पंचायत मनगांव विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें / टैण्डर 19–02–2024 से 25–02–2024 समय 02:30 तक आमन्त्रित एवं दिनांक 25.02.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03. 30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक: 19–02–2024 से 25–02–2024 तक ग्राम पंचायत मनगांव सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राथमिक वि0 कूमपुर में बालक, बालिका शौचालय निर्माण | 15th tied | 150980 | 3019.6 | 500 |
| 2 | प्रा0वि0 वमुदी में शौचालय बालक, बालिका निर्माण | 15th tied | 147374 | 2947.48 | 500 |
| 3 | कूकपुर में ओमवीर के घर से पक्की सडक तक नाली निर्माण | 15th tied | 124259.74 | 2485.18 | 500 |
| 4 | ग्राम पंचायत मैने गांव में सोकपीट कार्य | S.B.M. | 466000 | 9320 | 500 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत मनगांव कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

01–अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04. 2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी / कमी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक निकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/ वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

**अनीता देवी, प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**ग्राम पंचायत मनगांव विकास खण्ड सैफई –इटावा**



**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरारा देहात , वि0ख0- कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक/मेमो/ मनरेगा 2023–2024 दिनांक–17/02/2024

**विज्ञप्ति**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कुरारा देहात में डामर रोड से जगभान के घर तक का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध निविदाएं दिनांक 18/02/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 24/02/24 को अपराह्न चार अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 49.00 Bags |
| 2 | लोकल बालू | 20.70 M3 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 8.25 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 8.60 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 3.18 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 2800.00 WW |
| 7 | Paver Black Brick | 3800.00 WW |

**प्रधान**
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

**सचिव**
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

# राहुल गांधी की यात्रा की जिम्मेदारी संभालेंगे टिकट के दावेदार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** 21 फरवरी को शहर आने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत और प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जिम्मेदारी पूर्व विधायकों एवं लोकसभा चुनाव के टिकट के दावेदारो को सौंपी गई है। तिलक हाल में हुई बैठक में इसे लेकर चर्चा हुई।

शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी की अध्यक्षता एवं ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पाण्डेय एवं देहात कांग्रेस अध्यक्ष नरेश कटियार की विशेष उपस्थिति मे आयोजित बैठक मे वार्डो के कांग्रेसजनो को यात्रा मार्ग के निर्धारित विभिन्न स्थलो पर एकत्रित होकर अपने बैनर व झंडो के साथ स्वागत करने के साथ ही यात्रा के प्रचार-प्रसार के लिए सम्पूर्ण नगर मे प्रचार वाहन निकालने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर



यात्रा की तैयारी बैठक में शामिल आलोक मिश्रा, पवन गुप्ता व अन्य नेता। अमृत विचार

आलोक मिश्रा को यात्रा के संचालन का दायित्व सौंपा गया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेश त्रिपाठी को अधिवक्ताओं को आमंत्रित करने, पूर्व विधायक नेक चन्द्र पाण्डेय व मदन मोहन शुक्ल को वरिष्ठ कांग्रेसजनो एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारो को आमंत्रित करने व पूर्व विधायक कुलदीप सिंह को विभिन्न गुरुद्वारो से सम्पर्क करके उन्हे आमंत्रित करने, गणेश दीक्षित को श्रमिको को आमंत्रित करने, करिश्मा ठाकुर को महिलाओं को संगठित कर सभा मे आमंत्रित करने व पवन गुप्ता को व्यापारिक संगठनो को आमंत्रित करने, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल माबूद को युवाओ को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गयी। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी को दलित बस्तियो मे सम्पर्क करने के साथ उन्हे आमंत्रित करने के साथ ही कलक्टरगंज घण्टाघर मे आयोजित विराट जनसभा को सम्पादित करने का दायित्व सौपा गया। बैठक में शंकर दत्त मिश्र, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, दिलीप बाजपेई, शकील मंसूरी, चन्द्रमौली बाजपेई, आसिफ इकबाल, आतिफ रहमान, राधेश्याम कश्यप उपस्थित थे।

## कानपुर सीट पर समाजवादी परचम की तैयारी हुई तेज

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सपा सभी समाज और वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रयास कर रही है, ताकि इस बार कानपुर लोकसभा सीट समाजवादियों के नाम हो सके। इसके लिए वर्ष 1975 में जेल यात्रा में शामिल योद्धाओं के परिवारों से भी संपर्क की तैयारी की गई है।

जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि 25 जून 1975 को देश में इमरजेंसी घोषित की गई थी। समाजवादी योद्धाओं ने जेल यात्रा की थी। जेल यात्रा में शामिल योद्धाओं के परिवारों से सपा के फ्रंटल संगठन जनसंपर्क करेंगे। उनके साथ बौद्धिक चिंतक व गोष्ठियां कर देश की अर्थव्यवस्था में गिरावट, बढ़ती महंगाई व

**▸▸ इमरजेंसी के जेल योद्धाओं के परिजनों से संपर्क करेगी सपा**

बेरोजगारी की भयावह स्थिति से अवगत कराने का काम करेंगे। देश में लघु उद्योग बंदी की कगार पर है। क्योंकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बढ़ते प्रभाव से छोटे उत्पादों पर विदेशी कंपनियों का एकाधिकार हो रहा है। दस्तकारी व हस्तशिल्प से लगे कामगार बेकार हो गए हैं। दूसरी ओर आटा, दही व बेसन में मिलावट बढ़ रही है। इसे सपा ने गंभीरता से लेकर जिम्मेदारी वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू को दी है। बैठक में प्रदेश सचिव केके शुक्ला, नगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, हाजी अयूब आलम, परमवीर रहे।

## बजाज ने जीता गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टीएम का खिताब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेंगलुरू के श्रीकांतीरावा आउटडोर स्टेडियम में प्लैंकथॉन के चौथा संस्करण आयोजन किया गया, जिसमें बीमा कंपनी बजाज आलियांज लाइफ ने चंद्रयान और सौर मिशन आदित्य एल-1 के संबंध में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की उपलब्धियों का जश्न मनाया। इसी के साथ अभियान प्लैंक फॉर एसेज का समापन हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व अभिनेत्री तापसी पन्नू ने किया।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन मुख्यालय में क्षमता निर्माण और सार्वजनिक संपर्क विभाग के निदेशक एन सुधीर कुमार ने बताया कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स के निर्णायक ने बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस को एब्डॉमिनल प्लैंकथॉन पोजीशन वाले लोगों के सबसे बड़े ऑनलाइन वीडियो एल्बम के लिए नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के खिताब



सम्मान प्राप्त करते बजाज आलियांज लाइफ के अधिकारी।

धारक के रूप में घोषित किया है। प्लैंक फॉर एसेज के तहत विभिन्न वर्गों के लोगों ने 5,194 वीडियो अपलोड किए। यह वास्तव में एक असाधारण घटना है, जो भारत की सामूहिक भावना को प्रदर्शित करती है। प्लैंक फॉर एसेज जैसी पहल के साथ, बजाज आलियांज लाइफ ने देश के प्रति जुनून जगाने के साथ फिट और स्वस्थ रहने की प्रेरणा देता है।

# अवैध संबंधों के विरोध पर गोली मार कर हत्या में पत्नी व प्रेमी को उम्रकैद

- चमनगंज स्थित गांधी पार्क के पास युवक की हुई थी हत्या
- मृतक के मामा की शिकायत पर दर्ज किया गया था मुकदमा
- एडीजे प्रथम की कोर्ट ने सुनाया फैसला, पांच-पांच हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अवैध संबंधों का विरोध करने पर पति की गोली मार कर हत्या के मामले में शनिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। एडीजे प्रथम की कोर्ट ने दोषी पत्नी व उसके प्रेमी को उम्रकैद व पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वर्ष 2013 में महिला के प्रेमी ने युवक को मौत के घाट उतारा था।

कर्नलगंज निवासी मिर्जा नादिर हुसैन ने चमनगंज थाने में वर्ष 2013 भांजे मिर्जा दानिश अब्बास की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। नादिर ने बताया था कि घटना से करीब छह माह पहले दानिश का निकाह कौशांबी निवासी सबा



के साथ हुआ था। बताया कि शादी के कुछ समय बाद से घर में नादिरबाग निवासी फहद नाम के युवक का आना जाना था। पूछने पर सबा ने बताया कि वह उसका भाई है। सबा के फहद से अवैध संबंधों की जानकारी पर दानिश से उसका अक्सर झगड़ा होता रहता था। 14 अप्रैल 2013 को दानिश की चमनगंज स्थित गांधी पार्क के पास गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जानकारी पर परिजन दानिश की हैलट में मृत हो गई थी। मामला एडीजे प्रथम राजेश चौधरी की कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट ने गवाहों के आधार पर सबा व फहद को दानिश की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### घटना से पहले देखा था आपत्तिजनक हालत में

मिर्जा नादिर ने बताया कि फहद रात के समय दानिश के घर जाता था। इस दौरान सबा दानिश को चाय में नींद की गोली डाल कर पिला देती थी। घटना के 20 दिन पहले वह रात करीब 10 बजे दानिश के घर गया था, तो देखा कि दानिश सो रहा था। वहीं सबा व फहद आपत्तिजनक स्थिति में थे। यह देख वह बाहर आ गए और दानिश को जोर से आवाज दी, लेकिन वह उठा नहीं। इसके बाद नादिर ने दानिश को मामले की जानकारी दी थी।

### मृतक के रिश्तेदार ने फहद के साथ जाते देखा

मृतक दानिश के रिश्तेदार मिर्जा मसूद हुसैन ने कोर्ट में बताया कि घटना के दिन वह और मिर्जा रजी गली के नुक्कड़ पर खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इस दौरान देखा था कि दानिश फहद के साथ जा रहा था। रजी ने दानिश से पूछा तो उसने बताया कि पुताई के काम के सिलसिले में वह फहद के साथ जा रहा है।

## सस्ते दामों में बेचते थे लूट के मोबाइल, तीन लुटेरे हुए गिरफ्तार

**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस की नाक में दम करने वाले तीन शातिर लुटेरों को कल्यानपुर पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने दबोच लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटे गए पांच मोबाइल और तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। वह लूटे गए मोबाइलों को सस्ते दामों में बेचकर अपने शौक पूरे करते थे।

एसीपी कल्यानपुर विकास पांडेय ने बताया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में लूट की वारदातें हो रही थीं। लुटेरों के गैंग को पकड़ने के लिए पुलिस टीम प्रयासरत थी। जिसमें ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कल्यानपुर पुलिस को सफलता मिली। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक बाइक पर सवार तीन युवक संदिग्ध हालत में जाते दिखाई दिए। पुलिस को देख वह भागने का प्रयास करने लगे। घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान एक के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

## भारत मंडपम पंहुचे शहर से 221 नेताओं ने ढोल बजाकर लगाया 400 पार का नारा

**भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शनिवार को कानपुर से 221 भाजपा प्रतिनिधि पहुंचे। महापौर, विधायक, सांसद, विधान परिषद सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, लोकसभा विस्तारक, नगर पालिका, नगर पंचायत व जिला पंचायत के अध्यक्ष मोर्चा व प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक क्षेत्र की महामंत्री (मुख्यालय प्रभारी) लोकसभा कलस्टर प्रभारी शामिल हुए। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने यहां ढोल बजाई तो सांसदों और विधायकों ने प्रचंड बहुमत का नारा लगाया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल समेत अन्य नेता एक साथ शुक्रवार



को दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने बताया कि सूचीबद्ध नेताओं में कौन पहुंचा और कौन नहीं, इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। हर लोकसभा चुनाव के पहले बीजेपी एक बड़ा राष्ट्रीय अधिवेशन करती है। 2014 में लोकसभा चुनाव से पहले भी पार्टी ने रामलीला मैदान में बैठक की थी, जहां नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक भाषण ने 30 वर्षों के बाद पहली बार भारत में एक स्थाई सरकार बना दी। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले फिर से रामलीला मैदान में पार्टी ने राष्ट्रीय अधिवेशन किया था।

**▸▸ सांसद, विधायक और अन्य पदाधिकारी पहुंचे दिल्ली**

### 37 प्रमुख पदाधिकारी हुए शामिल

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष कानपुर उत्तर दीपू पाण्डेय, दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, कानपुर से सांसद सत्यदेव पचौरी, देवेंद्र सिंह भोले, विधायक सुरेंद्र मैथानी, सलिल विश्नोई, अरुण पाठक, नीलिमा कटियार, पूनम द्विवेदी, राधेश्याम पाण्डेय, दिनेश राय, पूर्व संगठन मंत्री केडी त्रिवेदी, अनिल मिश्रा, श्रीकिशन दीक्षित, दिवाकर मिश्रा सहित 37 प्रमुख पदाधिकारी अपने-अपने साधनों से राष्ट्रीय परिषद की बैठक के लिए दिल्ली पहुंचे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि ये अधिवेशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रचंड और लाखों कार्यकर्ताओं की ऊर्जा का संचार करेगा। अबकी बार 400 पार के नारे को भी बुलंद करेगा।





एसीपी अपराध का किया गया सम्मान। अमृत विचार

### उद्यमियों को साइबर अपराध पर किया जागरुक

**कानपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से शनिवार को बढ़ते साइबर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में साइबर अपराध से बचाव के तरीकों पर भी चर्चा हुई। कार्यशाला का संचालन संस्था के महामंत्री हर्षल अग्रवाल ने किया। इस दौरान अध्यक्ष दिनेश बरासिया ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में एसीपी अपराध मोहसिन खान ने सभी को साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए। इस दौरान अपराधियों के क्राइम करने के तरीकों को भी विस्तार से बताया गया। इनमें सेक्सटॉर्शन, हॉक्स कॉल ऑटोमेटिक हैकिंग फिशिंग, रैनसमवेयर सहित अन्य क्षेत्रों के जरिए होने वाले क्राइम की जानकारी दी गई। उद्यमियों से अपील की किसी तरह की कॉल आने पर घबराये नहीं उसकी जांच के बाद ही कोई निर्णय ले| कार्यशाला में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण खेत्रपाल, विक्रांत अग्रवाल, जय हेमराजानी, संजय जैन, ममता शुक्ला, सुचेता वाही, सुरेश गुरुनानी सहित अन्य मौजूद रहे।

## यूपी-जम्मू के खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एलीट ग्रुप-ए में पहले स्थान बैठी यूपी टीम आखिरी लीग मुकाबले में रविवार को ग्रीनपार्क में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ उतरेगी। बीसीसीआई की अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अगर यूपी टीम जीत दर्ज करती है तो क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। वहीं नॉक आउट दौड़ से बाहर हो चुकी जम्मू-कश्मीर की टीम के इस समय आठ अंक है। इसलिए आखिरी लीग मैच में टीम मेजबान यूपी को टक्कर देने में कसर नहीं छोड़ेगी।

ग्रीनपार्क में शनिवार को दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पसीना बहाकर अपनी जबरदस्त तैयारी की। मेजबान यूपी टीम के कप्तान समीर रिजवी बीते साल ग्रीनपार्क में

**▸▸ बीसीसीआई की अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी में आज भिड़ेंगी दोनों टीमें**

**▸▸ मुकाबला देखने को आतुर हैं शहर के युवा, बढ़ेगा यूपी की टीम का हौसला**



अभ्यास करती यूपी की टीम। अमृत विचार

यूपी टी-20 लीग में शीर्ष बल्लेबाजों में थे। उन्हें यहां की पिच काफी रास आती है। नेट में भी रिजवी ने जमकर अभ्यास किया। वहीं अन्य बल्लेबाज रितुराज शर्मा, कृतज्ञ सिंह, स्वास्तिक को भी फायदा मिलेगा। बल्लेबाजों ने शनिवार को नेट पर स्पिनर व फास्ट गेंदबाजों का का जमकर सामना किया। वहीं रोहित द्विवेदी, विजय कुमार, वैभव चौधरी, प्रशांत वीर ने अपनी गेंदबाजी को धार दी। उधर जम्मू-कश्मीर के विकेटकीपर, बल्लेबाज शिवांस शर्मा की अगुवाई में खिलाड़ियों ने भरपूर अभ्यास किया। टीम के बल्लेबाज रैधम, काजी जुनैद मसूद, यावर हसन, कन्हैया वाधवन ने जमकर अभ्यास किया। टीम के गेंदबाजों विशाल कुमार, बसित बशीर, जानिब जावेद, मुज्तबा यूसुफ ने भी गेंदबाजी को धार दी। मैच यहां पांच नंबर पिच पर कराया जा रहा है। लिहाजा दोनों टीमों के खिलाड़ी पहले बल्लेबाजी कर लीड हासिल करने की कोशिश करेंगे।

## सार-संक्षेप





कार्यक्रम का शुभारंभ करते अधिकारी। अमृत विचार

### मेगा रिटेल एक्सपो में 25 करोड़ का ऋण स्वीकृत

**कानपुर।** लाजपत भवन में आयोजित मेगा रिटेल एक्स्पो में जहां ग्राहकों को होम और कार लोन की जानकारी दी गई। वहीं ग्राहकों को शहर के प्रमुख बिल्डर्स व कार डीलर्स से मिलकर उनके प्रोजेक्ट्स व उत्पादों के बारे मे जानने का अवसर भी मिला। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शनिवार को मेगा रिटेल एक्स्पो-2024 का आयोजन लाजपत भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र प्रमुख अमित कुमार सिन्हा, राज रतन ग्रुप के डायरेक्टर हीरा लाल खत्री, आयुक्त आवास विकास आनंद कुमार ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर जहां एक बैंक की ओर से विभिन्न रिटेल ऋण उत्पादों होम व कार लोन के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी गई, वहीं एक ही स्थान पर शहर के प्रमुख बिल्डर्स व कार डीलर्स से मिलकर उनके उत्पादों के बारे में जानने का अवसर भी मिला। इस कार्यक्रम के तहत बैंक ने करीब 25 करोड़ के ऋण मौके पर ही स्वीकृत किए। कार्यक्रम में बैंक के उप क्षेत्र प्रमुख बंशीधर त्रिपाठी, हरीश कुमार जैन, कानपुर नगर के सभी शाखा प्रमुख मौजूद रहे।

### छात्र धर्म में अनुशासन का विशेष दर्जा

**कानपुर।** डॉ. नरेंद्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज पुराना शिवली रोड में शनिवार को बारहवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के धर्माचार्य गणेश शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को बताया कि जीवन में प्रगति, उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए नियम व अनुशासन का पालन जरूरी है। छात्र धर्म में अनुशासन का विशेष दर्जा है। प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर ने कहा कि छात्र धर्म व अनुशासन में रहकर ही प्रगति के पथ पर चलना चाहिए। गुरु का सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना रखनी चाहिए। राष्ट्र समर्पण की भावना हमें एक सच्चा नागरिक बनाती है। प्रबंधक संजय सिंह, प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या कल्पना सिंह, कोआर्डिनेटर सरिता सिंह, वरिष्ठ शिक्षक अजय समेत सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



छात्रा का किया गया सम्मान। अमृत विचार

**आस्था का उत्सव** — पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ, सीसामऊ से बृजेंद्र स्वरूप पार्क तक निकाली गई यात्रा

# हाथी-घोड़े और बग्घी के साथ निकली घटयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जैन मंदिर सीसामऊ की प्राण-प्रतिष्ठा पर शनिवार को पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की घटयात्रा, ध्वजारोहण व गर्भकल्याणक कार्यक्रम हुआ। भक्तों ने ढोल-नगाड़ों के बीच धूमधाम से घटयात्रा निकाली। घटयात्रा के साथ हाथी, घोड़े, चार चवर, चार बग्गियां चल रहीं थीं। घटयात्रा का रास्ते में कई जगह स्वागत किया गया।

श्री दिगंबर जैन मंदिर आनंदपुरी से सीसामऊ जैन मंदिर तक शनिवार को मुनिश्री सुधासागर ने विहार किया। इसके बाद सीसामऊ से भव्य घटयात्रा निकाली गई। भक्त बड़े धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते घटयात्रा में शामिल हुए। घटयात्रा में हाथी, घोड़े, हाथ से खींचने वाले दो रथ, चार चवर, एक चांदी की आरती, चार बग्गियां जिसमें बारह इंद्र-इंद्राणी





जैन मंदिर सीसामऊ की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

**▸▸ जगह- जगह श्रद्धालुओं ने किया यात्रा का स्वागत**

सवार थे, सभी घटयात्रा के साथ चल रहीं थीं। घटयात्रा का रास्ते में कई जगह-जगह भक्तों ने स्वागत किया। घटयात्रा सीसामऊ से बृजेंद्र स्वरूप पार्क पहुंचने पर झंडारोहण किया गया। जिसका सौभाग्य महेंद्र कटारिया, मनीष कटारिया परिवार को मिला। यहां मुनिश्री का प्रवचन और आहार हुआ। इस मौके पर महेंद्र कटारिया, संजीव जैन, प्रदीप जैन, डॉ. अनूप जैन, आमोद जैन, अनिल जैन, संजय जैन, मनीष जैन, रवि जैन, अनूप जैन, 205 अमित जैन बंटी मौजूद रहे। घटयात्रा में महिलाएं, बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। मीडिया प्रभारी मनीष जैन ने बताया कि रविवार को माता की गोद भराई और गर्भकल्याणक का कार्यक्रम होगा। पंचकल्याणक महोत्सव 17 से 22 फरवरी तक बृजेंद्र स्वरूप पार्क में चलेगा।



यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## एक नजर

### नर्वल में खेत के किनारे दिखा विशाल अजगर

**सरसौल।** नर्वल क्षेत्र के अखरी गांव में शनिवार को खेत के किनारे एक विशाल अजगर दिखने से गांव वालों में हलचल मच गई। गांव के किसान रामकुमार यादव के खेत पर लगभग 15 फीट लंबा अजगर दिखने पर ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी। कुछ ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। माना जाता है कि सर्दी के मौसम में अक्सर अजगर जंगली इलाकों में धूप सेंकने के लिए बाहर आ जाते हैं। अभी एक पखवारे पहले रूमा के औद्योगिक क्षेत्र में दो विशाल अजगर देखे गए थे।

### हमीरपुर हाईवे का जाम बन गया बड़ी मुसीबत

**बिधनू।** हमीरपुर हाईवे पर लगभग हर दिन लगने वाला भीषण जाम बड़ी मुसीबत बन गया है। इस जाम की वजह से बिधनू, साढ़, भीतरगांव, घाटमपुर और रमईपुर के साथ फतेहपुर के जहानाबाद की ओर से आने वाले वाहन सवार घंटों जूझते हैं। इस जाम की वजह से लोगों के जरूरी काम भी छूट जाते हैं।

# पति गिड़गिड़ाता रहा, पत्नी ने दूसरे के साथ लिए सात फेरे

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** कस्बे में शनिवार को एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। अपनी पत्नी की दूसरी शादी रोकवाने के लिए पति ने पुलिस से गुहार लगाई तो पुलिस ने उसे थाने में बिठा लिया और उधर गेस्ट हाउस में पत्नी ने दूसरे के साथ सात फेरे लेकर अपना जीवनसाथी चुन लिया। मामला पुलिस के पास पहुंचने के बाद जल्दी-जल्दी शादी निपटाई गई। इधर, पुलिस पति को थाने में बिठा पूछताछ करती रही।

सजेती थाना क्षेत्र के सरगांव का रहने वाला हरिवंश शनिवार की दोपहर घाटमपुर के जहानाबाद रोड स्थित एक गेस्ट हाउस पहुंचा तो वहां उसकी पत्नी के परिवार वाले दूसरे लड़के से शादी कर रहे थे। अपनी पत्नी को दूसरे का बनता देख हरिवंश ने डायल 112 पर फोन कर पूरे मामले की सूचना दी। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही घाटमपुर पुलिस गेस्ट हाउस पहुंची, जहां हरिवंश बाहर खड़े पुलिस का इंतजार कर रहा था। हरिवंश ने पुलिस को बताया कि 'साहब' गेस्ट हाउस के अंदर मेरी पत्नी दूसरी शादी कर रही है। पुलिस शादी रोकवाने के बजाय हरिवंश को पकड़कर थाने ले आई और उससे पूछताछ शुरू कर दी।

**कानून का पेच**

- गुहार लगाने पर पुलिस ने पति को घाटमपुर थाने में बिठाया
- उधर गेस्ट हाउस में फटाफट हुई शादी और दुल्हन की विदाई

इधर, पुलिस हरिवंश को थाने में बिठाकर पूछताछ करती रही, उधर गेस्ट हाउस में जल्दी-जल्दी शादी की रस्मे पूरी की जाने लगीं। पुलिस के गेस्ट हाउस पहुंचने के बाद डीजे का शोर भी थम गया और अफरा-तफरी के बीच भांवरों की शुरुआत हो गई। भांवरों के दौरान मंगल गीत गूंजने के बजाय पंडित सरसरी लहजे में मंत्र बोल रहे थे। सात फेरे पूरे होने के बाद दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन को लेकर विदा हो गया। बाराती भी चले गए। कुछ ही देर में गेस्ट हाउस में सन्नाटा पसर गया।



पत्नी के साथ की फोटो दिखाता रहा हरिवंश। अमृत विचार

> पुलिस को शादी रोकवाने का अधिकार नहीं है। कोर्ट में दोनों के बीच तलाक का मुकदमा चल रहा है। कोर्ट ने शादी रोकने को लेकर कोई आदेश नहीं दिया है। इसी वजह से पुलिस ने युवती की शादी नहीं रोकवाई है।
>
> –रंजीत कुमार सिंह, एसीपी घाटमपुर

### पत्नी के नाम खरीदा था प्लॉट, चली गई थी मायके

पुलिस की पूछताछ में हरिवंश ने बताया कि उसने कूष्मांडा देवी मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से युवती के साथ शादी की थी। शादी के बाद वह उसे लेकर लखनऊ में किराए पर रह रहा था। उसने अपनी पत्नी के नाम एक प्लॉट खरीदा था। प्लाट खरीदने के बाद पत्नी का मन बदल गया और वह अपने मायके चली आई। जब वह पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा तो उसके साथ मारपीट की गई और उसकी दूसरी शादी करने की चर्चा शुरू कर दी। इस बात की जानकारी होने पर उसने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी।

### पत्नी ने दर्ज कराया था रेप का केस, चार्जशीट दाखिल

घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि हरिवंश से पूछताछ की जा रही है। वह शादी में शांति भंग कर रहा था, जिसके आधार पर उसे पकड़कर थाने लाया गया है। पुलिस ने मुताबिक हरिवंश जिस युवती को अपनी पत्नी बता रहा है, उसने सजेती थाने में दुष्कर्म का मुदकमा दर्ज कराया था। पुलिस ने उसके खिलाफ कोर्ट में चारशीट भी दाखिल की है। कोर्ट में दोनों के बीच तलाक का मुकदमा चल रहा है। कोर्ट में युवक ने शादी होने की जानकारी दी थी, लेकिन कोर्ट ने शादी रोकने का कोई आदेश नहीं दिया।

### कानपुर देहात में चल रहा तलाक का मुकदमा

हरिवंश ने बताया कि ससुरालीजनों के पिटाई करने के बाद उसने कानपुर देहात की कोर्ट में तलाक का मुकदमा दायर किया था, जो अभी विचाराधीन है। दो दिन पहले ही वह मुकदमे की तारीख में कोर्ट गया था। कोर्ट से वापस आने के बाद ही उसे पत्नी की दूसरी शादी करने की बात पता चली थी। उसने घाटमपुर एसीपी कार्यालय में शिकायत कर शादी रोकवाने की मांग की थी।

## हादसे में बाइक सवार भाई व बहन घायल

**घाटमपुर।** घाटमपुर-गजनेर मार्ग पर हथेही गांव के सामने तिराहे के मोड़ पर मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाईं में जा गिरे, जिससे बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस के जरिए उन्हें सीएचसी भेजा गया।

बरौली गांव के रहने वाले विनोद सचान का पुत्र रोहित सचान अपनी बहन नैंसी सचान को पुलिस भर्ती परीक्षा दिलाने के लिए मंधना गया था। परीक्षा खत्म होने के बाद दोनों मोटरसाइकिल से अपने गांव बरौली लौट रहे थे। गजनेर रोड पर हथेही गांव के सामने मोड़ पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर छह फीट नीचे खाईं में जा गिरी, जिससे मोटरसाइकिल चला रहे रोहित के साथ उसकी बहन नैंसी को गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# लाश गलाने के लिए छिड़का था नमक

## साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में किसान की हत्या के मामले में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर

संवाददाता, भीतरगांव

**अमृत विचारः** साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में बुधवार की रात तिलक समारोह में नशेबाजी को लेकर विवाद के बाद अधेड़ की हत्या के मामले में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद फरार दो आरोपियों की तलाश तेज हो गई है। इस बीच यह भी बात सामने आई है कि कुएं में शव फेंकने के बाद गलाने के लिए नमक भी छिड़का गया था। साढ़ थाने की पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में बुधवार को अविवाहित हरिबहादुर सिंह उर्फ टिक्कर सिंह का एक तिलक समारोह के दौरान गांव के ही अरुण दुबे उर्फ छोटू से विवाद हुआ था। विवाद की वजह नशेबाजी थी। गांव वालों के बीच-बचाव करने के बाद टिक्कर सिंह तिलक समारोह से घर चला गया था और फिर रोजाना की तरह नलकूप में सोने के लिए घर से निकला था। इसी बीच रास्ते में मंदिर के पास उसके सिर में भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या कर दी गई और फिर घटनास्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर कुएं में शव फेंक दिया गया था।

**टिक्कर हत्याकांड**

- मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद दो की तलाश तेज
- तिलक समारोह में विवाद के बाद रात में हुई थी हत्या



किसान हरिबहादुर सिंह उर्फ टिक्कर।



मुख्य आरोपी अरुण दुबे उर्फ छोटू।

खास बात यह है कि मंदिर के पास से कुएं तक खून के धब्बे मिलने से हत्या का खुलासा हुआ था। दरअसल, टिक्कर सिंह की शादी नहीं हुई थी। वह अपने भतीजों के साथ रहता था और खेती-किसानी का काम करता था। वह नियमित रूप से रात में सोने के लिए नलकूप जाता था। रात में परिवार वालों को इस बात का कतई आभास नहीं हुआ कि टिक्कर सिंह की हत्या कर दी गई है। खून के धब्बे और कुएं में लाश मिलने के बाद जब खोजबीन हुई तब पता चला कि टिक्कर सिंह की हत्या कर दी गई है।

तिलक समारोह में विवाद और फिर कुएं में लाश बरामद होने के बाद परिवार वालों ने अरुण दुबे उर्फ छोटू को पकड़ लिया था और पुलिस के हवाले कर दिया था। टिक्कर सिंह के भतीजे धर्मेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि हत्या के बाद शव को गलाने के लिए उस पर नमक का छिड़काव किया गया और लेप लगाकर कुएं में फेंक दिया गया। किसी को कुछ पता नहीं चल सके, इसके लिए कुएं में ऊपर से लाही का भूसा डाल दिया गया था।

### मुख्य आरोपी की बहन भी साजिश में शामिल

टिक्कर सिंह के भतीजे धर्मेन्द्र सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अरुण दुबे उर्फ छोटू, उसकी बुआ के लड़के शेष नारायण तिवारी और छोटू की बहन निधि के विरुद्ध धारा-302,201 और 120बी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। बहन को साजिश में शामिल बताया गया है। घटना के बाद से बहन भी गायब है।

### एसओ बोले, जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी

हत्या का मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और पूछताछ के आधार पर ही फरार दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। साढ़ थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एक-दो दिन के अंदर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# राइस मिल में श्रमिक की मौत मालिक पर हत्या का आरोप

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचारः** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के दासा निवादा गांव स्थित दुर्गा राइस मिल में संदिग्ध परिस्थितियों में एक श्रमिक का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई। राइस मिल पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया।

शिवराजपुर क्षेत्र के राधन रोड दासा निवादा गांव के पास दुर्गा राइस मिल है, जहां कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के चांदापुर गांव का रहने वाला कृपाशंकर अग्निहोत्री (45) पुत्र रामशरण अग्निहोत्री काम करता था। वह उत्तरीपुरा में रहकर राइस मिल ड्यूटी करता था। शनिवार की सुबह लहूलुहान हालत में उसका शव राइस मिल के अंदर पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पूरे इलाके में फैल गई। सूचना पर पहुंचे कृपाशंकर के बेटे वशिष्ठ अग्निहोत्री ने बताया कि उनके पिता और राइस मिल मालिक के बीच एक महीने पूर्व विवाद हुआ था, फिर भी पिता राइस मिल में काम करने आते थे। उसी विवाद का बदला लेने के लिए राइस मिल मालिक ने यह कदम उठाया है। बेटे ने राइस मिल मालिक पर आरोप लगाया कि पिता की हत्या की गई है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



श्रमिक की मौत के बाद राइस मिल के बाहर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### मशीन में अंगौछा फंसने से हुई मौतः एसीपी

एसीपी अजय त्रिवेदी ने बताया मौके पर प्रारंभिक जांच-पड़ताल की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक छानबीन में राइस मिल में मशीन पर काम करते समय गर्दन का अंगौछा फंसने से गिरकर मौत होने की बात सामने आई है। फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# अवैध मिट्टी खनन में तीन पर दर्ज हुई रिपोर्ट

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** ककवन थाना क्षेत्र के विषधन गांव में बीते दिनों सरकारी भूमि से मिट्टी खोदने पर लेखपाल की तहरीर पर जेसीबी मालिक समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ककवन थाना क्षेत्र के विषधन के हल्का लेखपाल गोपाल दीक्षित ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते दिनों जेसीबी मालिक गया प्रसाद, अंकित कुमार व प्रदीप कुमार ने मिलकर सरकारी भूमि से मिट्टी का अवैध खनन किया है, जिसकी मौके पर जाकर नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने जांच की। जांच में अवैध खनन के आरोप सही निकले। इसके बाद लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर तीनों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

ककवन के विषधन क्षेत्र मे कई जिम्मेदारों की मौन स्वीकृति के चलते अवैध खनन का काला कारोबार चल रहा है। विषधन क्षेत्र में दो गुट लगातार खनन के मामले में सरकार की फजीहत कराते हैं। इस बार एक गुट की प्रशासन के साथ जुगलबंदी से दूसरा गुट शिकार में फंस गया और रिपोर्ट दर्ज हो गई। अब कार्रवाई कितनी कारगर होगी, यह देखने लायक होगा।

# टू लेन साढ़ मार्ग का जल्द होगा निर्माण

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** साढ़ से घाटमपुर टू लेन सड़क का जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा, इससे आवागमन इस मार्ग पर आवागमन काफी सुगम होगा। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील की पहल पर लोगों को टू लेन सड़क की सौगात मिलेगी।

घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने बीते दिनों लखनऊ पहुंचकर लोक निर्माण मंत्री जतिन प्रसाद से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपकर घाटमपुर से साढ़ जाने वाले मार्ग समेत दो अन्य मार्गों को टू लेन बनाने की मांग की थी, जिस पर शासन ने हरी जल्दी दे दी है। वहीं पीडब्ल्यूडी की ओर से घाटमपुर से साढ़ जाने वाले मार्ग के लिए निविदा जारी की गई है। मंत्री को दिए पत्र में विधायक कुरील ने लिखा था कि घाटमपुर नगर में मां कुष्मांडा देवी का भव्य और ऐतिहासिक मंदिर है, ऐसे में यहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

विधायक ने बताया कि यह रोड भीतरगांव ब्लॉक मुख्यालय के रास्ते होते हुए नरवाल और घाटमपुर दोनों तहसीलों को जोड़ता है। सिंगल लेन होने से समय के साथ आने जाने में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिससे आए दिन हादसे होते हैं। उन्होंने इस रोड को टू लेन बनवाने की मांग की है। लोक निर्माण मंत्री जतिन प्रसाद ने पत्र को संज्ञान में लेकर पीडब्ल्यूडी को भेजा था। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने निविदा जारी की है। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील का कहना है कि उन्होंने लोगों की समस्याओं को लोग निर्माण मंत्री के सामने रखा था। सड़क को 2 लेन बनवाने के बाद लोगों को रोजाना होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी।



घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने प्रमुख सचिव से की थी मुलाकात। अमृत विचार

### निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से निविदा जारी

घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान प्रमुख सचिव ने विधायक सरोज कुरील को बताया कि पीडब्ल्यूडी की ओर से साढ़- घाटमपुर मार्ग को टू लेन करने के लिए निविदा जारी कर दी है।

## सार-संक्षेप



प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को मेडल और प्रमाणपत्र दिए गए। अमृत विचार

### प्रतियोगिता के मेधावी बच्चों को मेडल देकर बढ़ाया हौसला

**घाटमपुर।** कस्बे के एसेंट पब्लिक स्कूल में ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर उत्साहित किया गया। कक्षा दो की छात्रा हर्षली शुक्ला नेशनल टॉपर बनीं। समारोह में प्रबंध समिति की सदस्य आरती वर्मा ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और इसी प्रकार मेहनत करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार माथुर ने विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम करने और अपने माता-पिता के साथ विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। मेडल पाकर बच्चे चहकते रहे।

### घरेलू विवाद में देवर ने भाभी के साथ की मारपीट

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मेघनीपुरवा गांव में शनिवार दोपहर घरेलू विवाद को लेकर देवर ने भाभी के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के मेघनीपुरवा गांव की निवासी रुचि पत्नी कपिल ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि घरेलू मामलों को लेकर देवर आए दिन उसके साथ गाली गलौज करता है। शनिवार दोपहर भी देवर ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर मे गंभीर चोट आई। पीड़िता को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। थाना प्रभारी संजय पांडे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### घाटमपुर के गुजेला में रामलीला आज, तैयारियां पूरी

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के गुजेला गांव में जय श्रीराम रामलीला कमेटी की ओर से 18 फरवरी को रामलीला का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रधान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता चंद्रभान सिंह परिहार ने बताया कि रामलीला समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया और पतारा ब्लॉक प्रमुख के पति अजय सिंह सेंगर सहित अनु अवस्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण धर्म संस्कार सहित अन्य धार्मिक चैनलों पर किया जाएगा।

### चोर बिल्कुल बेखौफ, घाटमपुर थाने के पास से बाइक चोरी

**घाटमपुर।** कोतवाली के पास से एक अपाचे मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घाटमपुर कस्बा कटरा पूर्वी मोहल्ला निवासी कासिम पुत्र मुस्तकीम अहमद ने पुलिस को प्रार्थना पर देकर बताया कि वह 15 फरवरी को शाम 7 :00 बजे अपनी मोटरसाइकिल अपाचे 160 सीसी रंग नीला जिसका नंबर यूपी 78 जी एल 5573 से ज़रुरी काम से कोतवाली के पास जयराम होटल के बगल में अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर मस्जिद के ऊपर मोबाइल की दुकान में अपना मोबाइल सही कर रहा था। कुछ समय के बाद जब वह फोन ठीक करने के बाद वापस अपनी मोटरसाइकिल के पास आया तो देखा की मौके पर प्रार्थी की मोटरसाइकिल गायब थी। प्रार्थी ने काफी देर तक अपनी मोटरसाइकिल की खोजबीन की मोटरसाइकिल की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली तब प्रार्थी ने घाटमपुर थाने में जाकर मोटरसाइकिल की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए प्रार्थना पर दिया था। प्रार्थी कासिम ने बताया कि घाटमपुर पुलिस ने अभी तक चोरी की रिपोर्ट नहीं लिखी है। जिसको लेकर वह मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत दर्ज की है।

**उद्घाटन की तैयारी** | मार्च से शुरू होगा हथियार और कारतूस का उत्पादन, मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, नर्वल एसडीएम ऋषभ वर्मा ने किया निरीक्षण

# साढ़ में डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट बनकर तैयार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** साढ़ में निर्माणाधीन डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट बनकर लगभग तैयार हो चुकी है। दो यूनिटों का निर्माण कार्य चल रहा है। यूपीडा ने शासन को पत्र भेजकर पहली यूनिट का उद्घाटन कराने के साथ यहां हथियार और कारतूस का उत्पादन शुरू कराने की जानकारी दी है। नर्वल एसडीएम ऋषभ वर्मा ने शनिवार को डिफेंस कॉरिडोर पहुंचकर निरीक्षण किया।

साढ़ में अडाणी ग्रुप के एशिया के सबसे बड़े डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण चल रहा है। यूपीडा की ओर से शासन को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि यहां निर्माणाधीन डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट बनकर लगभग तैयार हो चुकी है, जिससे यहां मार्च से हथियार और कारतूस का निर्माण शुरू किया जा सकता है। अन्य दो यूनिट का निर्माण कार्य जारी है, जिसके अगले वर्ष तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है।



कॉरिडोर में बनकर तैयार हुई पहली यूनिट। अमृत विचार

यूपीडा ने शासन को भेजे गए पत्र में पहली यूनिट का उद्घाटन करने की सिफारिश की है। बताया जा रहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट का शुभारम्भ करेंगे। ऐसी जानकारी मिलने पर देर रात नर्वल एसडीएम ऋषभ वर्मा डिफेंस कारिडोर पहुंचे और तैयार यूनिट का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई है।

**वर्ष 2022 में शुरू हुआ था निर्माणः** साढ़ में निर्माणाधीन डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण दिसंबर 2022 में शुरू हुआ था। यहां कारतूसों की टेस्टिंग के लिए 300 मीटर एवं 30 मीटर की दो-दो शूटिंग रेंज बनकर तैयार हो चुकी हैं। यहां हथियार और कारतूसों के निर्माण के बाद उनके भंडारण के लिए अलग अलग स्टोरेज यूनिट भी बन गई हैं, जिनमें कारतूस और हथियारों का भंडारण किया जाएगा। इसके बाद देश भर में सप्लाई होगी।

**207 करोड़ का प्रस्ताव पास, जल्द बनेगी सड़कः** शासन की पहल पर पीडब्ल्यूडी की ओर से नर्वल-साढ़ मार्ग का चौड़ीकरण कराकर फोरलेन किया जाएगा। 15.650 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण कर फोरलेन करने के लिए 207.54 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। इस प्रस्ताव पर लोक निर्माण मंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है। पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क निर्माण के लिए निविदा जारी की गई है। जल्द सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा।

**सड़क बनने से औद्योगिक इकाई को होगी आसानीः** हाईवे पर नर्वल मोड़ से साढ़ तक लगभग 16 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनाने की योजना बनाई गई है। यह सड़क साढ़ डिफेंस कॉरिडोर तक पहुंचेगी। कानपुर-सागर हाईवे से रमईपुर वाया साढ़ होते हुए जहानाबाद से मुगल रोड को जोड़ता है। इसी तरह चकेरी-प्रयागराज हाईवे से नर्वल मोड़ से साढ़ होते हुए जहानाबाद राजमार्ग है। इसके माध्यम से डिफेंस कॉरिडोर तक पहुंच सकते हैं। डिफेंस कॉरिडोर में औद्योगिक इकाइयां लगाने के दौरान यहां ट्रकों से मशीनरी और कल-पुर्जे लाने-ले जाने में आसानी होगी।

### दो यूनिट बनने के बाद ही बनेंगे गोला-तोप

साढ़ में निर्माणाधीन डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट बनकर तैयार हो गई है। यहां दो यूनिट का निर्माण कार्य जारी है। यहां दोनों यूनिटों का काम पूरा होने के बाद गोला बारूद समेत तोप बनने का कार्य शुरू होगा। यह आर्डिनेंस फैक्ट्री एशिया की सबसे बड़ी फैक्टी बताई जा रही है। इससे आसपास के गांवों को विकास की नई राह मिलेगी।

### दुनिया भर में प्रयोग होंगे गोला और गोलियां

यह डिफेंस कॉरिडोर रक्षा क्षेत्र में देश के लिए बड़ा कदम है। अडाणी ग्रुप लगभग 1500 करोड़ रुपये की योजनाओं को अंतिम रूप दे चुका है। यहां 7 .62 और 5 .56 मिमी. कैलिबर की गोलियों का उत्पादन होगा। यहां से पूरे देश में यह गोलियां सप्लाई होंगी। इन गोलियों का प्रयोग पूरे देश में असॉल्ट राइफलों और कारबाइन के लिए किया जाएगा।

### 1500 युवाओं को मिलेगा रोजगार

साढ़ में निर्माणाधीन डिफेंस कॉरिडोर में क्षेत्र के 1500 युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। अडाणी ग्रुप ने जून 2022 में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए कहा था कि यह डिफेंस फैक्ट्री 1500 युवाओं को रोजगार देगी। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट लगभग बनकर तैयार हो चुकी है।


केंद्रों पर लगी परीक्षार्थियों की लाइन। अमृत विचार


शुक्लागंज के गोपीनाथपुरम स्थित परीक्षा केन्द्र पर लगी अभ्यार्थियों की भीड़। अमृत विचार


बायोमैट्रिक मिलान करते शिक्षक। अमृत विचार

# अफसर रहे चौकन्ना, पहले दिन सकुशल निपटी परीक्षा

## पहले दिन की दो पालियों में 689 परिक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा, कड़ी चेकिंग के बाद मिला केंद्र में प्रवेश, चौकन्ना रहा प्रशासन

संवाददाता उन्नाव/शुक्लागंज

**अमृत विचार।** जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी पुलिस की भर्ती परीक्षा पहले दिन सकुशल निपट गई। 24 केंद्रों पर हुई परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना रहा। डीएम व एसपी ने खुद परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां बने कंट्रोल रूम चेक किये। इसके अलावा स्टेटिक्स व सेक्टर मजिस्ट्रेट भी लगातार निगरानी करते रहे। पहले दिन दोनों पालियों में शामिल होने वाले 21,668 में कुल 689 परिक्षार्थी गैरहाजिर रहे।


निगरानी करतीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की पहली पाली में 10,584 में 338 व दूसरी पाली में 351 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा नकल विहीन व शांतिपूर्वक ढंग से कराने के लिए पुलिस फोर्स तैनात हो गया था। सुबह से केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी लाइन लग गई। मुख्य गेट पर प्रवेश पत्र में लगे बार कोड को स्कैन करने व चेकिंग के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। वाइस सीसीटीवी की निगरानी में हुई परीक्षा के दौरान आंतरिक सचल दल भी निगरानी करता रहा। डीएम अपूर्वा दुबे व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने केंद्रों पर औचक निरीक्षण करने के साथ कंट्रोम रूम में सीसीटीवी फुटेज चेक किए। नोडल एएसपी अखिलेश कुमार सिंह व अन्य सीओ भी लगातार भ्रमण करते रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए सर्विलांस सेल के साथ खुफिया विभाग भी पूरे दिन सक्रिय रहा।

### सीसीटीवी के साथ जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट डटे रहे

परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कराई गई। डीएम अपूर्वा दुबे ने सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से पूरी रहें। जिससे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैलकुलेटर, रूल, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक घड़ी आदि ले जाने की अनुमति नहीं थी।

### आवागमन के संसाधनों की रही मारामारी

उन्नाव। पड़ोसी जिलों से भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। इसके चलते शनिवार को रेलवे स्टेशन सहित बस स्टैंड पर भारी भीड़ रही। पहले चढ़ने को लेकर धक्का मुक्की से लेकर मारपीट तक की नौबत आ गई। हालांकि मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हे समझा बुझाकर शांत कराया।

### अभ्यार्थियों की हुई बॉयोमैट्रिक अटेंडेंस

- कक्ष में कोई सॉल्वर या मुन्ना भाई न पहुंचे इसके लिये दोनों पालियों में अभ्यर्थियों की बॉयोमैट्रिक अटेंडेंस हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले एक बार बॉयोमैट्रिक हुआ। इसके बाद परीक्षा के समापन से पहले कराई गई।

### मेटल डिटेक्टर से हुई चेकिंग, लगाए गए जैमर

- कक्ष में पहुंचने से पहले सभी अभ्यार्थियों की मेटल डिटेक्क्टर से चेकिंग की गई। इसके साथ ही कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस काम न करे, इसके लिये केन्द्रों में जैमर लगाकर मोबाइल नेटवर्क बंद किए गये।

### परीक्षा समाप्त होने के बाद लगा जाम

- **उन्नाव।** परीक्षा के दौरान जाम न लगे इसके लिए पुलिस द्वारा किए गए प्रयास के बाजवूद दोनों पालियों में अभ्यर्थियों को जाम का सामना करना पड़ा। हालांकि ट्रैफिक, होमगार्ड और पीआरडी जवानों के साथ जुटे पुलिस के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया।

### ई-रिक्शा व ऑटो वालों की रही चांदी

- **उन्नाव।** परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने और वापस लौटने के दौरान ई-रिक्शा और आटो वालों ने भीड़ अधिक देख अभ्यर्थियों से अधिक किराया वसूला। साधन कम होने की वजह से लोगों ने मजबूरी में अधिक रुपए दिए। परीक्षा समाप्त होने के कुछ समय पहले ही केंद्रों के बाहर ई-रिक्शा व आटो खड़े रहे।

# आवारा मवेशियों से किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** खाद, बीज, पानी व बिजली की दरों में भारी वृद्धि कर भाजपा की डबल इंजन सरकार पहले ही किसानों की कमर तोड़ चुकी है। उनकी फसलें अन्ना जानवर चर कर किसानों को मजदूर बनने या आत्महत्या करने को मजबूर कर रहे हैं।

यह बात पूर्व सांसद व सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के गंजमुरादाबाद ब्लाक अंतर्गत बल्लापुर गांव की नुक्कड़ सभा में कही। उन्होंने लोगों से भाजपा सरकार की किसान, नौजवान व मजदूर विरोधी नीतियों का पर्दाफाश कर आगामी लोकसभा चुनाव में सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया। कहा कि पूंजीपतियों के इशारे पर चल रही सरकार किसानों, नौजवानों और मजदूर की कभी हितैषी नहीं हो सकती। सरकारी संस्थाओं में नौकरी समाप्त कर इस सरकार ने सबसे बड़ा मज़ाक युवाओं से किया है। इससे पिछले 10 साल में बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि हुई। पुलिस भर्ती के लिए पूरे प्रदेश में छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। जबकि शारीरिक दक्षता पुलिस की पहली अनिवार्यता है। जो लिखित परीक्षा से पहले होनी चाहिए थी। लेकिन, सरकार इन बेरोजगार युवाओं का आर्थिक शोषण भी कर रही है। उन बेरोजगारों से भी आठ-आठ सौ रुपए वसूल लिए जो शारीरिक रूप से परीक्षण में फेल हो जायेंगे। सभा में पूर्व विधायक बदलूं खां ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं दूसरी जंगे आजादी है। हम सभी को यह जंग मिलकर लड़नी होगी। पूर्व सांसद ब्लाक क्षेत्र के भिखारीपुर, सिरधरपुर, गहर पुरवा, कुशराजपुर, रतई पुरवा, गढेवा, देवरिया, सुल्तानपुर, कपूरपुर, खम्भौली, मवई धनश्याम गावों के लोगों से भी मिलने पहुंचीं। इस दौरान शशांक शुक्ला, मुन्ना अल्वी, राधेलाल निषाद, नत्था निषाद, यशोदा निषाद, लक्ष्मी कुशवाहा, रमेश रावत, डा. रामपाल कुशवाहा, विनय यादव, सरवन यादव, शिव शंकर वर्मा, मंजीत यादव रहे।


आम जनमानस को संबोधित करतीं अन्नू टंडन। अमृत विचार

# दो छात्रों को मिलेगा साइंस इंस्पायर अवार्ड

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आरएस इंटर कॉलेज के दो होनहार छात्र मॉडल इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित हुए हैं। इसके बाद अब दोनों चयनित छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने माडल्स प्रस्तुत करेंगे।

माडल इंस्पायर मानक अवार्ड अंतर्गत विद्यालय के कक्षा-6 के छात्र सक्षम सिंह का मॉडल 'टर्म प्लास्टिक इन टू ए शेल्टर स्ट्रीट डॉग्स' और कक्षा 8 के छात्र प्रतीक पटेल का मॉडल 'एक्यू पॉस्चर आई आर सेंसर चेयर' अवार्ड के लिए चयनित हुआ है। प्रबंधक रिजवान अहमद ने बताया कि विज्ञान एवं प्रद्योगिकी विभाग द्वारा विद्यार्थियों में नवाचार को बढ़ाने के लिए इंस्पायर मानक अवार्ड दिया जाता है। जिसमें बच्चों को विज्ञान एवं सामाजिक अनुप्रयोगों से संबंधित अपने एक ऐसे आईडियाज़ को प्रोजेक्ट के माध्यम से मिनिस्ट्री के पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करना होता है, जिस पर भविष्य में कोई नया अविष्कार हो सके। अवार्ड के लिए विद्यालय के छात्रों का चयन होने पर विद्यालय परिवार में ख़ुशी की लहर है। प्रबंधक ने चयनित छात्रों व विज्ञान के वरिष्ठ अध्यापक आकाश सचान को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि दोनों छात्र अब राज्य स्तर पर अपने मॉडल्स प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के कोआर्डिनेटर आमिर अहमद सहित सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


सक्षम सिंह।


प्रतीक पटेल।

# कठिन विषयों को सहज बनाता है योग

**पाटन उन्नाव।** नगर पंचायत भगवंत नगर स्थित यूएन पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्रों व शिक्षकों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक ने पूरी ऊर्जा के साथ पढ़ाई करने और याददाश्त बढ़ाने के लिए योग सिखाये।

योग प्रशिक्षक डा. अमित गौरया द्वारा विद्यालय में योग शिक्षा के महत्व के सन्दर्भ में छात्रों को संज्ञान करवाया एवं विभिन्न योग मुद्राएं करवाकर उनके महत्व से छात्रों को परिचित करवाया। दैनिक जीवन चर्या में परिवर्तन करके एवं योग को जीवन का अंग बनाकर वर्तमान परिदृश्य में होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। अनुलोम.विलोमए कपालभातिए भुजंगासनए सूर्य नमस्कार जैसी योग विधियों को उन्होंने प्रयोग करवाया और उनके परिणाम की विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य वीडी शुक्ला ने दैनिक जीवन में प्रोसेस्ड और जंक फूड को दूर करके जबकि मोटे अनाज खाने की सलाह दी।

## सार-संक्षेप

### किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को तीन साल की सजा

**उन्नाव।** माखी थानांतर्गत करीब नौ साल पहले किशोरी के हुए छेड़छाड़ के मामले की अंतिम सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने युवक को दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही आठ हजार का अर्थ दंड भी लगाया गया। माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने 30 जून-2015 को थाने में तहरीर देकर अखिलेश पुत्र श्रीकांत त्रिवेदी निवासी परेंदा थाना माखी पर उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। बेटी से जानकारी पर किशोरी के पिता ने युवक के घर उलहाना देने गए तो आरोपी के भाई अश्वनी ने मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सगे भाईयों के खिलाफ छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली। तब से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को विशेष न्यायालय पाक्सो कोर्ट संख्या-12 में मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की दलीलों को सुनने के बाद एडीजे जयवीर सिंह नागर ने अखिलेश को छेड़छाड़ का दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा और आठ हजार रुपये अर्थदंड व वहीं उसे भाई अश्वनी को जान से मारने की धमकी देने पर एक साल की कैद और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### भारत संकल्प यात्रा में दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**नवाबगंज।** भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में नगर पंचायत कार्यालय परिसर व बाजार स्थल पर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के बारे में लोगों को बताया गया। इसमें भारत को विश्व में तीसरी अर्थ व्यवस्था बनाने के लिये 2024 में फिर से भाजपा को जिताने की अपील की गयी। साथ ही सरकार की सभी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र द्विवेदी, अनुज सिंह, सुनीता, रितुराज मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रानिक तौल मशीन बनी कोटेदारों के गले की फांस

**नवाबगंज उन्नाव।** शासन द्वारा राशन दुकानों पर लगाई गईं इलेक्ट्रानिक तौल मशनी से राशन वितरण के आदेश दिये गये हैं। जो कोटेदारों के लिये परेशानी का सबब बन गई हैं। इस मशीन से केवल दिन भर मे एक या दो लोगों को ही राशन मिल पा रहा है। कोटेदारों ने इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। बता दें कि शासन स्तर से आदेश आया है कि राशन दुकानों में अब इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से राशन बांटा जाएगा। इस मशीन पर लाभार्थी का अगूंठा लगेगा और जितने यूनिट दर्ज हैं उतना राशन रखने पर ही मशीन काम करेगी। इस आदेश के बाद अब जब मशीन पर राशन तौलने का काम किया जा रहा है तो मशीन काम ही नहीं कर रही है। नवाबगंज के कोटेदार अमित कुमार ने बताया कि मशीन सही से काम नहीं कर रही है। दिन भर में केवल एक व्यक्ति को राशन दिया जा सका है।

### प्रधान पति पर जमीन की नाप न करने देने का आरोप

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव चिलौला में जमीन नापने गये राजस्व कर्मियों से ग्राम प्रधान पति ने जमकर विवाद किया और गालीगलौज की। इस पर पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। चिलौला गांव निवासी शुभम पुत्र रामऔतार ने कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि गांव में उसकी पैत्रक जमीन है। जिस पर प्रधान पति ने बीते कई साल से जबरन कब्जा कर रखा है। जिसकी शिकायत उसने तहसील में की तो एसडीएम ने जमीन नापने के निर्देश लेखपाल व कर्मचारियों को दिये। निर्देश पर टीम गांव में जमीन नापने पहुंची तो वहां प्रधान पति जमीन को लेकर मुकदमा चलने की जानकारी दी। और जमीन न नापने की बात कही। इसके लेकर विवाद हो गया। पीड़ित का आरोप है कि प्रधान पति ने जमीन नहीं नापने दी और उसे जान से मारने की धमकी दी।

# मारपीट व धमकी देने का आरोप

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दौलत खेड़ा गांव निवासी 16 वर्षीय दीपक पुत्र राज रावत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार दिन पूर्व वह खेत में भैस चरा रहा था। तभी गांव निवासी मनीष पुत्र नन्हके, रहमान पुत्र बउरी, विशाल उर्फ लुक्का पुत्र रहेमान, सुट्टी पुत्र मोहन, कन्हई पुत्र कल्लू खेत में आकर मारपीट की।

# 1.94 करोड़ से दूर होगा फतेहपुर चौरासी क्षेत्र का जलभराव


नाला निर्माण के लिये सर्वे करते अधिकारी-कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- ईओ के निर्देश पर नाला निर्माण के लिये किया गया सर्वे
- लोगों को जल निकासी के लिए अब समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा

**अमृत विचार।** नगर पंचायत क्षेत्र में जल निकासी योजना के अन्तर्गत 1.94 लाख से कस्बे में मुख्य मार्ग के दोनों ओर नाले का निर्माण कराया जाएगा। जिसके लिए ईओ के निर्देशन में जगह का सर्वे किया गया।

नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में कालीमिट्टी-दबौली मार्ग पर मोहल्ला मोतीनगर, शास्त्री नगर, सुभाष नगर पश्चिमी, फिरोज नगर आदि क्षेत्र के लोगों को जल निकासी के लिए अब समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

जिसके लिए नगर पंचायत 1.94 लाख की लागत से मार्ग पर निरीक्षण भवन से बीबी तालाब तक दोनों ओर नाले का निर्माण कराने जा रही है। ईओ अरविंद सिंह ने बताया कि मुख्य मार्ग पर नाले की समस्या थी। जिसे देखते हुए नाले का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कराया जाएगा।

जीवन की डगर — मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के कार्यक्रम में बेटियों के हाथ पीले हुए

# विवाह बंधन में बंधे 322 जोड़े, जनप्रतिनिधियों दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत सभी छह विधानसभाओं में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कुल 322 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। जहां संबंधित विभागों के अफसरों के अलावा जन प्रतिनिधियों ने पहुंचकर नव दम्पत्तियों को शुभकामनाएं दीं।

पुरवा संवाददाता के अनुसार, विकासखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक अनिल सिंह के प्रतिनिधि मोहन सिंह व संतोष सिंह ने जोड़ों को आर्शीवाद व बधाई देते हुए योगी सरकार की योजनाओं को गिनाया। उन्होंने नव दंपत्तियों को सरकार की ओर से दी जाने वाली सामग्री व प्रमाणपत्र देकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में हिलौली ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने कहा कि योगी सरकार की इस योजना से गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह कराकर पुण्य का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान पुरवा ब्लाक से 12, हिलौली 17, असोहा 13, बिछिया 10 व नगर पंचायत पुरवा से 1 जोड़े का विवाह कराया गया। इस दौरान पुरवा भाजपा प्रमुख सतीश चौधरी, बीडीओ डा. संतोष श्रीवास्तव, भाजपा जिला मंत्री डा. रजनीश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव, सचिव गुड्डू श्रीवास्तव, अनिल पटेल, दीपक कुमार गौतम आदि रहे।


पुरवा में होता जोड़ों का विवाह। अमृत विचार

गंजमुरादाबाद संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र के गांव कलवारी महमदाबाद स्थित मां ललिते अंबे लान अतिथि गृह में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत ब्लॉक गंजमुरादाबाद से 35, बांगरमऊ ब्लाक से 32 व फतेहपुर चौरासी ब्लाक से 29 और नगर पालिका बांगरमऊ क्षेत्र से एक जोड़ा शामिल हुआ। आचार्य द्वारा मंत्रोचार कर 96 हिंदू जोड़ों को वरमाला पहनाकर विवाह संपन्न कराया गया। जबकि दो मुस्लिम जोड़ों को काजी ने इस्लामी रश्म के मुताबिक निकाह कराया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक की पत्नी विभा कटियार व ब्लाक प्रमुख पति विवेक पटेल ने युगलों को विवाह प्रमाणपत्र देकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान उपायुक्त मनरेगा महेंद्र प्रताप चौबे, ब्लाक प्रमुख फतेहपुर चौरासी मनोज निषाद, जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह, बीडीओ सुरेंद्र प्रताप सिंह, कौशल कुमार रहे।

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, विकासखंड परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें स्थानीय ब्लॉक मियागंज, हैदराबाद, रसूलाबाद, ऊगू, सफीपुर नगर पंचायत के जोड़े शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अश्वनी दिवाकर ने पहुंचकर जोड़ों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया। विकासखंड अधिकारी गुलाब चंद्र ने मुख्य अतिथि का पुष्प देकर स्वागत किया। विधायक प्रतिनिधि ने सभी जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, बीडीओ गुलाब चंद्र, एडीओ पंचायत छोटेलाल, नगर पंचायत ऊगू के चेयरमैन प्रतिनिधि अनुज दीक्षित आदि मौजूद रहे। आचार्य रामजी तिवारी ने विवाह संपन्न कराए। इसके अलावा सदर विधानसभा क्षेत्र में 27, विधानसभा भगवंत नगर में 39, विधानसभा पुरवा में 54, विधानसभा मोहान में 62, विधानसभा सफीपुर में 43 और विधानसभा बांगरमऊ में 97 जोड़ों को मिलाकर कुल 322 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ


गंजमुरादाबाद में जोड़े को प्रमाणपत्र देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# तलाक, तलाक, तलाक बोल कर चला गया पति

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** रिहायशी प्लाट खरीदने के लिए दहेज में 10 लाख रुपए न दे पाने पर ससुरालियों ने विवाहिता को जमकर प्रताड़ित किया। प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके चली आई। इस पर पति ने ससुराल जाकर पत्नी को तीन तलाक़ दे दिया। पुलिस ने ससुरालियों के मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।




- महिला का आरोप पिता ने प्लाट खरीदने को रुपये नहीं दिये तो पति ने दे दिया तलाक

नगर के मोहल्ला गंभीर गिरि निवासी मंतशा पुत्री दिलशाद ने कोतवाली बांगरमऊ में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी कानपुर देहात जिला के थाना रसूलाबाद अंतर्गत गांव विरहुन निवासी आरिफ पुत्र सफीक अहमद से हुई थी। छह माह बाद उसके पति सहित सास सम्मो, जेठ शकील व जेठानी आरज़ू उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। सूचना मिलने पर उसके पिता दिलशाद दो अन्य रिश्तेदारों को लेकर उसकी ससुराल पहुंचे। तब ससुरालियों ने पिता से कहा कि कस्बा रसूलाबाद में प्लॉट खरीदने के लिए 10 लाख रुपए दे दो तो वे उनकी बेटी को प्रताड़ित नहीं करेंगे। इसके बाद बीमार हो जाने पर वह अपने मायके चली आई। बीती 11 फरवरी को उसका पति आरिफ उसके मायके आया और मुख्य मार्ग उन्नाव-हरदोई रोड पर उसने आनन-फानन उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने पति, जेठ व जेठानी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

# घर से निकलते ही भीषण जाम के होते 'शिकार'

- छात्र हो या ड्यूटी जाने वाले लोगों को हर वक्त जाम का सताता है डर
- कानपुर में दुकानों, फैक्ट्रियों में काम करने वाले समय पर नहीं पहुंच पाते दफ्तर

शुक्लागंज। वर्ष 2021 में पुराने गंगा पुल की कोठियों में दरार आने से पुल को बंद कर दिया गया था। लगभग तीन साल होने वाले हैं, इसके बावजूद कानपुर और उन्नाव जिला प्रशासन ने शुक्लागंजवासियों को जाम से निजात दिलाने के लिये कोई पुख्ता कदम नहीं उठाया और न ही जिले के सांसद और विधायक ने इस ओर कोई ध्यान दिया। जिससे तीन सालों से लोग प्रतिदिन महाजाम के झाम में फंसकर परेशान हो रहे हैं। इतना ही नहीं जाम में फंसकर दो मरीजों की मौत भी हो चुकी हैं। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने बालूघाट मोड़ से नवीन पुल तक चौड़ीकरण कराने की बात कही लेकिन उसे भी अमलीजामा नहीं पहनाया गया। जिससे नगर के करीब एक लाख से अधिक लोगों को जाम का दंश झेलना पड़ रहा है। शुक्लागंज संवाददाता अमन सक्सेना की रिपोर्ट...



नवीन पुल के रास्ते पर लगा जाम। अमृत विचार

## अंग्रेजों के जमाने में बना गंगा पुल जर्जर होने पर बंद किया गया

वर्ष 1874 में ब्रिटिश काल में अवध एंड रूहेलखंड लिमिटेड कंपनी ने पुराने गंगा पुल का कार्य कराया था। रेजीडेंट इंजीनियर एसबी न्यूटन ने असिस्टेंट इंजीनियर ई वेडगार्ड के साथ आठ सौ मीटर पुल को तैयार कराया था और सौ साल तक पुल का मियाद बताई गई थी। करीब 148 साल होने पर पुल की मियाद खत्म हो गई है। पुल की कानपुर की तरफ से 2, 10, 17 व 22 नम्बर की कोठी में दरारें आने के कारण 5 अप्रैल 2021 मध्य रात्रि को आनन फानन बंद करा दिया गया था। जिस कारण नवीन यातायात पुल पर वाहनों का अधिक भार बढ़ने के कारण लगभग तीन सालों से लोग जाम का दंश झेल रहे हैं। इसके साथ ही नगर में प्रमुख चैराहा थाने के सामने पोनी रोड चैराहा है। जहां टेंपो स्टैंड और ई रिक्शों की अधिक भरमार रहती है। जहां हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं पोनी रोड नगर का सबसे लंबा और संकरा मार्ग है। जहां चैबीस घंटे लोगों का आना जाना रहता है। यहां सुबह से शाम तक झंडा चैराहा से लेकर थाने के पास तक जगह-जगह जाम लगता है। वहीं बालूघाट मोड़ पर पुल की ढाल तक मार्ग संकरा होने के चलते वाहनों का भार अधिक रहता है। जिससे हर समय जाम ही जाम दिखता है। लेकिन यहां पर न तो जिले के अधिकारियों और पालिका प्रशासन हस्ताक्षेप करता है और न ही पुलिस। इसी तरह शुक्लागंज के हर मोड़ पर यातायात व्यवस्था ध्वस्त है। जबकि दो बार अपर पुलिस अधीक्षक टेंपो स्टैंड को शिफ्ट करने की बात कह चुके हैं, फिर भी उसे नहीं हटाया गया और न ही अतिक्रमण अभियान चला। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## जाम में फंसकर जा चुकी हैं जानें

26 जनवरी 2023 को गायत्री नगर के रिटायर्ड ओईएफ कर्मी राजेश शुक्ला थाने के पास जाम में फंस गये थे। जहां कानपुर इलाज के लिये नहीं पहुंच पाये और उन्होंने दम तोड़ दिया। कंचन नगर सावित्री को परिजन इलाज के लिये कानपुर ले जा रहे थे। पिछले साल दम तोड़ दिया था। इसी तरह आये दिन जाम मरीजों के लिये भारी पड़ता है।

### नये पुल को और चौड़ा करने की उठी मांग

शुक्लागंज की आबादी दिनों दिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में आने वाले दिनों में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से धड़ाम हो जायेगी। जिसे देखते हुये नगर के लोगों ने गंगा नदी पर एक और नये पुल की मांग की है। इसके साथ ही बालूघाट मोड से लेकर नवीन पुल के बीच चैड़ीकरण कराने की बात की है।

### दो लाख से अधिक लोगों का है प्रतिदिन आवागमन

गंगाघाट के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 10 लाख की आबादी है। जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश लोग कानपुर में नौकरी, पेशा, व्यापार, पढ़ाई के अलावा अन्य कार्य करने के लिये नवीन पुल से आते जाते हैं। इसके अलावा, कानपुर, उन्नाव और लखनऊ आने जाने के लिये भी लोग पुल से निकलते हैं। 24 घंटे में दो लाख से अधिक लोगों का इस पुल से आवागमन होता है।

### जाम से परेशान जनता ने बोल्डर हटाकर चालू कर दिया था नवीन पुल

वर्ष 2014-15 में नवीन पुल बनकर तैयार हो गया था लेकिन उद्घाटन न होने के कारण पुल यातायात के लिये चालू नहीं किया गया। इधर प्रतिदिन पुराने यातायात पुल पर कानपुर से लेकर शुक्लागंज के बीच भीषण जाम लग रहा था। जिससे परेशान जनता ने नवीन पुल के मुख्य द्वार पर लगे बोल्डर को हटाकर यातायात चालू कर दिया गया था। जिसके बाद जिला प्रशासन ने दोबारा बंद करा दिया था। इधर जाम लगने की जानकारी नगर के सपा कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन सीएम अखिलेश यादव को दी थी। जिस पर उन्होंने वर्ष 2014-15 में पुल को यातायात के लिये चालू करा दिया था। पुल चालू होने के काफी समय बाद लखनऊ से पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने इसका पुल का उद्घाटन किया था।

### रात के समय गुजरती हैं रोडवेज बसें और ट्रक

नवीन पुल से रात ग्यारह बजे के बाद से रोडवेज बसें और ट्रक निकलते हैं। भारी वाहनों के गुजरने से पुल कमजोर हो रहा है और पुल पर एक जानलेवा गड्ढा भी बन चुका है। जिसमें पुल की सरिया तक दिखने लगी हैं। जिसको पीडब्ल्यूडी कई बार भरवा चुका है लेकिन भारी वाहनों के गुजरने से गड्ढों दिनों दिन बड़ा होता जा रहा है। दो दिन पहले भी पीडब्ल्यूडी ने गड्ढें का पैचवर्क कराया है।

**1874** में बनाया गया था पुराना गंगा पुल

**2021** में कोठी में दरार आने से पुल बंद किया गया


घर से निकलते ही जाम से जूझना पड़ता है, प्रशासन को पुख्ता इंतजाम करने चाहिये। तीन सालों से जाम लग रहा है लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।
–वीरेन्द्र शुक्ला, सपा नेता


अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे छात्र और ड्यूटी वालों को दंश झेलना पड़ता है। इतना ही नहीं कानपुर में ड्यूटी करने वाले मजदूरों की नौकरी पर बन आई है।
–शरद सक्सेना, फैक्ट्री कर्मी


चौराहों पर पुलिस को सख्ती करनी चाहिये। जिससे जाम से राहत मिल सके। दो की मौत होने के बाद भी जिला प्रशासन जाम को लेकर नहीं चेता।
–अनुराधा सिंह, गृहणी


ई रिक्शों की भरमार से जाम लगता है। पालिका ने भी ई रिक्शों का रजिस्ट्रेशन कराने का काम शुरू कराया था लेकिन वह नहीं हो सका। ई रिक्शों ने ट्रैफिक बरबाद कर रखा है।
–आदित्य कुमार


दूसरा पुल भी जल्द बने। अगर पुल को लेकर अभी से ठोस कदम नहीं उठाये गये तो आने वाले दिनों में शुक्लागंज से कानपुर आना-जाना मुसीबत भरा हो जायेगा।
–आशीष बाजपेई, यूनियन बैंक कर्मी।


इस साल मेरी बोर्ड की परीक्षाएं हैं। जिस कारण स्कूल में प्रेक्टिकल चल रहे थे, नवीन पुल पर जाम लगने के कारण प्रतिदिन प्रेक्टिकल में देरी से स्कूल पहुंचे।
–मयंक सिंह, छात्र


सब्जी मंडी जाम का मुख्य कारण है, कानपुर और गंगाघाट पुलिस को कई बार जानकारी दी। इसके बावजूद सब्जी मंडी नहीं हटी। सीएम और पीडब्ल्यूडी को पत्र भेजा है।
–राहुल मिश्रा, भाजपा नेता


नवीन पुल पर जाम लगने के कारण अक्सर आफिस पहुंचने में देरी हो जाती है। देरी के कारण कई बार अधिकारी भी निरीक्षण पर रहते हैं। ऐसे में नौकरी का खतरा बन सकता है।
–अंशुमान तिवारी, बैंक कर्मी

# ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी से फैक्ट्री में आग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में लगे ट्रांसफार्मर में शार्टसर्किट होने से उठी चिंगारी से फैक्ट्री में आग लग गई। लपटें देख कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में मौजूद संसाधनों से आग बुझाने प्रयास किए। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दही थानांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के साइट नंबर-दो में राजरतन के नाम से एक फैक्ट्री में लोहे के एंगल बनते है। इसके लिए परिसर में ही एक विद्युत ट्रांसफार्मर लगा है। शनिवार दोपहर उसमें उसमें शार्ट सर्किट हुआ और आग लग गई मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। मौजूद संसाधनों से आग बुझाने प्रयास हुआ लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर बालू फेंककर आग पर काबू करने का प्रयास किया गया। लेकिन तब आग में विकराल रूप ले लिया लपटें बढ़ती देख सूचना पर दमकल विभाग को सूचना दी गई। फायर अफसर राम मिलन भारती दो गाडियों के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखो रुपए कीमत के लोहे के एंगल के साथ अन्य सामान जलने का अनुमान है। प्रबंधक एमएम सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने से लोहे के एंगल जले है। गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई।



आग बुझाने को पहुंची दमकल। अमृत विचार

- सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर पाया काबू

## डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार घायल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैराज मार्ग के पास आरओबी स्थल पर शनिवार दोपहर एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

शनिवार सफीपुर के जमालुद्दीनपुल निवासी इब्राहिम (50) कानपुर अपनी दवा लेने गया था। जहां दोपहर के समय वह बाइक से बैराज मार्ग होते हुये लौट रहा था, जैसे ही वह सरैयां क्रासिंग के आरओबी स्थल के पास पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराकर वह घायल हो गया। काफी देर तक बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। सूचना पर मरहला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद उसके बेटे मो. शकील उर्फ छोटू को सूचना दी।

# सर्राफा कारोबारी ने अंगूठी चेन लूटने का लगाया आरोप

संवाददाता,शुक्लागंज, उन्नाव

- पीड़ित ने थाने में दी तहरीर पुलिस ने मेडिकल को भेजा

**अमृत विचार।** गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी सर्राफा कारोबारी शनिवार रात कानपुर चौक स्थित अपनी दुकान बंद कर नवीन पुल से पैदल आ रहे थे। इस दौरान पुल पर उनका एक युवक से विवाद हो गया। युवक ने अपने एक अन्य साथी को बुलाकर उनके सिर पर डंडा मार दिया। जिससे वह घायल हो गए। इस दौरान कारोबारी ने चेन और तीन अंगूठी लूट का आरोप लगाया है।

गांधीनगर निवासी संजय वर्मा की कानपुर चौक में सोने चांदी की दुकान है। शनिवार रात वह दुकान बंद कर दी। जिसके बाद पुल पर जाम लगा होने पर बेटे करन को स्कूटी दे दी और पैदल नवीन पुल के फुटपाथ से घर जा रहे थे। इस दौरान उनके साथ गांधीनगर निवासी राजू सोनी भी पैदल आने लगे। उन्होंने बताया कि पुल पर पैदल जाने के दौरान बाइक सवार एक युवक से कहा सुनी हो गई। जिस पर शुक्लागंज नवीन पुल जीने के पास युवक ने अपने एक अन्य साथी को बुला लिया और संजय के सिर पर डंडा मार दिया जिससे वह गिर गए। आरोप है कि उन्हें जीने से खींचते हुए नीचे ले गए जहां उनके साथ लाठी डंडे और बेल्ट से मारपीट की। इस दौरान उनकी उंगलियों में सोने की तीन अंगूठी, गले में पड़ी चैन और जेब में रखी नगदी छीन ली। घायल अवस्था में वह कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा।

## सार-संक्षेप

### शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम तेरा...

**शुक्लागंज उन्नाव।** गांधी नगर में श्याम प्रेमियों ने श्याम महोत्सव का आयोजन कराया। जहां बाबा का फूलों से श्रंगार कराकर छप्पन भोग लगाया गया। जिसके बाद भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये। पूरी रात श्याम प्रेमी गीतों में झूमते रहे। गांधी नगर में श्री श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसके बाद श्री श्याम प्रभु के दिव्य विग्रह, अलौकिक श्रृंगार, छप्पनभोग, फूलों की होली, निशान उत्सव, विशाल कीर्तन व महाआरती का आयोजन किया गया। महोत्सव में खाटू वाले बाबा के सुरीले भजन भक्तों को पूरी रात भक्तिरस में सराबोर कर देंगे। श्याम महोत्सव में गायकों ने बाबा के भजन प्रस्तुत किये। जिसमें बाबा के गीतों में जो भी आए चौखट इनकी उसकी हर रोज दिवाली भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, खाटू वाले श्याम धनी की चर्चा हो गयी, शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा है।


श्याम बाबा का कराया गया भव्य श्रृंगार। अमृत विचार

### बैठक में अधिक से अधिक समन तामिला पर दिया जोर

**उन्नाव।** नौ मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक लोग ले सकें इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूरा जोर लगाए है। शनिवार को इसके लिए प्री-ट्रायल बैठक हुई। जिसमें प्राधिकरण सचिव एडीजे ने सीओ सिटी को लोक अदालत से पूर्व दो बार समन भिजवाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देश पर पांच से सात मार्च तक लघु अपराधिक वादों संबंधित लोक अदालत व नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत प्रस्तावित है। इसमें अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो और लोगों को कोर्ट के चक्कर काटने से राहत मिले इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तैयारी में जुटा है। शनिवार दोपहर प्राधिकरण सचिव/एडीजे मनीष निगम की अगुवाई में हुई बैठक में सीजेएम सुधा सिंह, सीओ सिटी विजय आनंद व समन सेल से जुड़े दरोगा मौजूद रहे।

### डीजी जेल ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**उन्नाव।** डीजी जेल एसएन साबत ने जिला जेल का निरीक्षण किया। महिला बंदियों के साथ बंद 10 बच्चों को उपहार बांटे। उन्होंने बैरकों, अस्पताल की सफाई भी देखी। मुलाकात से संबंधित जानकारी देने के लिए डिस्पले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। जेल अधीक्षक पंकज सिंह, जेलर अमरजीत, डिप्टी जेलर अविनाश, प्रभाकर पांडेय, मैत्रेई शर्मा, नीलम, ललिता आदि रहे।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**औरास उन्नाव।** संडीला-चकलवंशी रोड पर 11 फरवरी को सड़क हादसे में घायल महिला की मौत के बाद उसके पति ने बाइक नंबर के आधार पर चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बरुवा टोला निवासी विजय 11 फरवरी को पत्नी रेशमा (42) के साथ बाइक से हरदोई के संडीला कस्बा गया था। लौटते समय औरास से पहले धर्मकांटे के पास हादसे में रेशमा जख्मी हुई थी।

# रूट क्लियर न होने से रुकी वंदे भारत व आस्था स्पेशल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह मालगाड़ी को उन्नाव की ओर रवाना कर दिया गया। कुछ देर बाद आस्था स्पेशल आ गई। जिस कारण उसे सिग्नल नहीं मिला और वह स्टेशन पर खड़ी रही। इसी तरह वंदे भारत भी रुकी रही।

शनिवार सुबह सुबह 8:40 बजे आस्था स्पेशल गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर लखनऊ जाने के लिये पहुंची। इससे 10 मिनट पहले मालगाड़ी को उन्नाव रवाना किया गया था। रूट क्लियर न होने पर आस्था स्पेशल को सिग्नल नहीं दिया गया। 12 मिनट तक खड़ी रही। रूट क्लियर होने के बाद ट्रेन लखनऊ रवाना हो सकी। इसी तरह वंदे भारत कानपुर से चलकर गंगाघाट स्टेशन पर पहुंची, उसके आगे झांसी इंटरसिटी रवाना की गई। रूट क्लियर न होने से 11:17 से 11:20 बजे तक रुकी रही।

## सभासद के पुत्र की स्कूटी चोरी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के वार्ड-5 की सभासद के बेटे की घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरों ने पार कर दी।

नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला द्विवेदी नगर निवासी मीना वार्ड-5 की सभासद हैं। उनका बेटा रोहित गौतम शुक्रवार रात कानपुर एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था, तभी वह देर रात घर पहुंचा और कपड़े बदलने के लिये अंदर चला गया। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक पार कर दी।

# अवैध दुकान गिराने पहुंचे नायब तहसीलदार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पीडब्ल्यूडी की भूमि पर अवैध रूप से हुआ था निर्माण

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के सामने फोरलेन पर पीडब्ल्यूडी की जमीन पर एक मकान के आगे दुकान बनी हुई है। दुकान का हिस्सा पीडब्ल्यूडी की जमीन पर होने के कारण एसडीएम ने उसे हटवाने के निर्देश दिये। जिस पर शनिवार दोहपर नायब तहसीलदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। दुकान मालिक को नोटिस दी। जिस पर उसने स्वतः अतिक्रमण हटाने की बात कही। जिस पर अधिकारी वापस चले गये।

फोरलेन पर गंगाघाट कोतवाली के सामने रहने वाले सोमेश साहू ने पीडब्ल्यूडी की जमीन पर कब्जा कर कीर्ती ज्वैलर्स एवं सुहाग के नाम से दुकान बनाकर चला रहा है। जिसकी शिकायत विभाग से की गई थी। विभाग ने कई बार अतिक्रमण हटाने की नोटिस भी दी। इसके बावजूद उसने अपना अतिक्रमण नहीं हटवाया। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि अतिक्रमण न हटाये जाने पर पिछले वर्ष चार अगस्त को तत्कालीन नायब तहसीलदार तनवीर अहमद की अध्यक्षता टीम गठित कर अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान चलाया गया था। उस समय सोमेश ने दस दिन के भीतर हटाने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद उसने नहीं हटवाया। जिस पर शनिवार को एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार परियर अनुपमा सिंह, कानूनगो कमलेश बाबू, लेखपाल मनोज यादव रहे।

प्रतियोगिता | जिला क्रिकेट एसोसिएशन करा रहा है जिला स्तरीय मैच

# बैंकर्स-11 ने यूथ क्लब को पांच विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) द्वारा आयोजित 15वीं डॉ. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत शनिवार को हुए मैच में बैंकर्स-11 ने यूथ क्लब को पांच विकेट से हराया।

बैंकर्स-11 के कप्तान शिवाकांत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 30 ओवर के मैच में यूथ क्लब ने 167 रन बनाए। यूथ क्लब की ओर से सुयश सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 7 चौकों की सहायता से 61 रन बनाए। वहीं, देवांश ने भी 43 रन बनाए। बैंकर्स-11 की ओर से सौरभ यादव ने चार विकेट झटके। जवाब में बैटिंग करने उतरी बैंकर्स-11 की टीम ने 27 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें कृष्णा शर्मा ने नाटआउट 42 रन बनाए। वहीं, सुनीत यादव व सौरभ यादव ने भी क्रमशः 41 और 24 रन बनाए। यूथ क्लब की ओर से अल्तमस ने दो विकेट लिये। मैच के बाद सौरभ यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि उप्र मेडिकल और पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत कराई। ओम मिश्रा, नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, सोनू सिंह, सुनील मिश्रा, अभिनव त्रिपाठी, विकास सिन्हा, साहिल, सलीम आदि मौजूद रहे। अंपायरिंग शिशिर बाजपेई व संदीप यादव ने की और स्कोरिंग राज किशोर ने की। डीसीए के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि रविवार का मैच अगस्त क्लब व पीकेसी के बीच होगा।


विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथि व आयोजक। अमृत विचार

- आज अगस्त क्लब और पीकेसी के बीच मुकाबला होगा

## बाल सुधार गृह भेजे गए गैंगरेप के तीन आरोपी

**उन्नाव।** मौरावां थानाक्षेत्र के एक गांव में खेल रहे दो सगे भाइयों सहित तीन बच्चों एक नौ वर्षीय बच्ची से गैंगरेप के आरोप लगे थे। घटना बीती सात फरवरी की बताई गई थी। मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आठ, 10 और 11 वर्षीय आरोपियों को शनिवार को बाल सुधार गृह भेजा गया।

मौरावां थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने अपनी सात वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दो सगे भाइयों सहित तीन पर आरोप लगाए थे। मामला सोशल मीडिया के माध्यम से चर्चा में आया। बाद में मां की तहरीर तीनों पर रिपोर्ट दर्ज हुई इसके बाद शनिवार को सभी को बाल सुधार गृह भेजा गया। वहीं खेलते गैंग रेप मामले को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चा है। वहीं सूत्र बताते है पीड़ित बच्ची पूरी तरह स्वास्थ्य है।

# 27 मीटर उन्नाव की ओर शिफ्ट होगा सिग्नल, किया निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग पर बनने वाले आरओबी का कार्य पिछड़ रहा है। जिसे देखते हुये बुधवार को चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर रेलवे नई दिल्ली एसके सपरा ने निरीक्षण कर जल्द क्रासिंग शिफ्ट करने के निर्देश दिये थे। उसी को देखते हुये शनिवार को लखनऊ और उन्नाव के सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। और क्रासिंग शिफ्टिंग को लेकर चर्चा की।

सरैयां रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम के कारण रेलवे का काम पिछड़ रहा है। जिसे देखते हुये उसके बगल में दूसरी नई क्रासिंग बनवाई गई है। जिसका काम लगभग पूरा हो चुका है। सिग्नल का कुछ काम बाकी है। वहीं रेलवे द्वारा बनाये जा रहे चार पिलर का कार्य पिछड़ने पर बुधवार दोपहर नई दिल्ली से आये चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर एसके सपरा ने निरीक्षण कर क्रासिंग को जल्द चालू करने के निर्देश दिये थे। जिस पर तेजी से काम कराया जा रहा है। शनिवार दोपहर वरिष्ठ खंड अभियंता सिग्नल अनिल कुमार, एसएसई एस एम भट्ट, धीरेन्द्र कुमार सरैयां स्थित नई रेलवे क्रासिंग पर पहुंचे। जहां उन्होंने कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पुरानी क्रासिंग से करीब 27 मीटर आगे नई क्रासिंग शिफ्ट की गई है। उसी के अनुरूप 27 मीटर उन्नाव की ओर सिग्नल भी शिफ्ट किया जायेगा। जिसको लेकर एसएनटी कर्मियों को दिशा निर्देश दिये गये हैं। जल्द ही यातायात के लिये चालू हो जायेगी।


सरैयां नई क्रासिंग पर सिग्नल हटाने को चर्चा करते अधिकारी। अमृत विचार

# पुस्तक समाजः एक नया और जीवंत समाज



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है, जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

शब्दों की भीड़। दसों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया हैं शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।''

मेला मिलन है और खरीदें बेचें तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत् प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

# पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है, लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था, यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बगंश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी बाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे, जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहरू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़खरू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़ें।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है, पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

# चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं, जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।

एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है, उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया, परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती, परंतु आप यें बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

# शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी, लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा, पुरस्कार पाने लगा, अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं, नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था, वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है, शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि "ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी, तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

# दुनिया के महाकाव्य



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं, जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं, मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं, बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं, लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

# राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सीता जिनकी भारत पूजा करता है, पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर, ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।

अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं। लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी, जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है, पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं, जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है, वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

# जीवन का ऋण



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है, वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना, बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

## एक नजर

### तीन बीईओ के कार्य क्षेत्र में किया गया बदलाव

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देश पर तीन खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि खंड शिक्षाधिकारी संजय कुमार गुप्ता को मुख्यालय से हटाकर राजपुर विकासखंड की जिम्मेदारी दी है। इसी तरह मलासा विकासखंड में कार्यरत प्रियंका बी चौधरी को मुख्यालय की कमान सौंपी गई है। वहीं मैथा विकासखंड में तैनात खंड शिक्षाधिकारी आनंद भूषण को मलासा ब्लॉक में स्थानांतरित किया गया है। नवीन तैनाती में आए खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण प्रेमी को मैथा विकासखंड की जिम्मेदारी दी गई है। सभी बीईओ को कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### वाहन की टक्कर से हाईवे पार कर रहे दिव्यांग की मौत

**रनियां।** थाना रनियां के समीप शुक्रवार की देर रात नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने दिव्यांग को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मध्य प्रदेश के जिला रीवा के पंचामा सुहागी निवासी दिव्यांग संदीप कुमार कोल (24) पुत्र कन्हैया लाल कोल रनियां में कई वर्षो से रह रहा था। शुक्रवार की रात हाईवे पार करते समय अकबरपुर से कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दिव्यांग गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल अकबरपुर भिजवाया। जहां ईएमओ ने दिव्यांग को मृत घोषित कर दिया। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि शव पीएम के लिए भेजा गया है।

# जिंदगी से मोह भंग, तीन ने चुनी मौत

जिले के रसूलाबाद और रनियां थाना क्षेत्रों में जिंदगी से मोह भंग होने पर तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली। रसूलाबाद के विकास नगर में एक अधेड़ का शव फंदे पर लटका मिला। वह घर में अकेला रहता था, जबकि रसूलाबाद के ही ककराही गांव में शराब पीने को लेकर पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगा ली। उधर, रनियां क्षेत्र के आर्यनगर द्वितीय में एक राजमिस्त्री ने सुसाइड कर लिया। पुलिस तीनों मामलों की जांच में जुट गई है।

**रसूलाबाद और रनियां क्षेत्र में हुईं घटनाएं, आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं**

## घर में लटका मिला अधेड़ का शव

संवाददाता, रसूलाबाद


मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- रसूलाबाद के विकास नगर में अकेला रहता था अधेड़
- दो दिन गेट नहीं खुलने पर पुलिस को दी गई जानकारी

**अमृत विचार।** कस्बे के विकास नगर में एक अधेड़ का संदिग्ध हालात में शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। अधेड़ घर में अकेला रहता था। दो दिन से घर का गेट नहीं खुलने पर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस पहुंची तो शव फंदे पर लटका था। अधेड़ की आत्महत्या पर परिजनों में कोहराम मच गया।


रमाकांत बाजपेई।

कस्बे के विकास नगर निवासी रमाकांत बाजपेयी (55) का संदिग्ध हालात में शनिवार को घर के अंदर फंदे पर शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम को जानकारी दी। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। रमाकांत की पत्नी रानी ने बताया कि वह अपनी बहू के शास्त्री नगर स्थित अपने दूसरे मकान में थीं। उनका बेटा रामजी और उसकी पत्नी अंजली दिल्ली में नौकरी करते हैं।

पति रमाकांत बाजपेयी विकास नगर स्थित पुराने मकान में अकेले थे। दो दिन तक घर का गेट नहीं खुलने पर उन्हें शंका हुई तो शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना दी। जब गेट तोड़कर अंदर जाकर देखा तो पति का शव फंदे पर लटकता मिला।

परिजनों ने बताया कि रमाकांत ने करीब एक हफ्ते पूर्व अपने भतीजे दीपक के साथ चाय की दुकान खोली थी। छोटे बेटे श्यामजी की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। आत्महत्या पर पत्नी रानी, बेटा रामजी, बहू अंजली, पूजा समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## रनियां में राजमिस्त्री ने फांसी लगा दे दी जान

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार:** फत्तेपुर रोशनाई के मजरा आर्यनगर द्वितीय में देर रात राजमिस्त्री ने छत के कुंडे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर कार्रवाई की।


सोमल कोरी।

रनियां क्षेत्र के फत्तेपुर रोशनाई के आर्यनगर द्वितीय निवासी प्रेमचंद्र कमल का पुत्र सोमल कोरी (22) राजमिस्त्री का काम करता था। वह शुक्रवार शाम काम करने के बाद घर पहुंचा। इसके बाद खाना पीना करके कमरे में सोने चला गया। रात में छत के कुंडे के सहारे मच्छरदानी से उसने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता प्रेमचंद्र ने उसे देखा तो बिलखने लगे। रोने की आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी। सोमल की मौत की सूचना पर बहन शालिनी, कोमल, मां शशी, पत्नी कीर्ति आदि का रो रोकर बुरा हाल है। पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 8 जुलाई 2022 को हुई थी। एसओ महेंद्र सिंह ने कहा कि तहरीर पर कार्रवाई होगी।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने कर ली आत्महत्या

**रसूलाबाद।** असालतगंज के मजरा ककराही गांव निवासी शिवसिंह संखवार ने (40) घर के अंदर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि गुरुवार को शराब पीने को लेकर पत्नी रोशनी से झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसने कमरे में जाकर फंदा लगा लिया। जानकारी पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लिया और छानबीन की। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

## सीधे खाते में भेजा जाएगा प्रशिक्षण संबंधी भुगतान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- डायट स्तर पर दो सौ व ब्लॉक स्तर पर मिलेंगे 170 रुपये

**अमृत विचार:** इसी माह शुरू हो रहे बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान गणितीय दक्षताओं के विकास के लिए प्रशिक्षण यानी एफएलएन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने बड़ा बदलाव किया गया है। डायट व बीआरसी में प्रशिक्षण हासिल करने वाले संदर्भदाताओं व शिक्षकों को भोजन व नाश्ते की बजाए उसके लिए नियत की गई धनराशि पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से उनके खातों में भेजी जाएगी।

डीजी कंचन वर्मा ने प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत गाइडलाइन जारी कर दी है। डायट एवं विभिन्न बीआरसी केंद्रों में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षामित्र समेत सभी शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। कंपोजिट विद्यालयों में शामिल प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक भी इसमें प्रतिभाग करेंगे। डायट स्तर पर संदर्भदाता प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले एआरपी, केआरपी एवं शिक्षकों को जलपान व लंच के लिए 200 रुपये प्रतिदिन तथा ब्लॉक स्तर पर शिक्षक, शिक्षामित्र एवं सदर्भदाताओं को जलपान व लंच के लिए 170 रुपये प्रतिदिन के अनुसार उनके खातों में भेजी जाएगी।

## जिले में शांति से निपटी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा जिलेभर के परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान एडीजी, एसपी समेत अन्य अधिकारी घूम-घूमकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे।

शनिवार को आरपीएस इंटर कालेज रसूलाबाद में उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा आयोजित हुई। जहां स्टेटिक मजिस्ट्रेट अजब सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट सुभाष चंद्र यादव व परीक्षा व्यवस्थापक डीपी यादव ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई गई। इस दौरान 473 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सुरक्षा व्यवस्था में परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा देकर आए अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दी।


केंद्र में सीसीटीवी से परीक्षा का जायजा लेते एडीजी कानपुर आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

भर्ती परीक्षा का जायजा लेने के लिए एडीजी कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में तैनात पुलिस कर्मियों को भर्ती बोर्ड द्वारा जारी गाइड्लाइन से अवगत कराते हुए सतर्कता से ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**पुखरायां:** पुखरायां जाने के लिए घर से निकले युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद हुए टूटे मोबाइल से सिम निकालकर दूसरे फोन में डाला और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उसकी शिनाख्त हो सकी।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव के समीप शुक्रवार को एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई थी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस को उसके पास से एक मोबाइल फोन मिला था, जो पूरी तरह टूट चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

## ट्रक की टक्कर से अधेड़ गंभीर घायल

**सिकंदरा।** कानपुर-औरैया नेशनल हाईवे के मूढ़ादेव गांव के समीप एक साइकिल सवार अधेड़ ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिकंदरा थाना क्षेत्र के निन्हौरा गांव निवासी श्याम मनोहर साइकिल पर सवार होकर रसधान किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर मूढ़ादेव गांव के पास पहुंचे। तभी अचानक ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद तक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बाइक लगा रोकी कार और फिर किया फायर

संवाददाता, शिवली

- पुलिस ने तीन नामजद व पांच-छह अज्ञात पर दर्ज किया केस

**अमृत विचार:** किसी काम से कार से जा रहे एक युवक पर पांडव नदी के पास बाइक आगे लगा कर आठ-दस लोगों ने घेर लिया और जान से मारने के नियत से फायर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व पांच-छह अज्ञात के विरूद्ध जान के मारने की प्रयास में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

जनपद कानपुर नगर के कल्यानपुर निवासी सुखवीर चौहान गुरुवार को किसी काम सें चौबेपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर टुसवा गांव गए थे। वहां से वापस आते समय शिवली कोतवाली क्षेत्र के बाघपुर पांडव नदी के पास पहले से घात लगाए बैठे दिलावर गांव के श्रीराम, अजय यादव, सौरभ यादव ने पांच-छह अज्ञात लोगों के साथ मिलकर कार के सामने बाइक लगाकर सुखवीर को नीचे उतार लिया। इसके बाद हमलावर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। विरोध करने पर सौरभ ने जान से मारने के नियत से फायर कर दिया। हालाकि सुखवीर बच गए। आरोपी भाग गए। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## लोडर लूटकांड में पुलिस को मिले क्लू

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- दो दिन पहले अकबरपुर क्षेत्र में लूटा गया था गुटखा लदा लोडर

**अमृत विचार:** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के परनामिनपुरवा के पास से 50 झाल पान-मसाला (गुटखा) लदा लोडर लूटे जाने के मामले में अभी तक लुटेरों का कोई पता नहीं चल सका है। हालांकि जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस को इस मामले में कुछ अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर पुलिस लुटेरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

कानपुर से 50 झाल पान-मसाला और 10 बोरी जर्दा लोडर पर लाद कर बर्रा कानपुर निवासी चालक नूरआलम पिछले बुधवार की रात झांसी के लिए रवाना हुआ था। उसके साथ में पनकी कानपुर निवासी एजेंट रामकुमार भी था। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा टोल प्लाजा पर जीएसटी की चेकिंग से बचने के लिए चालक हाईवे से सीधे जाने के बजाय परनामिनपुरवा-बारा मार्ग से निकल रहा था, तभी पीछे से दो बाइकों पर आए बदमाशों ने ओवरटेक कर लोडर रोकने के बाद ईंट मारकर शीशा तोड़ दिया था और दोनों को नीचे उतारकर करीब सात लाख कीमत के पान मसाला लदा लोडर लूट लिया था।

बदमाशों के वहां से भागने के बाद चालक व उसके साथी ने हाईवे पर आकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने बदमाशों की तलाश की, लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल सका था। गुरुवार को डीआईजी जोगेंद्र कुमार ने एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व एएसपी राजेश पांडेय के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन करने के साथ घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने ग्रीन वर्क इंटर प्राइजेज कानपुर के डायरेक्टर अविनाश मोदी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश व छानबीन शुरू की थी। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ सकी है। अकबरपुर कोतवाल सतीश सिह ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

तैयारी | पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं ने माती जेल का किया निरीक्षण

## जिला जेल में डिस्प्ले बोर्ड से मिलेगी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं एसएन साबत ने शनिवार को माती जिला जेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांचीं। उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदियों से दिक्कतों के बारे में जानकारी ली और महिला बंदियों के साथ निरुद्ध दस बच्चों को फल व उपहार भेंट किए।


महिला बंदियों के बच्चों को फल व उपहार देते महानिदेशक। अमृत विचार

शनिवार को पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं एसएन साबत ने गार्ड ऑफ ऑनर लेने के बाद माती जिला जेल के बाहर बंदियों के परिजनों से मुलाकात के लिए प्रतीक्षालय भवन की साफ-सफाई, पंखों एवं शौचालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतीक्षालय भवन के बाहर मुलाकात से संबंधित अद्यतन स्थिति की बंदियों के परिजनों को जानकारी देने के लिए डिस्पले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद महानिदेशक ने कंट्रोल रूम व बंदियों से संबंधित डाटा फीडिंग के लिए ई-प्रिजन का निरीक्षण किया। उसके बाद महिला बंदियों के रहन-सहन व साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने महिला बंदियों द्वारा कौशल विकास मिशन अंतर्गत निर्मित किए गए एयर बैग, ब्लैंकेट कवर, सेविंग किट बैग व कैरी बैग की सराहना की। महानिदेशक ने उक्त सामान कारागार के बाहर मेला, प्रदर्शनी व स्थानीय बाजार में बिक्री किए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद पाकशाला में भोजन, सफाई व्यवस्था को जांचकर सराहना की। उन्होंने पाकशाला के अहाते में छाया के लिए टीनशेड लगाने को कहा। किशोर बैरक का निरीक्षण कर किशोर बंदियों को कौशल विकास व शिक्षित करने के निर्देश दिए। महानिदेशक ने अन्य बैरकों का निरीक्षण कर निरुद्ध बंदियों से जानकारी ली। बंदियों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं की सूची बनाकर न्यायालयों को भेजने के निर्देश दिए। डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, कारागार अधीक्षक भी रहे।

## किसान छुट्टा मवेशियों से परेशान, मांगी निजात

संवाददाता, सिकंदरा

- परेशान किसानों ने तहसीलदार से लगाई गुहार

**अमृत विचवार:** आवारा मवेशियों के आतंक से किसानों को निजात नहीं मिल पा रही है। संदलपुर ब्लॉक के जरौली अमौली गांव के सैकड़ों किसानों ने तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल प्रभाव से आवारा मवेशियों की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

संदलपुर विकासखंड क्षेत्र के गांवों में आवारा मवेशी शाम ढलते ही खेतों में खड़ी गेहूं की फसल मौका पाते ही चट कर जाते हैं। जिसके कारण पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। किसानों का कहना है कि यही सिलसिला रहा तो उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। जबकि सिकंदरा तहसील प्रशासन आवारा पशुओं को रोकथाम करने में अक्षम दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि रात भर सर्दी की सीजन में किसान अपनी फसल की रखवाली करने को मजबूर हो रहे हैं, लेकिन जरा सी चूक होते ही थोड़े समय में ही आवारा पशु फसल सफाचट कर जाते हैं। गांव के गयाप्रसाद प्रजापति समेत अन्य किसानों आरोप लगाते हुए कहा कि सैकड़ो बार ज्ञापन देने के बाद भी तहसील प्रशासन आवारा पशुओं से निजात नहीं दिला सका। कड़ाके की सर्दी में भी किसान अपनी फसल रखवाली खेतों पर करते रहे। अब गेहूं तैयार है।

## सार-संक्षेप



दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### बच्चों का हुनर देख चहके दादा-दादी और नाना-नानी

**कानपुर देहात:** अकबरपुर क्षेत्र के नागिन जसी स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों का हनर देखकर दादा-दादी और नाना-नानी चहक उठे। शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एएच अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य व गीत प्रस्तुत किए, जो समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को परिलक्षित कर रहे थे। दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए खेल-प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से म्यूजिकल चेयर खेल आयोजित किया गया। दादा-दादी एवं नाना-नानी ने खूब आनंद लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में दादा-दादी एवं नाना-नानी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए संस्कृति एवं संस्कार पर जोर दिया। इस मौके पर शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ चयन पत्र लिए अभ्यर्थी।

### रोजगार मेले में 113 युवाओं को मिली नौकरी

**कानपुर देहात।** मिशन निदेशक के निर्देश पर कौशल विकास मिशन, आईटीआई व सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय वृहद रोजगार मेला राजपुर ब्लाक कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 113 अभ्यर्थी चयनित किए गए। शनिवार को रोजगार मेले में कौशल विकास मिशन, आईटीआई उत्तीर्ण व गैर तकनीकी प्रशिक्षार्थियों/अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में आरएम मैन पावर, पुखराज हेल्थ केयर प्रालि, सकन स्टील समेत कुल सात कंपनियों ने प्रतिभाग किया। विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले में कुल 276 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। बीडीओ हरि मोहन गुप्ता, एडीओ अजय कुमार गुप्ता ने दस अभ्यर्थियों को चयन पत्र वितरित किए। इस मौके पर कौशल विकास मिशन से जिला कार्यकम प्रबंधक आशुतोष कुमार पाल, आईटीआई अनुदेशक भोगनीपुर राजेश कुरील, दिनेश कुमार यादव, जिला सेवायोजन कार्यालय से विवेक समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला विकासखंड संदलपुर कानपुर देहात में 22 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।


गंधर्व इंटर कॉलेज में प्रबंधक ने छात्राओं को राधा-कृष्ण का चित्र भेंट किया।

### फेयरवेल पार्टी में इंटर के छात्रों को दी गई विदाई

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के नैला कटरा स्थित यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त गंधर्व इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें छात्र आशीष यादव, ऋषभ यादव, रवि यादव, आशीष यादव, राहुल राजपूत, रिंकू राजपूत, रिया, दिशा यादव, फ़िज़ा बानो, रश्मि, पारुल आदि छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर विदाई दी गई। प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह यादव ने विद्यार्थियों को आने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विदाई कभी नहीं होती है। यह तो एक अनौपचारिक कार्यक्रम होता है। विद्यार्थी जब कामयाब होता है। तब भी वह अपने विद्यालय में आकर गुरु जनों से मिलता है। उसका लगाव विद्यालय के प्रति हमेशा बना रहता है। कार्यक्रम में ज़िला पंचायत सदस्य अंकित यादव भी पहुंचे और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक रज्जन सिंह यादव, बदन सिंह, अजब सिंह, संतराम वर्मा, राजकुमार, रवि कुमार, किशन कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिवली में 16 स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे

**शिवली।** कस्बे में नगर पंचायत प्रशासन ने प्रत्येक रोड व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इनकी मदद से आपराधिक घटनाओं को ट्रेस करने में पुलिस को भी मदद मिलेगी। नगर पंचायत शिवली के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने अपराध की रोकथाम के लिए नगर पंचायत निधि से कस्बे के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। जोकि पुलिस के लिए मददगार साबित होंगे। अभी तक निजी प्रतिष्ठानों को छोड़कर सार्वजनिक स्थान पर सीसीटीवी कैमरे जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में आपराधिक घटनाओं के बाद पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए फौरी तौर पर किसी निष्कर्ष पर नहीं आ पाती थी। अब सीसीटीवी कैमरे जगह-जगह लगाए गए हैं। इससे पुलिस को बहुत मदद मिलेगी। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कस्बे में कुल 16 स्थानों पर कैमरे लगे हैं। जिसका कंट्रोल रूम कोतवाली में बनाया गया है। कैमरों की निगरानी के लिए एक सिपाही की डयूटी लगाई जाएगी।

### बेटी के हत्यारे पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र में करीब सवा चार माह पूर्व पुत्री की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। आरोपी ने पुत्री का चाल-चलन ठीक न होने पर मारपीट के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी थी। रूरा में पिछले साल 6 नवंबर को हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को जिनई चौराहा रूरा से साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त अरुण कुमार दोहरे निवासी ग्राम रसवल रावतगांव थाना रसूलाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त अरुण कुमार दोहरे ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री रूचि का चाल-चलन ठीक नहीं था। कई बार उसने अपनी पुत्री को समझाया था, लेकिन वह नहीं मानी तो उसने 9 अक्तूबर 2022 की रात को उसने अपनी पुत्री के साथ मारपीट की थी और गला घोटकर हत्या कर दी। रूरा थाना प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

**जर्जर भवन नीलामी विज्ञप्ति**
**प्राथमिक विद्यालय भारामऊ**
**रसूलाबाद, कानपुर देहात**

पंत्राक : 03/839-2023-2024 दिनांक 17-02-2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर देहात के पंत्राक एस.एस.ए./ध्वस्तीकरण 1402/2023-24 दिनांक 02-02-2024 एवं एस.एस.ए/ ध्वस्तीकरण/1188/2023-24 दिनांक 16-12-2023 एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कानपुर देहात के पत्रांक संख्या - जर्जर भवन/ ध्वस्तीकरण/ 952/2023-24 दिनांक 09-02-2024 के क्रम में संविलयन विद्यालय/ प्राथमिक विद्यालय भारामऊ के प्रांगण मे अवस्थित प्राथमिक विद्यालय के जार्जर भवन की नीलामी दिनांक 19-02-2024 को खुली बैठक कराकर किया जायेगा। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**नोट** - नीलामी प्रक्रिया को बिना बताये किसी भी स्तर पर रोकने का सर्वाधिकार विद्यालय प्रबन्ध समिति का होगा।

**विशाल कुमार (प्र0अ0)**
प्रा0वि0भारामऊ
रसूलाबाद कानपुर देहात

# देश को जोड़ना ही सच्ची देशभक्तिः राहुल गांधी

## सपा मुखिया अखिलेश यादव रायबरेली से इस यात्रा में शामिल होंगे

**वाराणसी।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार को यहां गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह देश मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं। उन्होंने कहा कि भाई-भाई में टकराव से देश कमजोर होगा और देश को जोड़ना ही सच्ची देश भक्ति है। राहुल गांधी ने कहा मैं गंगाजी के सामने अहंकार से नहीं आया हूं, सिर झुकाकर आया हूं। इस यात्रा में सबको लगना चाहिए कि वह अपने भाई से मिलने आये हैं। उन्होंने कहा कि देश में दो भारत हैं, एक अमीरों का और एक गरीबों का। मीडिया को लेकर राहुल गांधी ने कहा, ये सारे चैनल उद्योगपतियों के हैं। ये देश के किसानों, मजदूरों के मुद्दे को नहीं दिखाएंगे। ये मीडिया मोदीजी को 24 घंटे दिखाएगा, ऐश्वर्या राय को दिखाएगा, लेकिन असल मुद्दे को नहीं। इस दौरान राहुल गांधी ने भीड़ से राहुल नाम के लड़के को अपने पास बुलाकर पढ़ाई में खर्च रुपयों और बेरोजगारी के बारे में बात की। राहुल गांधी ने पूछा, नोटबन्दी से किसी को फायदा हुआ। उन्होंने कहा देश में दो ही मुद्दे हैं, बेरोजगारी और महंगाई। उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन गोलेगड्डा क्षेत्र से प्रारंभ इस यात्रा में राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ खुली जीप में खड़े होकर काशी विश्वनाथ मंदिर गए और मंदिर के गोदौलिया क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने सर्व सेवा संघ के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। अपना दल (कमेरावादी) की नेता और कौशांबी के सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल भी वाराणसी में इस यात्रा में शामिल हुईं। वह खुली जीप में राहुल गांधी के बाईं ओर खड़ी थीं। उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को चंदौली जिले से शुरू हुई। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वह रायबरेली में इस यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा उत्तर प्रदेश से राजस्थान की ओर रुख करेगी।



# पैसों के लिए युवक की चाकू से गोदकर हत्या

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- पहले डंडे से जमकर पीटा फिर चाकू से किया वार

**अमृत विचार।** कस्बा में शनिवार को दिनदहाड़े एक युवक के ऊपर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर मरणासन्न कर दिया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उसके परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया है।

कस्बे के मोहल्ला हुसैनिया निवासी प्रशांत कुमार वर्मा उर्फ आकाश (23) शनिवार सुबह अपने मित्र रोहित के साथ में कस्बे के सर्वाधिक संवेदनशील मोहल्ला साजन तालाब के पास बैठा था। तभी उसी मोहल्ले का एजाज उर्फ इज्जु अपने हाथ में डंडा लेकर वहां आया और आकाश से पैसा मांगने लगा, लेकिन आकाश ने उसकी बात अनसुनी कर दी। जिस पर एजाज ने आकाश के ऊपर डंडे बरसाने शुरू कर दिए। यह देख आकाश ने डंडा पकड़ लिया लेकिन इसी बीच एजाज ने चाकू निकाल लिया और आकाश के सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे उसके परिजनों व पड़ोसियों ने लहूलुहान हालत में पड़े आकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी व कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज अस्पताल व घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही हत्यारे की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दिन दहाड़े हुए जघन्य हत्याकांड से कस्बे में हड़कंप मच गया। साथ ही मामला दो समुदायों का होने के कारण मृतक पक्ष के लोगों में खासा आक्रोश दिखाई दे रहा है।

# रामलला के समक्ष हेमा मालिनी ने दी भरत नाट्यम की प्रस्तुति

अयोध्या कार्यालय



प्रख्यात अभिनेत्री का अभिनंदन करते ट्रस्ट सदस्य और कार्यक्रम संयोजक।

- श्रीराम स्तुति से किया प्रारम्भ 40 मिनट तक दी प्रस्तुति

**अमृत विचार :** प्रख्यात अभिनेत्री और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को रामलला के समक्ष भरतनाट्यम की विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे रागोत्सव में पहुंची हेमा मालिनी ने अपनी प्रस्तुतियों का शुभारंभ श्रीराम की स्तुति से किया। करीब 40 मिनट की प्रस्तुति में भाव भंगिमाओं से उन्होंने भरतनाट्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने प्रस्तुति की शुरूआत श्रीराम की स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भज मन हरण भव भय दारूणम्...से की। वहीं इसके बाद रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम...की प्रस्तुति दी। अंतिम में उन्होंने भरत नाट्यम की विधा तिल्लाना की प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र रही। रामलला के दरबार में प्रस्तुति देकर हेमामालिनी अभिभूत नजर आईं। उन्होंने कहा कि रामलला के दरबार में उनके सम्मुख नृत्य सेवा करने का अवसर मिला है। यह जीवन का परम सौभाग्य है। मैं राममंदिर के हर एक सेवक का धन्यवाद करती हूं। संयोजक यतींद्र मिश्र को रागोत्सव की परिकल्पना के लिए बधाई भी दी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र की ओर से अभिनंदन किया गया।



# डीआईओएस को आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मनमाने ढंग से एक शिक्षक को सेवा कार्यों से रोकने के मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि संबंधित अधिकारी शिक्षा निदेशक की अनुमति बिना इस प्रकार से मनमाने आदेश पारित न करें। इसके साथ ही अधिकारी द्वारा आक्षेपित आदेश के आदेश पर रोक लगा दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की पीठ ने सरोज कुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

दरअसल संबंधित अधिकारी ने 13 फरवरी 2024 को एक आदेश पारित किया कि जिन सहायक अध्यापकों और प्रवक्ताओं की सेवाएं नियमित नहीं की गई हैं, उन्हें बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी आवंटित नहीं की जाएगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि नियमितीकरण का मामला अभी लंबित है। अतः उक्त अधिकारी को इस पर कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा तदर्थ आधार पर संस्थान में कार्यरत शिक्षक या व्याख्याता को सभी सेवा लाभ दिए जाएंगे।

मामले के अनुसार याची वर्ष 1997 में एलटी ग्रेड में एक अल्पकालिक रिक्ति पर सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्त हुआ था, जिसकी मंजूरी 1 वर्ष बाद जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा दी गई थी।

इसके बाद वर्ष 2004 में अल्पकालिक रिक्ति को मूल रिक्ति में परिवर्तित कर दिया गया। याची की ओर से बताया गया कि शासनादेश दिनांक 9.11.2023 के पारित होने के बाद याची का वेतन नवंबर 2023 से रोक दिया गया। शासनादेश के अनुसार तदर्थ शिक्षकों की नियुक्तियों की वैधता और नियमितीकरण के दावे को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक उनके दस्तावेजों की जांच नहीं हो जाती है।

# प्रयागराज से 25 डॉक्टर साइकिलों से पहुंचे अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रयागराज से साइकिल से चल कर शनिवार को चिकित्सकों का एक दल जय श्री राम का उद्घघोष करते अयोध्या धाम पहुंचा। 25 सदस्यों वाले चिकित्सकों का यह दल रविवार को सामूहिक रूप से रामलला के दर्शन करेगा। प्रयागराज के चिकित्सकों का यह दल शनिवार को सुबह तेलियरगंज पेट्रोल से चल कर प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर होता हुआ अयोध्या पहुंचा है। जय श्री राम की पट्टे पहने दल के अधिकतर सदस्य इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य हैं। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ. आशुतोष गुप्ता ने साइकिल चलाते हुए एक वीडियो संदेश बनाया है। उन्होंने कहा, श्रीराम के दर्शन करने के लिए हम लोग साइकिल से अयोध्या जा रहे हैं। साइकिल चलाना सेहत के लिए भी लाभकारी है। पीआरओ डॉ अनूप चौहान ने बताया अयोध्या से वापसी में दूसरे साधनों से होगी।




अयोध्या धाम पहुंचा प्रयागराज के डाक्टरों का दल। अमृत विचार

## अभिनेता पंकज धीर ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या :** धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर ने शनिवार यहां रामलला का दर्शन-पूजन किया। वे हनुमानगढ़ी पहुंचे, हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद लिया। अभिनेता पंकज धीर ने कहा कि अयोध्या आकर अभिभूत हूं। पहली बार यहां आया हूं। जितना सोचा था, अयोध्या का वैभव उससे अधिक दिख रहा है।



## प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 25 दिनों में एक करोड़ का कारोबार

**अयोध्या :** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही रामनगरी के सैकड़ों परिवारों को रोजगार से नए अवसर मिले हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से अब तक महज 25 दिनों में यहां के व्यापारी एक करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। थोक कारोबारी अश्वनी गुप्ता ने का कहना है कि सबसे अधिक खरीदारी रामलला की तस्वीर की हो रही है। उनका कहना है कि रामलला की तस्वीर को लेकर हर दिन लगभग 1000 रुपये की तस्वीर की बिक्री हो रही है। इसके अलावा चाभी का छल्ला, स्टैन्डी, स्टिकर, बिल्ले, झंडा, टी-शर्ट, मूर्ति छपी हुई फाइबर प्लेट और अन्य सामान भी शामिल हैं।



## पहली बार रामलला ने 50 मिनट तक किया विश्राम

**अयोध्या :** भव्य मंदिर में अपने आराध्य को निहारने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु का हुजूम उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब दो लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। रामलला को विश्राम देने के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने दर्शन अवधि अब बदलाव किया है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शनिवार को पहली बार रामलला ने 50 विश्राम किया है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच आरती भोग लगने के बाद मंदिर के गर्भगृह का कपाट बंद कर दिया गया। इस दौरान रामलला ने विश्राम किया।

# चित्रकूट में पकड़े गए दो फर्जी अभ्यर्थी

**कानपुर।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में चित्रकूट में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे दो फर्जी अभ्यर्थियों तथा एक मूल अभ्यर्थी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सेन्टर पर द्वितीय पाली में संदीप कुमार निवासी ठाकुर का पुरवा मुतर्जापुर तहसील कुंडा थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ के स्थान पर अजय कुमार निवासी तुलापुर मुकुंदपुर तहसील सोरांव थाना होलागढ़ जिला प्रयागराज परीक्षा दे रहा था। पूछताछ में अजय कुमार ने बताया कि एक डीपी नाम के व्यक्ति के माध्यम से 05 लाख रुपये में परीक्षा पास कराए जाने की उसकी डील हुई थी।

इसी तरह गंगाप्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज चित्रकूट में प्रथम पाली में आकाश शर्मा निवासी रामगढ़ विकरा थाना देवसरा जिला प्रतापगढ के स्थान पर राकेश कुमार निवासी चंडी जिला नालंदा बिहार परीक्षा दे रहा था जिसमें वेद नाम का एक युवक माध्यम था।

# रिश्तों के रंग को गाढ़ा कर गया रंगमंच का गाडफादर

स्मृति शेष

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

- थिएटर के प्रणेता राज बिसारिया को बिसराना कलाकारों के लिए नामुमकिन
- श्रद्धांजलि देने वालों के नहीं रुक रहे थे आंसू, सहयोगियों के लिए थे संकटमोचक

**अमृत विचार।** "चमन में घूमने फिरने के कुछ आदाब होते हैं,उधर हरगिज़ नहीं जाना उधर सय्याद रहता है।" प्रसिद्ध शायर मुनव्वर राना की यह पंक्ति राज बिसारिया के व्यक्तित्व पर सटीक बैठती है। अपने चाहने वाले "परिंदों" के लिए वे वास्तव में "सय्याद" ही थे। उनसे जो भी मिला उन्हीं का होकर रह गया। वे यारों के यार थे। सभी की खुशी में खुश होना। सभी के गम में गमगीन हो जाना राज के विराट व्यक्तित्व का अहम हिस्सा था। थिएटर की दुनिया के बेताज बादशाह राज बिसारिया की डांट को रंगकर्मी "प्रसाद" की तरह ही लेते थे। खूबियों की पाठशाला माने जाने वाले राज रंगमंच के गाडफादर यूं ही नहीं थे। शुक्रवार की शाम जब अचानक उनकी आंखें बंद हुईं तो उनके दरवाजे पर रंगकर्मियों का जमावड़ा लग गया। श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। प्रत्येक की आंखों में अश्रुधार। सभी के चेहरे गमगीन। राज को चाहने वालों की आंखें मानों कह रही थीं "ऐ जाने वाले हो सके तो लौट के आना...।"

कई रंगकर्मी राज को पिता तुल्य मानते थे, भरपूर सम्मान देते थे। अमेरिका में रहने वाली उनकी बेटी रजीना ने भी थिएटर की बारीकियां उन्हीं से सीखी। लेकिन, बाद में फिल्म मेकिंग के क्षेत्र में चली गईं। राज ने अपने शिष्यों को ही बेटा-बेटी माना। उन्हें भरपूर प्यार दिया। रंगमंच का ककहरा पढ़ाया। शिष्यों को इस काबिल बनाया कि वे रंगमंच पर अपनी छाप छोड़ सकें। अपने अभिनय से रंगमंच को जीवंत कर सकें।



## आशीष ने दी मुखाग्नि

राज बिसारिया के शिष्य आशीष तिवारी ने उन्हें मुखाग्नि देकर बेटा होने का फर्ज निभाया। राज को अपना गुरु, पिता व पथ-प्रदर्शक मानने वाले आशीष ने मुखाग्नि दे अपनत्व के रिश्ते की नई परिभाषा गढ़ी। राज से रंगमंच का ककहरा सीखने आए थे आशीष। सीखते-सीखते रिश्ते इतना गहराए कि राज ही उनके सबकुछ हो गए। राज बीमार हुए तो आशीष ने अंतिम समय में अपने गुरु की पुत्र से बढ़कर सेवा की। वे अपने को राज के परिवार का अहम हिस्सा ही मानते थे।

# तेलंगाना की चार फार्मा कंपनियां करेंगी प्रदेश में करोड़ों का निवेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- ड्रग-मेडिकल पार्कों का होगा विकास, प्रदेश बनेगा फार्मा हब

**अमृत विचार।** प्रदेश में तेलंगाना की चार फार्मा कंपनियां करोड़ों रुपए का निवेश करेंगी। इन कंपनियों के आने से ड्रग व मेडिकल पार्कों के विकास के साथ ही प्रदेश फार्मा सेक्टर का हब भी बनेगा।

मालूम हो कि हैदराबाद में बीते 18 जनवरी को संपन्न फार्मा कान्क्लेव में तेलंगाना की चार फार्मा कंपनियों ने प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने की योजना में निवेश करने को सहमति प्रदान की है। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इनमें डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने यीडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के पास या नोएडा,ग्रेटर नोएडा में अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने का प्रस्ताव बनाया है।

ललितपुर के बल्क ड्रग पार्क में निवेश के लिए 150 एकड़ से अधिक भूमि की मांग की गई है। आवश्यकता है। वहीं, नोएडा व ग्रेटर नोएडा में एक बायोटेक प्रयोगशाला और विनिर्माण इकाई स्थापित की जायेगी। इसके अलावा वीबीएल और रॉलवेल इंडस्ट्रीज भी निवेश करेगा।

## सार-संक्षेप

### भाषा विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम कानपुर रवाना

**लखनऊ :** सेंट्रल जोन अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार से कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित हो रही है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए भाषा विश्वविद्यालय की टीम शनिवार को रवाना हो गई। भाषा विश्विद्यालय द्वारा कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह ने शनिवार को क्रिकेट टीम को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। प्रतियोगिता में खेल भावना से प्रतिभाग करना चाहिए। इस मौके पर क्रीडा परिषद के सदस्य (सदस्य सचिव) मो. शारिक और टीम मैनेजर मृणाल झा मौजूद थे। परिषद के सदस्य मो. शारिक ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 26 फरवरी तक किया गया है।

### पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी के मामले में गवाह तलब

**सुलतानपुर।** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत अन्य आरोपियों के सड़क जामकर प्रदर्शन व पथराव के मामले में दर्ज केस में अभियोजन साक्षी को कोर्ट न्यायाधीश एकता वर्मा ने तलब किया है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तारीख नियत की है। लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक कादीपुर क्षेत्र के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने 17 अक्टूबर 2002 को सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा, सर्वेश सिंह , जितेन्द्र सिंह, लाल बहादुर, शिवभूषण सिंह, पंकज, बृजेश, विपिन, वेद प्रकाश समेत 14 लोगों ने कादीपुर कोतवाली में पथराव और लूटपाट की थी।

### गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान बीती पेशी पर दर्ज किया गया था। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### पतियों पर प्राथमिकी वैवाहिक संबंध में जहर घोलने के समान

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के अपराध हेतु दर्ज अलग-अलग प्राथमिकियों का सामना कर रहे तीन लड़कों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए कहा कि दो व्यक्तियों के बीच के सच्चे प्रेम को कानून की कठोरता या राज्य की कार्यवाही के माध्यम से नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, भले ही वे नाबालिग हों। कई परिस्थितियों में न्याय के तराजू पर ऐसे मामलों को तौलना कठिन हो जाता है, क्योंकि यह गणितीय परिशुद्धता या सूत्रों या प्रमेयों के आधार पर कार्य नहीं करते हैं बल्कि तराजू के एक पलड़े में कानून होता है और दूसरी तरफ बच्चों, उनके माता-पिता और परिवारीजनों का संपूर्ण जीवन, खुशी, भविष्य होता है, लेकिन कई बार किशोर जोड़ों के खिलाफ राज्य/पुलिस की कार्यवाही को उचित ठहराने में कानून को रूढ़ियों से जूझना पड़ता है। ऐसे मामलों में जहां जोड़े विवाह में प्रवेश करते हैं, वहां उनके माता-पिता द्वारा पति/लड़के के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही उनके वैवाहिक रिश्ते में जहर घोलने जैसी है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने अपहरण के आरोपियों की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए की। दरअसल कोर्ट के समक्ष तीन ऐसे याची थे, जिन पर शिकायतकर्ताओं की बेटियों को बहला-फुसलाकर शादी करने का आरोप है जबकि सभी मामलों में लड़के और लड़कियां पहले से सहमत थे और उनके बीच प्रेम संबंध था। इसके साथ लड़कियों ने भी अपने बयानों में यह स्वीकार किया है कि उन्होंने खुद ही अपना घर छोड़कर अपना जीवनसाथी चुना था। अंत में कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले वैवाहिक जोड़ों के लिए अधिकतम उत्पीड़न के अलावा कुछ नहीं है, इन्हें जल्द से जल्द रद्द किया जाना चाहिए।

मेला रामनगरिया

पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में सेवानिवृत आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह का संबोधन

# पांचाल से निकाला प्रभा हरण ने ब्र्ह्म सत्संग का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पांचाल प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र इसी पांचाल से निकाला था। आज इसकी ब्रांडिंग किए जाने की आवश्यकता है। यह बात मेला राम नगरिया में आयोजित पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक इतिहासविद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कही।

पूर्व आईजी ने कहा कि जितना वैभवशाली इतिहास फर्रुखाबाद का है, उतना किसी अन्य जनपद का नहीं सुना। इतिहास शोध और सीखने का विषय है। सीखकर आगे बढ़ने का माध्यम है। दुनिया के साथ चलने के लिए अपनी सोच को वैज्ञानिक करना पड़ेगा। कैंची धाम के बाबा नीब करौरी का मुख्य स्थान फर्रुखाबाद है। सबसे मृदु भाषा से बोलना ही पर्यटन का आधार है। उन्होंने मुगल आक्रांताओं का इतिहास भी दोहराया। संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राचीन गौरव को स्थापित करने के लिए संस्था निरंतर कार्यरत है।

सम्मेलन में संस्था प्रमुख सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि फर्रुखाबाद सभी धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र हैं। उन्होंने कपिल मुनि महाभारत और रामायण काल के अनेक स्थानों की विस्तृत जानकारी दी । श्वेता दुबे ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि होटल प्रबंधन पर्यटन संस्थान बीआर विश्वविद्यालय, आगरा के निदेशक डॉ. लव कुश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करते हुए सरकार के सामने तथ्यपूर्ण ढंग से मांगे रखनी हैं। जनपद का नाम बदलने से हम अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ सकेंगे। आज हमें कोई भी कार्य अर्थव्यवस्था से जोड़कर करना होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां छोटे-छोटे लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं। भारत आज धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन रहा है। उन्होंने फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर करने का प्रस्ताव रखा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि फर्रुखाबाद अगर आज भी विकास से अछूता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। ब्रह्मदत्त द्विवेदी की कमी आज खल रही है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले का नाम बदलवाने के लिए जिला पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कै. डीएस राठौर, प्रो. मुकेश राठौर, प्रो. जीत बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत, निहारिका पटेल, पंकज वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



सम्मेलन के मंच पर उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार



सम्मेलन में बोलते मुख्य अतिथि पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

- सभी धर्मों की आस्था के केंद्र फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर नाम का प्रस्ताव

## अब तक तीन पुस्तकें लिख चुके शैलेन्द्र प्रताप सिंह

पांचाल सम्मेलन में आये पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह की यादें मंच पर पहुंचते ही ताजा हो गईं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज हर्ष वर्धन कन्नौज के रहने वाले थे। वह देश विदेश में घूम घूम कर शोध कर रहे हैं। वह अब तक तीन पुस्तकें बैस जाति पर लिख चुके हैं। कम्पिल नगरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। द्रोपदी का जन्म कम्पिल नगरी में ही हुआ था। महावीर स्वामी का पहला प्रवचन कम्पिल में हुआ। जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर स्वामी विमल नाथ का जन्म कम्पिल में ही हुआ था।

## एक नजर

### केजीएमयू में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

**अमृत विचार,लखनऊ :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय( केजीएमयू) में मरीजों को जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की की सुविधा मिलने लगेगी। प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने वाला दूसरा सरकारी संस्थान बन जायेगा। इसके लिए जल्द ही रोबोटिक सर्जरी के प्रशिक्षिण के लिए डॉक्टरों को भेजा जायेगा ।केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ.सुधीर सिंह ने शनिवार को बताया कि रोबोटिक सर्जरी की मांग बढ़ी है, इसमें जटिल सर्जरी भी सटीक संपन्न होती है। अन्य तकनीक की अपेक्षा रोबोटिक सर्जरी सस्ती भी होती है। केजीएमयू में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप( पीपीपी) मॉडल पर रोबोट यूनिट संचालित होगी। इसमें लंबा चीरा न लगने की वजह से खून का श्राव कम होता है और मरीज कम दवाओं का सेवन कर जल्द ही घर पहुंच जाता है और अपेँक्षाकृत शीघ्र ही दैनिक दिनचर्या शुरू कर सकता है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक यूनिट में गेस्ट्रो, एंडोक्राइन , यूरो व जनरल सर्जरी विभाग के मरीजों की सर्जरी संपन्न होंगी।

### चौधरी चरण सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अमृत विचार, लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की जन्मस्थली हापुड के नूरपुर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की ख़ुशी मनाई। रालोद के प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी साहब की जन्मस्थली में भारत रत्न मिलने के बाद से दिवाली जैसा माहौल है।

# परंपरागत खेती के साथ औद्यानिक फसलों को भी बढ़ाना आवश्यक

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने की 55वीं प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 की शुरुआत


प्रदर्शनी में फल को देखते राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी ।


प्रदर्शित की गई सब्जियों को देखती महिला व बच्चा। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है, लेकिन देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर अपने राज्य का है। उप्र. के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। यह दिखाता है कि किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 की शुरुआत की। इसके बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी देखी। यह प्रदर्शनी तीन दिनों (17 से 19 फरवरी) तक चलेगी। योगी ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और इसके आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### किसानों का किया गया सम्मान

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

# 16विभागों ने साधा शत प्रतिशत लक्ष्य

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) में राज्य सरकार जो 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को शुरु करने जा रही है, उसमें सरकार के 37 विभागों का योगदान है। इन 37 में 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत निवेश जमीन पर उतरेगा तो वहीं राशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की करीब 1.42 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी। इस तरह कुल 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का आगाज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

**4.5 लाख करोड़ का निवेश:** जिन 16 विभागों ने शत प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य हासिल किया है उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा फूड एंड सिविल सप्लाई (226प्रतिशत), वन विभाग (182 प्रति.), आयुष (173 प्रति.), पशुपालन (167 प्रति.), ऊर्जा (165 प्रति.), माध्यमिक शिक्षा (139 प्रति.), तकनीकी शिक्षा (133 प्रति.), उद्यान (120 प्रति.), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114 प्रति.), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112 प्रति.), चिकित्सा शिक्षा (110 प्रति.), स्वास्थ्य (105 प्रति.), यीडा (103 प्रति.), नागरिक उड्डयन (100 प्रति.), और जीनीडा (100 प्रति.) शामिल हैं। इन 16 विभागों के माध्यम से प्रदेश में करीब 4.5 लाख करोड़ की लागत वाले कुल 4381 परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है।

### जीबीसी के तहत प्रस्तावित निवेश व रोजगार सृजन

| रोजगार सृजन | प्रस्तावित निवेश |
|---|---|
| आवास-535 | 3409 करोड़ |
| पर्यटन-6396 | 3129 करोड़ |
| पशुपालन-93 | 14 करोड़ |
| आयुष-100 | 15 करोड़ |
| सहकारिता-100 | 57.37 करोड़ |
| दुग्ध विकास-285 | 150 करोड़ |
| ऊर्जा के अ.स्रोत विभाग-50 | 107 करोड़ |
| चि.शिक्षा विभाग-327 | 48.15 करोड़ |
| एमएसएमई-1775 | 189 करोड़ |
| वन विभाग-67 | 575 करोड़ |
| उच्च शिक्षा विभाग-630 | 505 करोड़ |
| उद्यान विभाग-6200 | 445 करोड़ |
| आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग-500 | 100 करोड़ |
| तकनीकी शिक्षा-598 | 113 करोड़ |
| यूपीसीडा-1320 | 1230 करोड़ |
| माध्यमिक शिक्षा-200 | 70 करोड़ |

### बुंदेलखंड में भी 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं होंगी शुरू

**लखनऊ :** जीबीसी में बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी में हैं, जहां से 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। इसके अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा, जालौन में 9290 करोड़ से ज्यादा, चित्रकूट में 7047 करोड़ रुपए से ज्यादा, महोबा में 1664 करोड़ से ज्यादा, बांदा में 596 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

# देश 5वीं अर्थव्यवस्था के पायदान पर तो क्यों दे रहे हैं मुफ्त में राशन


राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व शिवपाल यादव को असमी गमछा पहनाते असम सपा प्रतिनिधि मंडल के सदस्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उठाए सवाल
- पार्टी मुख्यालय में एकत्र कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि अगर विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना संकल्प क्यों पूरा नहीं किया?

अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि, महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

### अखिलेश से मिला सपा असम का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से शनिवार को सपा असम के प्रदेश अध्यक्ष अजहरउद्दीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमडंल ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव को लेकर असम की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। असम के प्रतिनिधिमंडल में सपा असम के प्रदेश महासचिव फखरूद्दीन अहमद, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष शोफीक अहमद, अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष रहमान मंडल और कोषाध्यक्ष अब्दुस सुबन शामिल थे। प्रतिनिधिमण्डल ने अखिलेश यादव का असमी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी मौजूद रहे।

# नव स्थापित चार ट्रामा सेंटर में जल्द ही मिलेगा इलाज

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 200 कर्मियों के पद सृजित
- गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में हुआ है निर्माण

**अमृत विचार:** जल्द ही गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में नवनिर्मित ट्रामा सेंटर मरीजों को इमरजेंसी में बेहतर इलाज देने लगेंगे। इसके लिए शासन द्वारा प्रत्येक ट्रामा सेंटर में नौ डॉक्टर समेत 50 कर्मियों के पद सृजित कर दिये हैं। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज मिलना शुरू हो जाएगा तो मरीजों को दूसरे बड़े अस्पताल में धक्के खाने से छुटकारा मिल जायेगा।

प्रदेश में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त करने के लिए हर जिले में जहां मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं, वहीं ट्रामा सेंटर भी खोले जा रहे हैं। उक्त क्रम में ही गाजीपुर के मोहम्मदाबाद, कौशाम्बी के नर्सिंगपुर अजुआ, औरैया में भगौतीपुर और हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में नवस्थापित ट्रामा सेंटरों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं।

ट्रामा सेंटरों में गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए एक ट्रामा सेंटर में तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर(ईएमओ) के अलावा आर्थोपैडिक सर्जन, जनरल सर्जन और एनेस्थेटिक के दो-दो पद सृजित किये गये हैं। इसके अलावा 15 स्टाफ नर्स, तीन ओटी टेक्नीशियन, तीन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो लैब टेक्नीशियन और नौ नर्सिंग अटेंडेंट के पद रखे गये हैं। साथ ही नौ पद मल्टी टास्क वर्कर के हैं जो कि सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से रखे जाएंगे। इस प्रकार चार ट्रामा सेंटरों में कुल 200 पद सृजित किये गये हैं। पद सृजन के यह निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अनुसचिव पीयूष कुमार ने स्वास्थ्य महानिदेशक को दिये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि इन चार ट्रामा सेंटर में केवल हापुड का ट्रामा सेंटर स्वास्थ्य विभाग के अधीन हैं, शेष तीन जिलों के जिला अस्पताल चिकित्सा शिक्षा विभाग में ट्रांसफर हो चुके हैं, इसलिए ये ट्रामा सेंटर भी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ही संचालित किये जाएंगे।

इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के संचालित 37 ट्रामा सेंटरों में पांच चिकित्सा शिक्षा विभाग में जाने के बाद 32 ट्रामा सेंटर चल रहे थे, अब हापुड़ शुरू होने के बाद संचालित ट्रामा सेंटरों की कुल संख्या 33 हो जायेगी। जल्द ही हापुड़ ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों की तैनाती कर दी जायेगी।

# धान बिक्री करने वाले 7.82 लाख किसानों को 11170.55 करोड़ का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिये कि धान विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीद की समीक्षा कर रहें थे। बैठक में उन्हें अवगत कराया गया कि बीती 14 फरवरी तक राज्य सरकार को 52.47 लाख मीट्रिक टन धान बिक्री करने वाले सात लाख 82 हजार किसानों में 11हजार171 करोड़ रूपयों का भुगतान किया गया है। जबकि निर्धारित लक्ष्य 70 लाख मीट्रिक टन धान का क्रय किया जाना है। इसके लिए 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 प्रति कुंतल और उच्च ग्रेड-ए धान का मूल्य 2203 प्रति कुंतल रुपये निर्धारित है। पश्चिमी प्रदेश के जिलों में पहली अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 खरीद हो चुकी है वहीं पूर्वी उप्र में पहली नवंबर से 29 फरवरी तक धान खरीद जारी है। बैठक में बताया गया कि धान बिक्री के लिए 10,45,946 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। धान ब्रिकी करने वाले किसानों के बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है। पहली बार 40 जिलों में क्रय केंद्रों से राइस मिलों तक धान जीपीएस युक्त वाहनों से पहुंचाया गया है, प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी बनाने के लिए किया गया है।


### वर्ग पहेली-346

**बाएं से दाएं**

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।



### वर्ग पहेली - 345 का हल




### सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |

### एक्स-रे रेडिएशन से गर्भस्थ शिशु को खतरा नहीं

**अमृत विचार,लखनऊ :** अक्सर देखा गया है कि रेडियो डायग्नोसिस के क्षेत्र में काम करने वाली महिला कर्मचारी यदि गर्भवती हैं तो वह एक्स-रे का कार्य नहीं करती, उन्हें डर लगता है कि इससे निकलने वाले रेडिएशन से गर्भस्थ शिशु पर दुष्प्रभाव पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। यह कहना है अमेरिका स्थित जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम महेश का। उन्होंने यह बात केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल में शनिवार को एमआरआई और सीटी स्कैन में नई सीमाओं की खोज विषय पर आयोजित कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि एक्स-रे करते समय रेडिएशन को लेकर घबराना नहीं चाहिए। इसको लेकर शोध हो चुके हैं।

# मोहनलालगंज से आरके चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी




**अमृत विचार,लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है ।दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे।

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08.15 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 09.23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** - आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

**वृष** - आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

**मिथुन** - आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

**कर्क** - आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**सिंह** - आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

**कन्या** - आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

**तुला** - आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

**वृश्चिक** - आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।

**धनु** - आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मकर** - आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

**कुंभ** - आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

**मीन** - आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
- दरार — सुबह : 10.00
- अनाड़ी — रात : 07.00

**Sony Max**
- चक दे इंडिया — सुबह : 08.37
- तारा वर्सेज बिलाल — रात : 09.40

**Sony Pix**
- ए मैन कॉल्ड ओटो — सुबह : 10.10
- 2012 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- क्यों! हो गया न — सुबह : 10.30
- फ्लाइट — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- हम तुम्हारे हैं सनम — सुबह : 11.36
- यह जवानी है दीवानी — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति- (कमेंटरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

## पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने संदेशखालि का दौरा करके कहा...

# हम उत्पीड़ित बच्चे की मां से करेंगे बात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) की छह सदस्यीय टीम ने राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्र संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए शनिवार को वहां का दौरा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि संदेशखालि में बदमाशों ने सात माह के बच्चे को उसकी मां की गोद से छीनकर फेंक दिया था। बच्चे का फिलहाल उपचार किया जा रहा है। आयोग की सलाहकार सुदेशना रॉय ने पत्रकारों से कहा कि हम स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर आए हैं। हमारा कर्तव्य राज्य के हर बच्चे को सुरक्षा देना है और यह भी देखना है कि उनके अधिकार सुरक्षित हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हम कथित तौर पर उत्पीड़ित बच्चे की मां से बात करेंगे।



डब्ल्यूबीसीपीसीआर की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए वहां का दौरा किया। ● एजेंसी

आयोग की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि का दौरा किया, जिसका नेतृत्व इसकी अध्यक्ष तूलिका दास ने किया। दास ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें पता चला कि कोई व्यक्ति एक घर में घुस आया और बच्चे को मां की गोद से फेंक दिया। उन्होंने कहा, ''हमने खुद ही परिवार से मिलने का फैसला लिया। हम बच्चे की मां से मिले...वे भोजन, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा चाहते हैं। हमने उन्हें वह सब प्रदान किया है।

बता दें कि एक महीने से अधिक समय पहले तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शेख शाहजहां के परिसर की तलाशी के लिए ईडी के इलाके में जाने के बाद संदेशखालि में तनाव पैदा हो गया था।

### केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर

पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले उत्तर 24 परगना के अशांत संदेशखाली में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

## बिलकीस बानो मामला: दोषी ने पैरोल के लिए न्यायालय का किया रुख

**अहमदाबाद।** वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है। रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद कर दिया था। इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था।

# हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं कार्यकर्ता

● भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री मोदी ने किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का शनिवार को आह्वान किया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को 370 से अधिक सीटें जिताने के लक्ष्य को एक आंकड़ा नहीं, बल्कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि समझ कर प्राप्त करें। नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ के पहले पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह भी आह्वान किया कि हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन के बिन्दुओं की जानकारी दी।



नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाई। इस दौरान अमित शाह और जेपी नड्डा भी रहे। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू -कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। हर कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए और इसे एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि श्रद्धांजलि के रूप में लें। विनोद तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भाजपा और राजग जो सीटें लड़नी है, उनके उम्मीदवार की घोषणा कर दी और वह उम्मीदवार है - कमल का फूल। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता कमल को जिताने के लिए कमर कस लें। जिन लोगों को केंद्र या राज्य की सरकारों की योजनाओं का लाभ मिला है, उनसे 100 दिनों में संपर्क करें।

### एक नजर

#### दिल्ली के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है।

#### गुरुग्राम में 1.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**गुरुग्राम(हरियाणा)।** गुरुग्राम में साइबर अपराधियों ने पहले एक व्यक्ति को यह बताया कि उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ है और फिर उसे गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 83 निवासी आशीष सरीन ने साइबर अपराध दक्षिण पुलिस थान में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें एक व्यक्ति ने कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताकर फोन किया और बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पैकेट में मादक पदार्थ मिला है जिससे उसे जमानत करानी पड़ेगी। इसके बाद उसने जमानत के नाम पर उससे 1.28 करोड़ रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु), एजेंसी

● मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12



बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा-शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया कि यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।

## गुजरात में 5 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों पर मामला दर्ज

भुज, एजेंसी

गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने

### अपहरण, जबरन वसूली का मामला

इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## राजद के साथ सत्ता साझा करने के दौरान गड़बड़ियां हुईं, की जा रही जांच : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि जब राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) सत्ता में थे उस वक्त कई गड़बड़ियां हुईं और अब उनकी जांच की जा रही है। दरअसल बिहार सरकार ने उन विभागों द्वारा लिये गये सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया है जिनका प्रभार राज्य की पूर्व 'महागठबंधन' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और राजद के दो मंत्रियों ललित यादव व रामानंद यादव पास था। कुमार ने इसी संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर यह बात कही।

## दिल्ली विस में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन में आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा इस साल का लोकसभा चुनाव जीत जाए लेकिन आप 2029 के चुनावों में देश को उससे मुक्त कराएगी।

## सीधे ज्ञापन देने पर कर्मी को बर्खास्त नहीं किया जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए की टिप्पणी की



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को केवल इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने उचित माध्यम को दरकिनार कर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी थी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ ने जिला न्यायपालिका के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए यह टिप्पणी की।

छत्रपाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को सीधे अभ्यावेदन भेजने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब आर्थिक तंगी में होता है तो वह सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन यह अपने आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके लिए उसे सेवा से बर्खास्त किये जाने की सजा दी जाये। अपीलकर्ता ने बरेली जिला अदालत के अन्य कर्मचारियों के उदाहरणों का हवाला दिया है जिन्होंने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन भेजा था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए छत्रपाल को बहाल करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने 2019 में बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को खारिज कर दिया था। छत्रपाल को बरेली जिला न्यायालय में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। बाद में उनका तबादला कर दिया गया और उन्हें बरेली की एक बाहरी अदालत नजारत शाखा में 'प्रोसेस सर्वर' के रूप में तैनात कर दिया गया। हालांकि वह नजारत शाखा में काम करने लगे, लेकिन उन्हें एक अर्दली का पारिश्रमिक दिया जा रहा था। नजारत शाखा जिम्मेदार प्रक्रिया सेवा एजेंसी है। वरिष्ठ अधिकारियों को कई अभ्यावेदन देने के बाद, उन्हें जून 2003 में निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी।

## सड़क दुर्घटना में आप विधायक समेत पांच घायल

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के घोगरा गांव में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करमबीर सिंह घुमन और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करमबीर सिंह घुमन होशियारपुर जिले के दसुया से विधायक हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब घुमन कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार में तलवाड़ा शहर की ओर जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में उनके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में घुमन के अलावा, उनके निजी सहायक शुभम, सुरक्षाकर्मी अमृतदीप सिंह, कार चालक जस्सा सिंह और दलजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया।



### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2600 -4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000 -2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200 -5400 |
| अरहर | 7500 -8000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 4400 -4500 |
| उड़दहरा | 10000 -10200 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12300 |
| चनादाल | 7050-7150 |
| मटरदाल | 5250-5350 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800 -10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |


# सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाई

## 21,000 करोड़ रुपये की वृद्धि से ब्याज का बोझ होगा कम, सब्सिडी पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा-अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा



करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।

### कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की देख-रेख में भारत से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात साल दर साल 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह जानकारी एपीडा के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को बयान जारी करके की गई है। जानकारी के अनुसार एपीडा की स्थापना 13 फरवरी 1986 को प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्ष 1987-88 में इन उत्पादों का निर्यात मात्र 60 करोड़ डॉलर के बराबर था, जो 2022-23 में कृषि निर्यात 26.7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह इस क्षेत्र के निर्यात में 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से विस्तार दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कृषि निर्यात 53.1 अरब डॉलर रहा जिसमें एपीडा के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का योगदान 51 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा वर्ग में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 समूहों की वस्तुओं निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा था। इस अवधि में ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत तथा प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात का निर्यात भी अच्छा खासा बढ़ा है।


## एरिच ग्रुप (जर्मनी) ने पुणे में नए संयंत्र का किया उद्घाटन

**पुणे।** एरिच ग्रुप ने शनिवार को पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में नए उत्कृष्ट विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया, यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस संयंत्र में कंपनी देश और विश्वभर के लिये गहन मिश्रक, संबंधित संयंत्र उपकरण और नियंत्रण प्रणालियों का उत्पादन करेगी। पुणे का संयंत्र तीन एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है और यह एरिच इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एरिच समूह को धातुकर्म, रेफ्रेक्ट्रीज, सिरेमिक, एग्रोकेमिकल्स, फाउंड्री, बैटरी, कार्बन उत्पाद और कई अन्य उद्योग क्षेत्रों में अपनी अनूठी मिश्रण और प्रसंस्करण तकनीक के लिये दुनिया भर में एक मजबूत बाजार स्थिति प्राप्त की है। चाकन संयंत्र के उत्पादन के साथ, एरिच इंडिया अपनी क्षमता बढ़ाने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिये तैयार है।

## हिमाचल बजट: सुक्खू ने दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की

शिमला, एजेंसी

● मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया।

सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः 42,153 करोड़ रुपये और 46,667 करोड़ अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,350-47,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,900 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## बंधन बैंक पश्चिम बंगाल सरकार के राजस्व संग्रह के लिए अधिकृत

कोलकाता, एजेंसी

● बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक

बंधन बैंक को पश्चिम बंगाल की कर और गैर-कर प्राप्तियों के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। निजी ऋणदाता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अधिदेश बैंक को सरकारी रसीद पोर्टल तंत्र (ग्रिप्स) के माध्यम से राजस्व इकट्ठा करने में सक्षम बनाएगा।

बैंक ने कहा कि इस अधिदेश के आधार पर लोग इस पोर्टल का उपयोग करके संपत्ति कर, मोटर वाहन कर और व्यावसायिक कर जैसे विभिन्न करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ खुद को एकीकृत करेगा। बंधन बैंक के सरकारी मामलों के प्रमुख देबराज साहा ने कहा कि बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक है। राज्य में बैंक की 1,700 से अधिक लेनदेन शाखा हैं। 'ग्रिप्स' पश्चिम बंगाल सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर भुगतान करने के लिए एक ऑनलाइन इंटरनेट-आधारित मंच है।

## पेरनोड रिकार्ड की भारत में बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्पिरिट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पेरनोड रिकार्ड की भारतीय बाजार में बिक्री चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चार प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनी जुलाई से जून के वित्त वर्ष का अनुपालन करती है। पेरनोड रिकार्ड ने घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय बाजार में उसकी मांग मजबूत रही है। इसके अलावा, भारत में दूसरी छमाही (जनवरी से 24 जून) में 'मजबूत वृद्धि' की उम्मीद है। भारत पेरनोड रिकार्ड के लिए वैश्विक स्तर पर अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। कहा कि उसके अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड जेम्सन, एब्सोल्यूट और द ग्लेनलिवेट ने मजबूत वृद्धि की।

# ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ट्रांजैक्शंस की जांच में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला है। द हिंदू की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नॉन-कंप्लायंस के कुछ अन्य मामलों के चलते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

● लेनदेन की जांच में फेमा के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला

ईडी की यह कार्रवाई आरबीआई के पेटीएम की सब्सिडियरी कंपनी को 29 फरवरी से नए डिपॉजिट्स स्वीकार करने से रोक लगाने के कुछ दिनों बाद हुई है। हालांकि, अब आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट और अन्य ट्रांजैक्शंस की डेडलाइन को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है।

31 जनवरी को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा नहीं डाला जा सकेगा।

### ईडी ने पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से की थी पूछताछ

ईडी को कंपनी के फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस की जांच करने का काम सौंपा गया था। ईडी फेमा और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत वॉयलेशन या क्राइम की जांच करता है। इससे पहले, ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आबीआई की कार्रवाई के बाद पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से पूछताछ की थी और उनसे डॉक्यूमेंट्स हासिल किए थे।

## एक नजर

### मुंबई में 31.6 लाख के मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

**ठाणे।** नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये मूल्य की मेथिलीन डाइऑक्सी-मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) और ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम कोपरखैरने इलाके से संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63 ग्राम एमडीएमए और 253 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 31.6 लाख रुपये है। आरोपी मोहम्मद शमीम इस्माइल अंसारी उर्फ सैम, खालिदा खातून मोहम्मद अजीम अंसारी और आफिया खातून हयात मोहम्मद अंसारी को गिरफ्तार किया गया जबकि उनकी साथी रुकसाना अंसारी फरार है।

### ईरान: सिरफिरे ने अपने ही 12 रिश्तेदारों को मारी गोली, मौत

**तेहरान।** ईरान के दूरदराज ग्रामीण इलाके में 30 वर्षीय एक सिरफिरे शख्स ने शनिवार को अपने 12 रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह गोलीबारी दशकों में हुई सबसे घातक घटना है। करमान प्रांत के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी ने बताया कि बंदूकधारी ने पारिवारिक विवादों के कारण एक गांव में सुबह-सुबह अपने पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों पर गोलियां चला दीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावर की अभी पहचान नहीं हुई है और उसने कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल का इस्तेमाल किया। ईरान में किसी भी हिंसक घटना में मरने वालों की संख्या ये सबसे अधिक है।

### गुजरात में तटवर्ती गांव से पुलिस ने शेरनी का शव बरामद किया

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले के एक तटीय गांव में शेरनी का शव बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि, शेरनी की मौत अरब सागर में डूबने से हुई है। उन्होंने कहा-शेर का समुद्र में डूबना कोई बहुत सामान्य घटना नहीं है। बता दें, पुलिस ने मामले में किसी भी तरह की साजिश की आशंका से इनकार कर दिया है। जूनागढ़ के प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) के.रमेश ने शनिवार को बताया कि वन क्षेत्र में धारा बंदर गांव के तट पर पांच से नौ साल की उम्र की शेरनी मृत मिली थी। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि शेरनी की मौत पानी में डूबने से हुई।

### ब्रिटेन: हत्या के आरोप में भारतीय मूल के युवक को उम्रकैद की सजा

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संदीप पटेल को 1994 में लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर चाकू मारकर उनकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोषी मानते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने कहा-मजबूत साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई गई है।

## तेलंगाना में बदमाशों ने 20 कुत्तों को मारी गोली, 5 जख्मी जांच में जुटी पुलिस टीम

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के महबूबनगर जिले में गुरुवार रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने 20 आवारा कुत्तों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीबारी में पांच कुत्ते बुरी तरह जख्मी भी हैं। पुलिस को घटना के बारे में शुक्रवार को पता चला। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में गोलीबारी के बाद लोग काफी डरे हुए हैं।

स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता अदुलापुरम गौतम ने कहा, 'स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात के बाद कार में कुछ नकाबपोश आए और कुत्तों पर बंदूक से गोलियां चला दीं। इस घटना में लगभग 20-25 कुत्ते मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हमने इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात बदमाशों की पहचान की जा रही है। शुरुआती जांच में एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया है कि कार में आए एक व्यक्ति ने ही अपराध को अंजाम दिया है। पंचायत अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## हैदराबाद में आकार ले रही गूगल की भव्य इमारत


*तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक भव्य इमारत आकार ले रही है। ये है, सर्च इंजन गूगल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस। जो शहर के वित्तीय इलाके गच्छीबावली क्षेत्र में बन रहा है। करीब 1500 लोग दिन-रात इसे बनाने में जुटे हैं, फिर भी इसके 2026 तक पूरा होने की संभावना कम है। यहां काम कर रहे प्रोजेक्ट इंजीनियरों ने बताया कि ऑफिस 30 लाख वर्ग फीट में बन रहा है, जिसका अभी करीब 20% ही काम हुआ है। इसे पूरा बनने में अभी 7 साल और लगेंगे।*




**1000** करोड़ रु. की लागत से तैयार हो रहे ऑफिस में 18 हजार कर्मचारी कर सकेंगे काम

**30** लाख वर्ग फीट में हैदराबाद में बन रहा है गूगल का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय

### सबसे बड़ा ऑफिस माउंटेन व्यू



गूगल का ऑफिस 35 लाख वर्ग फीट में बना अभी हैदराबाद के कोंडापुर में गूगल का जो दफ्तर है, उसमें 7 हजार कर्मचारी है। जबकि गूगल का सबसे बड़ा ऑफिस अमेरिका के कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में है, जो करीब 35 लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है।



### अंडाकार में बनेगी इमारत

अभी नींव का बेस बन चुका है। उसके ऊपर चार बड़े त्रिकोणीय स्तंभ बन रहे हैं। इनके ऊपर 23 मंजिला ऑफिस की अंडाकार इमारत खड़ी होगी, जिसमें एक साथ 18 हजार कर्मचारी काम कर सकेंगे। प्रोजेक्ट की लागत 1000 करोड़ रुपये है।

### हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम्स हॉल

ब्रिटिश फर्म ऑलफोर्ड हॉल मोनाघन मॉरिस ने इसे डिजाइन किया है। ये भारत में कंपनी का पहला निर्माण है। इस ऑफिस को हरेक मंजिल पर सूरज की रोशनी और ताजी हवा रहेगी। छत ऐसे डिजाइन की गई है कि उसे कभी भी खोला या बंद किया जा सके। इसमें 7 कैफेटेरिया होंगे। हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम हॉल भी डिजाइन किए जाएंगे।

### भारत का सबसे बड़ा ऑफिस सूरत डायमंड बुर्स



भारत में सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बसं है, जो 71 लाख वर्ग फोट में बना है। यदि कैंपस की बात करें तो इंफोसिस का मैसूर कैंपस है, जो 350 एकड़ यानी डेढ़ करोड़ वर्ग फीट में है। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। एसडीबी को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92 फीसदी नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।

### पाकिस्तान: चुनाव में धांधली की जिम्मेदारी लेते हुए नौकरशाह ने दिया इस्तीफा, सीईसी पर लगाया आरोप

## मुख्य जज- ईसी चुनाव धांधली में शामिल

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान में आम चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद एक हफ्ते का समय गुजर चुका है। लेकिन नई सरकार का गठन नहीं हो पाया है। इस बीच, एक वरिष्ठ नौकरशाह ने चुनाव में सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) हालिया चुनाव में हुईं गड़बड़ियों में शामिल थे।

रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए चुनावों को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। पीटीआई आम चुनाव में धांधली और जनादेश की चोरी का आरोप लगा रही है।

चट्ठा ने रावपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हा रहे थे, उन्हें जीत दिलाई गई थी। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, मैं इन सभी गलत कामों की जिम्मेदारी ले रहा हूं।

मैं आपको बता दूं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) भी पूरी तरह से धांधली में शामिल थे। चट्ठा ने चुनाव परिणामों में हेराफेरी की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की पीठ में छुरा घोंपा गया है, जिस वजह से उन्हें नींद नहीं आती है। उन्होंने कहा, मैंने जो अन्याय किया है, उसके लिए मुझे सजा मिलनी चाहिए।



### चुनाव में धांधली के विरोध में सड़कों पर पाकिस्तानी अवाम

कराची पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनावों में धांधली को लेकर विपक्ष खुलकर सड़कों पर आ गया है। सिंध प्रांत में भुट्टो-जरदारी परिवार की पार्टी पीपीपी के खिलाफ बने ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के हजारों प्रदर्शनकारियों ने जामशोरो में हाइवे को जाम कर दिया। जीडीए का आरोप है कि सिंध में पीपीपी को जीताने के लिए सेना और प्रशासन ने जमकर गड़बड़ियां की है। लोगों को संबोधित करते हुए जीडीए प्रमुख पीर पागरा ने कहा कि आम चुनाव में पीटीआई के निर्दलीय प्रत्याशियों को परेशान किया गया, लेकिन चुनाव आयोग सोता रहा।

### पीएमएलएन ने पीटीआई की मांग की आलोचना की



पाकिस्तान मुस्लिम-लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आम चुनाव में कथित धांधली में अमेरिकी दखल की जांच की मांग की आलोचना की और कहा कि यह पाकिस्तान पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी है। इमरान खान ने गुरुवार को अमेरिका को संदेश दिया था कि उसे पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली पर चिंता जतानी चाहिए। इसके बाद पीएमएल-एन की नेता मरियम औरंगजेब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हम गुलाम नहीं हैं। यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन ने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिका से मदद मांगने को लेकर पीटीआई की आलोचना और उसे याद दिलाया कि आपके अनुसार अमेरिका ने आपकी सरकार गिराने के लिए साजिश रची थी।

## थोड़ा मतभेद न्यायपालिका कार्यपालिका में जरूरी: कौल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- संसद रत्न कार्यक्रम में उन्होंने कहा टकराव लोकतंत्र में संतुलन के लिए जरूरी

न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत टकराव लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए अच्छा है। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कही। वह सांसदों को 'संसद रत्न' पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, संविधान में लोकतंत्र के नियंत्रण और संतुलन का जिक्र है, जो एक प्रशासन, एक विधायिका और अदालत का प्रावधान करता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हमारे यहां पहले 'पहले आओ-पहले पाओ' की आवधारणा पर आधारित लोकतंत्र है। इसलिए, सरकार के पास पचास फीसदी से कम मत होंगे, वहां कोर्ट व्यवस्था पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कौल ने आगे एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश का हवाला दिया और कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है। लेकिन अगर दोनों के बीच बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं, तो समस्या है।

### इन सांसदों को मिला संसद रत्न पुरस्कार

यह सम्मान भाजपा के सांसद सुधीर गुप्ता, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल कोल्हे को दिया गया। सत्रहवीं लोकसभा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो औ भाजपा की हीना गावित को संसद महारत्न' से सम्मानित किया गया। वहीं, राकांपा की सुप्रिया सुले, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने, बीजद के भर्तृहरि महताब को 'सांसद उत्कृष्ट महारत्न' से सम्मानित किया गया।

## चुनाव आयोग-विस अध्यक्ष का फैसला अन्यायपूर्ण: शरद



**मुबंई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक रहे शरद पवार ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का एनसीपी मामले पर दिया गया फैसला पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। शरद पवार ने कहा कि मामला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दरअसल चुनाव आयोग ने बीते दिनों अपने फैसले में अजित पवार गुट को असली राकांपा (एनसीपी) माना था और पार्टी का चुनाव चिह्न भी अजित पवार गुट को देने का फैसला दिया था। शरद पवार ने कहा कि हमें ऐसे ही फैसले की उम्मीद थी। स्पीकर अपने पद की शुचिता को बरकरार रखने में असफल रहे। चुनाव आयोग और स्पीकर का फैसला अन्यायपूर्ण है।

## भाजपा में जाने की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे कमलनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कमलनाथ ने कहा- ऐसी कोई बात होगी, तो खुद इसकी जानकारी देंगे तेजिंदर ने खबरों को बताया फर्जी

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि कमलनाथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। पूर्व सीएम भाजपा का दामन थामने की अटकलों के बीच शनिवार दोपहर ल्ली पहुंचे।

इससे पहले पूर्व सीएम ने छिंदवाड़ा में अपने समर्थक नेताओं से बातचीत की। उनसे रायशुमारी की और सीधे-सीधे पूछा कि 'क्या करना है?' इसके बाद छिंदवाड़ा के अन्य कार्यक्रम निरस्त किए और भोपाल से दिल्ली रवाना हो गए। अब कहा जा रहा है कि कमलनाथ छिंदवाड़ा से अपने सांसद बेटे नकुल नाथ के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा, मैंने कल रात कमलनाथ से बात की, वह छिंदवाड़ा में हैं। उन्होंने कहा कमलनाथ ने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की है, वह गांधी परिवार का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे।

### कमलनाथ ने तोड़ी चुप्पी

पूर्व सीएम ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई बात होती है तो वह खुद इसकी जानकारी देंगे। कमलनाथ ने शनिवार को कहा कि वह आज दोपहर में दिल्ली पहुंचे। ऐसे में भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने इन अटकलों को फेक न्यूज बता दिया है। भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने एक्स पर लिखा, 'कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की खबर फर्जी है।' बग्गा भाजयुमो के राष्ट्रीय सचिव हैं।

### हिमस्खलन की चेतावनी...



**श्रीनगर:** शनिवार को जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जेकेडीएमए ने बताया कि कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, कुपवाड़ा, गांदरबल और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ तथा रामबन जिलों में 2,200 मीटर से ऊपर कम खतरे के स्तर के साथ हिमस्खलन होने के आसार हैं। स्थानीय लोगों को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। आपदा के समय हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया है। ● एजेंसी

## भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर पथराव, तनाव बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

- भाजपा-शिवसेना यूबीटी कार्यकर्ता भिड़े, पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए किया बल प्रयोग



महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। भाजपा विधायक के काफिले पर पथराव से रत्नागिरी के चिपलून में तनाव बढ़ गया है। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। सरकार ने घटना के जांच आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

शुक्रवार को रत्नागिनी के चिपलून में भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना उद्धव ठाकरे के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। यह झड़प शिवसेना (यूबीटी) के विधायक भास्कर जाधव के कार्यालय के बाहर हुई। इस झड़प के दौरान स्थिति को बिगड़ती देख पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसी दौरान भाजपा विधायक और पूर्व सांसद नीलेश राणे का काफिला भी वहीं से गुजर रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं की झड़प के बाद कुछ अज्ञात लोगों ने नीलेश राणे के काफिले पर भी पथराव कर दिया। इस दौरान वहां जमकर हंगामा हुआ। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और घटना की जांच कर रही है।

## भारत आ रहे तेल टैंकर पर हूती आतंकियों ने दागी मिसाइल

**काहिरा।** लाल सागर में हाउती आतंकियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। हाउती आतंकियों ने भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि मिसाइल ने तेल टैंकर एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह यमन से दागी गई थी। हमले में तेल टैंकर को मामूली क्षति पहुंची है। इस पर मौजूद क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

पोलक्स रूस के काला सागर स्थित बंदरगाह शहर नोवोरोसिस्क से 24 जनवरी को रवाना हुआ था। यह भारत के पारादीप के पास 28 फरवरी को पहुंचने वाला है। पारादीप में इंडियन ऑयल कंपनी की तीन लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता की रिफाइनरी है। ओसियनफ्रंट मेरीटाइम को एसए के स्वामित्व वाले जहाज का संचालन सी ट्रेड मेरीन एसएस की ओर से किया जाता है।

## धोखाधड़ी मामला: ट्रंप पर लगा 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- न्यूयॉर्क कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर की कार्रवाई, कंपनी के निदेशक के रूप में काम पर भी लगाई रोक




अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मामले में न्यूयॉर्क के एक कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रंप को न्यूयॉर्क में कंपनी के निदेशक के रूप में काम करने से तीन साल के लिए रोक लगा दिया।

वहीं, अदालत ने उनके दोनों बेटों डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप को भी 4-4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दोनों को दो साल के लिए निदेशक के रूप में काम करने से रोक दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके बेटों पर बैंकों, बीमा कंपनियों व अन्य लोगों से धोखाधड़ी कर रियल एस्टेट का साम्राज्य खड़ा करने का आरोप है। सभी पर आरोप है कि उन्होंने लाभ लेने के लिए अपनी संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। हालांकि, ट्रम्प और उनके बेटों ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। वहीं, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले को अपने साथ धोखाधड़ी करार दिया है।

**विज्ञान** लंबे समय से वैज्ञानिक पृथ्वी के नजदीकी ग्रह में तलाश रहे थे जीवन की संभावना

## शनि के उपग्रह टाइटन में खत्म हुई जीवन की संभावना

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन बसाने को लेकर शनि के उपग्रह टाइटन में लगी उम्मीद में पानी फिर गया है। अकूत जल खुद में समेटे टाइटन पर लंबे समय से जीवन की तलाश की जा रही थी। अत्यधिक ठंडा व जल के विशाल महासगरों से भरा होने के कारण टाइटन को बियाबान निर्जीव बना दिया है।

टाइटन शनि का महासागरीय चंद्रमा है। जिसके भीतर पृथ्वी से भी अधिक जल भरा हुआ है। जिसे लेकर इस उपग्रह पर जीवन की संभावना थी। इस पर अध्ययन इसलिए भी तेज हुए, क्योंकि यह पृथ्वी का नजदीकी ग्रह है। जिस पर पहुचना आसान था। वर्तमान में वैज्ञानिक हमारे सौर परिवार से बाहर दूर दराज के तारों के चक्कर काट रहे ग्रहों में जीवन की तलाश कर रहे हैं। मगर टाइटन में नजदीक होने के कारण यह हमारी आकांक्षा की पूर्ति कर सकता था। इसलिए नासा कई दशकों से इसकी जांच पड़ताल में जुटा हुआ था। जिसे लेकर अंतरीक्ष यान कैसिनी को विशेषतौर पर इस उपग्रह पर भेजा गया था। टाइटन ने इस उपग्रह पर हैरान करने वाली अनेक जानकारियां जुटाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार टाइटन के महासागर का आयतन पृथ्वी के सभी महासागरों से 12 गुना अधिक है। मगर इतना अधिक जल जीवन के लिए बंजर हो सकता है। नए अनुसंधान के अनुसार टाइटन के भूमिगत महासागर और बाहरी सौर मंडल में अन्य बर्फीले चंद्रमाओं के अंदर के समान महासागरों में जीवन के लिए आवश्यक कार्बनिक रसायन की कमी हो सकती है। टाइटन शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा है , जो सौर मंडल में दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह पेट्रोकेमिकल के धुएं में घिरा होने और इसकी सतह पर कार्बनिक अणुओं के साथ कार्बन है । मगर यह अत्यधिक ठंडा है। इसकी सतह का तापमान -179 डिग्री सेल्सियस है। इतनी ठंडी स्थितियों में, जीवन के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएँ बहुत धीमी गति से आगे बढ़ती हैं।



शनि ग्रह के साथ उपग्रह टाइटन।

### कैथरीन नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम ने किया शोध


कनाडा के ओंटारियो स्थित वेस्टर्न यूनिवर्सिटी की कैथरीन नीश कहती हैं कि जहां तरल पानी है, वहां जीवन हो सकता है। जिस कारण इस उपग्रह पर लंबे समय से अध्ययन किये जा रहे हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे। नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा शोध किया गया था।

## विपक्षी नेता नवलनी की मौत के जिम्मेदार पुतिन: बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक कहे जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई। नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ वह पुतिन की क्रूरता का सबूत है और अब किसी को मूर्ख ना बनाया जाए। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगर उनकी मौत की खबरें सच हैं और मेरे पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि वे सच नहीं हैं, क्योंकि हम पुतिन की क्रूरता को जानते हैं और यूक्रेन इसका उदाहरण है।



### कौन थे एलेक्सी नवलनी

नवलनी को पुतिन का घोर विरोधी माना जाता है और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किए थे। 1976 में जन्मे नवलनी ने कानून की पढ़ाई की और एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान स्थापित की, लेकिन साल 2008 में उन्होंने एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। इसी एक ब्लॉग की बदौलत उनकी लोकप्रियता में दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से इजाफा हुआ। साथ ही सरकार में शामिल कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को इस्तीफा भी देना पड़ा था।